www.navpradesh.com
दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, मंगलवार, 21 अप्रैल 2026 शुक्ल पक्ष-चतुर्थी, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-12 अंक- 09 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

कभी बंदूकों की आवाज सुनाई देती थी, अब वहां खेल मैदान में हलचल और बच्चों की हंसी गूंजेगी

■ सचिन तेंदुलकर अपने परिवार और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ छिंदनार गांव पहुंचेंगे

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित रहे दंतेवाड़ा जिले के लिए 22 अप्रैल का दिन खास होने जा रहा है। क्रिकेट की दुनिया में भगवान कहे जाने वाले महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर दंतेवाड़ा के दौरे पर आ रहे हैं। यह दौरा इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि जहां कभी डर और हिंसा का माहौल था, वहां अब खेल और उम्मीद की नई रोशनी नजर आ रही है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

खेल मैदान का उद्घाटन करेंगे सचिन

अपने दौरे के दौरान सचिन तेंदुलकर सबसे पहले इसी भव्य खेल मैदान का उद्घाटन करेंगे। वे बच्चों से मिलेंगे, उनके साथ समय बिताएंगे और पूरे परिसर का निरीक्षण भी करेंगे। माना जा रहा है कि बच्चों के लिए यह पल जीवन भर की प्रेरणा बन सकता है, जब वे अपने ही गांव में क्रिकेट के महान खिलाड़ी को करीब से देख पाएंगे।

छिंदनार गांव में उत्सव जैसा माहौल

इंद्रावती नदी के किनारे बसा छिंदनार गांव इन दिनों पूरी तरह बदला हुआ नजर आ रहा है। गांव में उत्साह है, बच्चों के चेहरों पर खुशी है और हर जगह तैयारियों का माहौल है। कभी नक्सलवाद की छाया में रहे इस इलाके में अब विकास और खेल को लेकर नई पहचान बन रही है। स्थानीय लोग इस दौरे को अपने लिए बड़े सम्मान और बदलाव के संकेत के तौर पर देख रहे हैं।

गीदम और जावंगा में भी कार्यक्रम

छिंदनार के बाद सचिन तेंदुलकर गीदम के पास स्थित पनेड़ा ग्राउंड का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद वे जावंगा एजुकेशन सिटी पहुंचेंगे, जहां ऑडिटोरियम में छात्रों से सीधा संवाद करेंगे। यह कार्यक्रम छात्रों के लिए एक बड़ा प्रेरणास्रोत साबित होने वाला है, जहां वे संघर्ष, अनुशासन और सफलता के अनुभव सीधे सचिन से सुन सकेंगे।

मल्टी-स्पोर्ट्स ग्राउंड बना आकर्षण का केंद्र

छिंदनार गांव में एक आधुनिक मल्टी-स्पोर्ट्स ग्राउंड तैयार किया गया है। इस मैदान को सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन और मानदेशी चैम्पियन संस्था के सहयोग से विकसित किया गया है। खास बात यह है कि यहां एक ही परिसर में 16 तरह की खेल सुविधाएं मौजूद हैं। इसमें खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, क्रिकेट के साथ-साथ एक्सरसाइज जोन भी शामिल है। यह मैदान आदिवासी बच्चों और युवाओं के भविष्य को नई दिशा देगा।

आज बेबाक

जहां सड़ी सड़ी बात पर राजनीति होती हो वहां महिला आरक्षण जैसी बड़ी बात पर राजनीति न हो ऐसा भला कैसे हो सकता है। सरकार ने एक पर एक फ्री की तर्ज पर महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयकों पर लोकसभा में विशेष चर्चा कराई लेकिन बेल मुंडेर पर नहीं चढ़ पाई। अब महिला आरक्षण को लेकर पक्ष और विपक्ष में जंग का आगाज हो गया है। इस पर राजनीति खूब होगी। दोनों ही खुद को महिला हितैषी और सामने वाले को महिला विरोधी साबित करने एड़ी चोटी का जोर लगाएंगे। जंग का अंजाम देखना दिलचस्प होगा।

तापमान

अधिकतम	न्यूनतम
42°	28°

बाजार भाव

गोल्ड	सिल्वर
152,100	2,74,900

शेयर बाजार

सेंसेक्स	निफ्टी
78,520.30	24,364.85

विश्व जनसंख्या	भारत जनसंख्या
8,288,315,443	1474335208

रायपुर में निकाली जनआक्रोश यात्रा, सीएम विष्णुदेव साय हुए शामिल, महिला मोर्चा ने किया पुतला दहन, कांग्रेस और विपक्षियों पर प्रहार

मातृशक्ति की जन आक्रोश रैली, कांग्रेस को कोसा

रायपुर/नवप्रदेश। नारी शक्ति वन्दन अधिनियम का विरोध करने वाली कांग्रेस समेत समूचे विपक्ष के खिलाफ प्रदेश की मातृशक्ति ने सोमवार को राजधानी रायपुर में हल्ला बोल कांग्रेस का पुतला दहन किया। भाजपा महिला मोर्चा के नेतृत्व में आज राजधानी रायपुर के इनडोर स्टेडियम से जन आक्रोश पदयात्रा निकाली गई। जन आक्रोश पदयात्रा में हजारों की संख्या में विभिन्न संगठनों से जुड़ीं प्रदेश की हर वर्ग और क्षेत्र से मातृशक्ति जन आक्रोश रैली में शामिल हुई।

भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री (डॉ.) सरोज पाण्डेय ने कहा कि नारी शक्ति वन्दन अधिनियम का विरोध कर कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने न केवल इसे पारित होने से रोका बल्कि देश की आधी आबादी महिलाओं के अधिकारों का विरोध कर उनका हक छीना। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व विपक्षी दल के महिला विरोधी रवैये से देश की मातृशक्ति रुष्ट है। भाजपा सरकार ने सदैव हर स्तर पर नारी के संवैधानिक अधिकारों व सम्मान की रक्षा की है। महिलाओं को उनका हक और अधिकार दिलान के लिए भाजपा संकल्पित है। भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेण्डी ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा महिला आरक्षण से जुड़े नारी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कांग्रेस महिला विरोधी पार्टी: मुख्यमंत्री साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नारी जन आक्रोश यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि नारी शक्ति वन्दन अधिनियम का विरोध करके कांग्रेस और विपक्षी दलों ने साबित कर दिया कि वे महिला विरोधी हैं। कांग्रेस एवं उनके सहयोगी दल के नेताओं को यह पसंद नहीं है कि गांधी परिवार के अलावा कोई भी महिला लोकसभा एवं विधानसभा में नेतृत्व करें। देश की महिलाओं को लोकसभा व विधानसभाओं में उनका 33 प्रतिशत नेतृत्व सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में नारी शक्ति वन्दन अधिनियम लाया गया था। देशभर की मातृशक्ति में इस अधिनियम को लेकर काफी उत्साह था। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि हमारी माता-बहनों की खुशी कांग्रेस व विपक्षी दल के महिला विरोधी राजनीतिक चरित्र के चलते साकार नहीं हो पाई। इण्डी गठबंधन ने इसमें अवरोध उत्पन्न करके नारी शक्ति के साथ घोर अन्याय करने का पाप किया है।

कांग्रेस मातृशक्ति को केवल वोट बैंक समझती रही है : किरण देव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की महिलाओं को उनका अधिकार देने के लिए सदन में नारी शक्ति वन्दन अधिनियम पेश किया ताकि देश की महिलाएँ 33 प्रतिशत आरक्षण के साथ लोकसभा एवं विधानसभाओं में नेतृत्व करे और विकसित भारत 2047 की संकल्पना को पूरा करने में सहभागी बने लेकिन कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों को यह नागवार गुजरा और अपने महिला विरोधी चरित्र को एक बार फिर से उजागर करते हुए इस अधिनियम का विरोध कर कांग्रेस ने इस अधिनियम को पारित नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज भी मातृशक्ति को केवल वोट बैंक समझती है।

मोदी सरकार ने अपनी विफलता से ध्यान हटाने के लिए महिला आरक्षण का मुद्दा उठाया: भूपेश

■ पूर्व मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल की पत्रकार वार्ता, कहा- महिला आरक्षण बिल तो 2023 में पास हो चुका है

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि जनहित के मुद्दों तथा सरकार की विफलता से ध्यान हटाने भाजपा ने महिला आरक्षण के नाम पर राजनीति कर रही है। सिलेंडर की कमी, पेट्रोल, डीजल, खाद-बीज की कमी, खाद्य पदार्थों के दाम, बढ़ती महंगाई, एपस्टीन फाईल जैसे मुद्दों के कारण मोदी सरकार की साख गिर चुकी है। इसीलिए ये जनता का मूल समस्याओं से ध्यान हटाना चाह रहे।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023) 128 वां संविधान संशोधन सितंबर 2023 में संसद के दोनों सदनों में पारित हो चुका है तथा राष्ट्रपति ■ शेष पृष्ठ 8 पर

भाजपा राजनीतिक फायदे से परिसीमन चाह रही

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि महिला आरक्षण बिल को यदि तुरंत लागू करना है तो परिसीमन का इंतजार किए बिना वर्तमान सदस्य संख्या में ही 33 प्रतिशत का आरक्षण क्यों नहीं देना चाहती सरकार? कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल इसके लिए तैयार है। भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा जो परिसीमन चाहती है उसमें छत्तीसगढ़ सहित छोटे राज्य जिनकी वर्तमान सदस्य संख्या कम है उनको नुकसान उठाना पड़ेगा। भाजपा अपनी राजनीतिक फायदे के हिसाब से परिसीमन चाह रही है।

महिला आरक्षण कांग्रेस की नीतियों से संभव हो पाया

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि पंचायतों एवं स्थानीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण मिल रहा तो यह भी कांग्रेस की नीतियों से संभव हो पाया। सबसे पहले राजीव गांधी ने 1989 के मई महीने में पंचायतों और नगरपालिकाओं में महिलाओं के एक तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक पेश किया। वह विधेयक लोकसभा में पारित हो गया था, लेकिन सितंबर 1989 में राज्यसभा में पास नहीं हो सका। अप्रैल 1993 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने पंचायतों और नगरपालिकाओं में महिलाओं के एक तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक को फिर से पेश किया। दोनों विधेयक पारित हुए और कानून बन गए। महिलाओं के लिए संसद और राज्यों की विधानसभाओं में एक तिहाई आरक्षण के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह संविधान संशोधन विधेयक लाए। विधेयक 9 मार्च 2010 को राज्यसभा में पारित हुआ। कांग्रेस की सरकारों के प्रयास से ही आज देशभर में पंचायतों और नगरपालिकाओं में 15 लाख से अधिक निर्वाचित महिला प्रतिनिधि हैं।

सुभाषचंद्र बोस को 'राष्ट्रपुत्र' घोषित करने की मांग खारिज

नई दिल्ली/एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को 'राष्ट्रपुत्र' घोषित करने और आजाद हिंद फौज को भारत की आजादी का श्रेय देने की मांग वाली PIL खारिज कर दी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को 'न सुधरने वाला' बताया और सख्त टिप्पणी की। सोमवार को चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने याचिकाकर्ता पिनाकपानी मोहंती को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि वह पहले भी इसी तरह की याचिका दाखिल कर चुके हैं और अब अदालत का समय बर्बाद कर रहे हैं। कोर्ट ने चेतावनी दी कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो याचिकाकर्ता के सुप्रीम कोर्ट में आने पर भी रोक लगाई जा सकती है। साथ ही रजिस्ट्री को निर्देश दिया गया कि भविष्य में उनकी कोई PIL मंजूर न की जाए। मोहंती ने इससे पहले 2024 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मौत की जांच की मांग करते हुए एक जनहित याचिका दायर की थी।

अमित जोगी को सुप्रीम-कोर्ट से राहत नहीं

■ सीबीआई की अपील अनुमति व उम्रकैद फैसले पर 23 अप्रैल को सुनवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित रामावतार जग्गी हत्याकांड में पूर्व सीएम अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने अब दोनों मामलों की संयुक्त सुनवाई 23 अप्रैल को तय किया है।

अमित जोगी की ओर से दो आदेशों को चुनौती दी गई थी। पहला, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

न्यायपालिका पर मुझे पूरा विश्वास: अमित जोगी

अमित जोगी ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि सर्वोच्च न्यायालय ने आज दोनों मामलों को एक साथ टैग कर दिया है। 25.03.2026 के लीव टू अपील आदेश के खिलाफ मेरी एसएलपी और 02.04.2026 के उच्च न्यायालय के निर्णय के खिलाफ वैधानिक अपील। इन दोनों मामलों की संयुक्त सुनवाई 23 अप्रैल को निर्धारित की गई है। मेरी ओर से आज वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, मुकुल रोहतगी, विवेक तन्खा, सिद्धार्थ दवे और शशांक गर्ग उपस्थित हुए। मेरी कानूनी टीम का हृदय से आभार। न्यायपालिका पर मुझे पूर्ण विश्वास है।

मणिपुर में प्रदर्शनकारियों-सुरक्षा बलों में झड़प, आंसू गैस छोड़ी

इंफाल/एजेंसी। मणिपुर में शटडाउन के बीच रविवार रात कई इलाकों में प्रदर्शन हुए। इंफाल ईस्ट के कोईरेंगेई, इंफाल वेस्ट के उरिपोक और कक्चिंग जिले में मशाल रैलियां निकाली गईं। कक्चिंग में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प हुई। भीड़ को हटाने के लिए सुरक्षा बलों ने आंसू गैस, स्मोक बम और स्टन ग्रेनेड का इस्तेमाल किया। प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया। झड़प में कई लोग घायल हुए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पाकिस्तान आर्मी चीफ से ट्रम्प ने की बात

■ मुनीर बोले- होर्मुज पर नाकाबंदी रही तो बातचीत मुश्किल, ट्रम्प बोले- सोचूंगा

वॉशिंगटन डीसी/तेहरान। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर से फोन पर बात की। एक पाकिस्तानी सुरक्षा सूत्र के मुताबिक, ट्रम्प ने कहा कि वे होर्मुज पर लगे ब्लॉकेड को लेकर उठाई गई चिंताओं पर विचार करेंगे। सूत्र के अनुसार, दोनों के बीच इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हुई। आसिम ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अमेरिका-ईरान की बातचीत पर सस्पेंस

होर्मुज में बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान में दोनों देशों के बीच दूसरी दौर की बातचीत होगी या नहीं, इसे लेकर सस्पेंस बना हुआ है। ईरान ने कहा कि अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी सीजफायर के समझौते का उल्लंघन है और अमेरिका की धमकी भरी भाषा से हालात और खराब हो रहे हैं। इन परिस्थितियों में बातचीत की उम्मीद बहुत कम है। वहीं अल जजीरा की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि बातचीत एक नहीं बल्कि कई दिनों तक चल सकती है। कोशिश यह है कि एक अस्थायी समझौता यानी रूश साइन हो जाए, जिससे सीजफायर आगे बढ़ सके और करीब 60 दिन का समय मिल जाए, ताकि बड़ा शांति समझौता तैयार किया जा सके। लेकिन यह सब तभी संभव है जब ईरान इसमें हिस्सा ले।

करेंसी टावर की घटना : लिफ्ट में हवा और रोशनी की कमी से घबराई अधिकारी की हालत बिगड़ी

लिफ्ट में फंसीं एसीएस ऋचा शर्मा, 20 मिनट तक रही बंद

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की असिस्टेंट चीफसेक्रेटरी ऋचा शर्मा सोमवार सुबह वीआईपी रोड स्थित करेंसी टावर की लिफ्ट में करीब 20 मिनट तक फंसी रहीं। लिफ्ट में हवा और रोशनी की कमी से घबराई अधिकारी की हालत बिगड़ गई।

एयरपोर्ट जाने वाले श्रीराम मंदिर चौक (वीआईपी रोड चौक) स्थित करेंसी टावर में सुबह लगभग 6:30 बजे यह घटना हुई। जानकारी के अनुसार, एसीएस ऋचा शर्मा लिफ्ट से ऊपर जा रही थीं, तभी अचानक लिफ्ट बीच में बंद ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नियमों की अनदेखी

नियमों के मुताबिक, ऐसे बड़े काम्प्लेक्स में पावर बैकअप, इमरजेंसी लाइट, अलार्म सिस्टम और संपर्क नंबर अनिवार्य होते हैं। लेकिन करेंसी टावर में इन सुविधाओं का अभाव साफ तौर पर सामने आया है। काम्प्लेक्स में दुकान संचालकों और जिम जाने वाले लोगों ने भी कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ।

ऊर्जा सचिव को भी किया फोन

घटना के दौरान एसीएस ऋचा शर्मा ने राज्य के ऊर्जा सचिव डा. रोहित यादव को भी फोन कर करेंसी टावर में बिजली और पावर बैकअप की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सोलर पावर और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी सवाल उठाए। काफी मशक्कत के बाद जब लिफ्ट का दरवाजा खोला गया, तब वे बाहर निकलीं। बाहर आने के बाद भी उनकी हालत सामान्य होने में समय लगा।

पहले भी हो चुकी हैं घटनाएं

स्थानीय लोगों का कहना है कि करेंसी टावर में लिफ्ट फंसने की यह पहली घटना नहीं है। टावर की 7वीं मंजिल पर संचालित साईकस जिम में रोजाना बड़ी संख्या में लोग आते हैं, जिनमें कई प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल हैं। इसके बावजूद लिफ्ट की खराब स्थिति को लेकर प्रबंधन ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। बताया जा रहा है कि लिफ्ट का पंखा भी लंबे समय से खराब है, जिससे अंदर फंसे लोगों को सांस लेने में दिक्कत होती है।

थाने में एएसआई ने भाजपा नेता को जड़ा थप्पड़, सस्पेंड

■ पिटाई से कान सुन्न पड़ गया, एएसआई बोला- तेरी सारी नेतागिरी निकाल दूंगा

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में अपने केस की जानकारी लेने पहुंचे बीजेपी कार्यकर्ता को एएसआई ने कनपटी पर 20 थप्पड़ जड़ दिए। जिससे उसका कान सुन्न पड़ गया। एएसआई दिनेश तिवारी ने पीड़ित से कहा कि बड़ा नेता है, तेरी सब नेतागिरी निकाल दूंगा, तुझे जेल भिजवा दूंगा। अब इस मारपीट का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। थाने से ही किसी पुलिस वाले ने वीडियो को जारी किया है। इस मामले में एसएसपी रजनेश सिंह ने एएसआई दिनेश तिवारी को पहले ही सस्पेंड कर चुके हैं। साथ ही फरियादी की शिकायत पर उसी थाने में एएसआई के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई है। पीड़ित ने खुद को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का रिश्तेदार ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम

लालपुर वार्ड में बदहाल सफाई व्यवस्था और पानी को लेकर बढ़ी परेशानी, कांग्रेस ने खोला मोर्चा

खैरागढ़/नवप्रदेश । भीषण गर्मी के बीच लालपुर वार्ड में पानी और सफाई की बदहाल व्यवस्था को लेकर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा । शहर कांग्रेस के पदाधिकारियों ने वार्ड का दौरा कर जमीनी हकीकत जानी और वार्डवासियों की समस्याएं सुनीं. शहर अध्यक्ष अरुण भारद्वाज, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन और नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन के नेतृत्व में पहुंची टीम के सामने बड़ी संख्या में उपस्थित वार्ड के लोगों ने खुलकर नाराजगी जताते बताया कि वार्ड में पेयजल संकट गहराया है घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा जिससे भीषण गर्मी में हालात और मुश्किल हो गए हैं । महीनों से नालियों की सफाई नहीं होने के कारण गंदगी और बदबू से लोग परेशान हैं। जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं। सार्वजनिक शौचालय में बिजली नहीं होने से रात में उपयोग करना जोखिम भरा है । जहां सांप-बिच्छू का डर बना रहता है। शौचालय के पास लगे बिजली खंभे में भी बल्ब नहीं होने की शिकायत सामने आई। वार्डवासियों ने वार्ड पार्षद पर निष्क्रियता का आरोप लगाते कहा कि उनकी समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभ नहीं मिल पा रहा और आवेदन महीनों से लंबित हैं। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अरुण भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस लगातार वार्डों का दौरा कर समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत है। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने नगरपालिका प्रशासन , जनप्रतिनिधियों पर निशाना साधते कहा कि वे कुंभकरणी नींद में सोए हुए हैं जिन्हें जगाने का प्रयास जारी है ।. कांग्रेस ने चेतावनी दी कि जब तक पानी सफाई और शौचालय में बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं बहाल नहीं होतीं जनहित आंदोलन जारी रहेगा । इस दौरान रविंद्र सिंह गहरवार, शेखर दास वैष्णव, सूर्यकांत यादव, महेश यादव, कन्हैया रजक, यतेंद्र जीत सिंह, विनोद यादव, नोहर मरकांडे, मंचू निषाद, देवशरण जोशी, भूपेंद्र जोशी, अशोक मेंद्र, किशोर बारले, कृपाराम सहित अन्य कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

बिजली बिल भुगतान समाधान योजना का मिला लाभ

■ **17 हजार उपभोक्ताओं को मिली 12.20 करोड़ की बड़ी छूट**

कवर्धा / नवप्रदेश। प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी ÷मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026÷ कबीरधाम जिले के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों और किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के जिले में बिजली बिलों के बोझ से दबे नागरिकों को राहत देने के लिए वृहद स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से राजनांदगांव क्षेत्र के चार जिला राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी लगभग 17 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को लाभान्वित किया जा चुका है। इसमें सक्रिय और निष्क्रिय दोनों प्रकार के बीपीएल, घरेलू और कृषक श्रेणी के उपभोक्ता शामिल हैं। विभाग द्वारा अब तक मूल बकाया राशि और अधिभार (सरचार्ज) में कुल 12 करोड़ 20 लाख 26 हजार रुपए की भारी छूट प्रदान की गई है। समाधान योजना का मुख्य उद्देश्य बीपीएल, निम्नदाब घरेलू उपभोक्ताओं और कृशि श्रेणी के उपभोक्ताओं को आर्थिक संबल प्रदान करना है।

गौरतलब है कि योजना के तहत अब तक 12539 निष्क्रिय उपभोक्ता सफलतापूर्वक लाभान्वित हो चुके हैं। साथ ही योजना के दायरे में आने वाले कुल 13722 पात्र सक्रिय उपभोक्ताओं में भी भारी उत्साह देखा जा रहा है। राजनांदगांव रीजन के अंतर्गत चारों जिलों के 07 विद्युत संभागों में सर्वाधिक पंडरिया संभाग से 8533, कवर्धा संभाग से 4983 मोहला संभाग से 1363, राजनांदगांव संभाग से 980, खैरागढ़ संभाग से 812, डोंगरगढ़ संभाग से 757 एवं डोंगरगांव संभाग से 154 सक्रिय एवं निष्क्रिय उपभोक्ता लाभान्वित हो चुकें हैं। इन सक्रिय एवं निष्क्रिय उपभोक्ताओं को मूल बकाया राशि एवं अधिभार (सरचार्ज) में 12 करोड़ 20 लाख 26 हजार रुपए का छूट प्रदान किया जा चुका है।

न्यूज गैलरी

गातापार जंगल में समिति का शुभारंभ

खैरागढ़/नवप्रदेश ।वनांचल क्षेत्र मे बसे गातापार जंगल सेवा सहकारी समिति का गठन कर इसका संचालन शुरू कर दिया गया । गातापार धान उपार्जन केन्द्र पहले सेवा सहकारी समिति मुढीपार से संबंद्ध था । जिससे इलाके के किसानो को 20 किमी से अधिक दूरी का सामना कर मुढ़ीपार पहुँचना पड़ता था । कार्यक्रम में गातापार जंगल सरपंच मालती वर्मा, ओंकार सिंह आतराम, कृष्णा मांडले, प्रमोद जंघेल, बृजलाल पड़ौती, मानिक यदु, तरेन्द्र साहू, सूर्या झा तोरण पड़ोती सहित समिति कर्मचारी मौजूद रहे। अब गातापार जंगल मे नई सेवा सहकारी समिति के गठन और शुभारंभ से वनांचल क्षेत्र के 16 गांव के 705 किसानो को इसका सीधा लाभ मिलेगा । गातापार जंगल सेवा सहकारी समिति बनाने इलाके के किसान नेताओ ने लंबी लड़ाई लड़ी थी । अलग समिति की मांग और अव्यवस्था को लेकर जारी दिक्कतों के बीच पिछ्ले तीन साल से यहां उपार्जन समिति बनाकर धान की खरीदी हो रही थी । लेकिन खाद बीज , ऋण सहित अन्य कामों को लेकर इलाके के किसानो को मुढ़ीपार बैंक का चक्कर लगाना पड़ रहा था । गातापार समिति का संचालन शुरू होने से अब गातापार जंगल सहित करेलागढ़, बरगांव नवांगांव, टेमरी, सहसपूर, गाड़ाघाट, लक्षणा, दल्लीखोली, बोरला, कटेमा, महुआढार सांकरी, लिमऊटोला और मलैदा के पंजीकृत किसान समिति मे धान बेचने के अलावा समिति संबंधी कार्यो का निपटारा गातापार जंगल मे ही करेगें । किसानों को खाद बीज नगद रक म सहित अन्य समिति कार्यो के लिए मुढ़ीपार जाने की जरूरत नहीं होगी।

तीन तहसीलों में जनगणना की तैयारी तेज

खैरागढ़/नवप्रदेश । जिले के खैरागढ़, छुईखदान और गंडई तहसीलों में आगामी जनगणना की तैयारियों को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हो गया। । तहसील खैरागढ़ के केंद्रीय विद्यालय, छुईखदान के पीएम उच्चतर माध्यमिक शाला तथा गंडई स्थित पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में आयोजित प्रशिक्षण का उद्देश्य जनगणना कार्य को सुचारु, पारदर्शी और त्रुटिरहित ढंग से कराना है। जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर ने बताया कि प्रशिक्षण तीन दिनों तक चलेगा। इसमें प्रतिभागियों को घर-घर सर्वेक्षण की प्रक्रिया, परिवारों की सटीक जानकारी संकलित करने, निर्धारित प्रपत्रों को सावधानीपूर्वक भरने तथा डिजिटल माध्यमों से डेटा संग्रहण के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज का जागरूक और जिम्मेदार वर्ग हैं, जिनकी भागीदारी से जनगणना कार्य अधिक प्रभावी और विश्वसनीय बनता है। प्रशिक्षित शिक्षक अपने अनुभव और समझ के आधार पर इस राष्ट्रीय दायित्व को बेहतर ढंग से निभा सकेंगे। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को फील्ड में आने वाली संभावित चुनौतियों सही जानकारी प्राप्त करना, तकनीकी समस्याओं का समाधान और समय प्रबंध के बारे में भी मार्गदर्शन दिया जा रहा है। त्रुटिरहित एवं प्रामाणिक आंकड़े संकलन पर विशेष जोर दिया गया।

मुढ़ीपार में ग्राम सभा का आयोजन

खैरागढ़/नवप्रदेश । ग्राम पंचायत मुढीपार में ग्राम सभा बैठक सरपंच कुमेश साहू के आतिथय मे हुआ। ग्राम सभा में पंचायत सचिव भागवत साहू ने आय व्यय की जानकारी प्रस्तुत की। ग्राम सभा में ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, 15वें वित्त आयोग के कार्य, स्वच्छता अभियान, पेयजल व्यवस्था, सडक़ मरम्मत ,अटल समरसता भवन मरम्मत तथा विद्युत समस्या पर विस्तार से चर्चा की गई। ग्राम सभा में वर्ष 26-27 के लिए जी.पी.डी.पी. (हमर गांव हमर योजना) के अंतर्गत प्राथमिकता वाले कार्यों का चयन करते पंचायत स्तर पर विभिन्न नाली निर्माण, सीसी रोड, सामुदायिक भवन मरम्मत, स्कूल परिसर सुधार, आंगनबाड़ी भवन व्यवस्था , सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था तेलीन तालाब उद्यान , नवीन महाविद्यालय हेतु स्थल चयन, आवारा पशुओं का प्रबंधन आदि प्रस्तावो को प्राथमिकता दी गई। बैठक में पात्र हितग्राहियों के नामों का अनुमोदन किया गया। बैठक में ग्राम स्वच्छता, जल संरक्षण, वृक्षारोपण एवं प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने का संकल्प लिया गया। ग्रामीणों ने पंचायत के विकास कार्यों में सहयोग करने की सहमति व्यक्त की। उपस्थित ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई ।

आत्मसमर्पित नक्सलियों की कहानी, उन्हीं की जुबानी

सरकारी सिस्टम से लड़कर हारे तो उठा लिया हथियार सरकार पर बढ़ा भरोसा तो वापस लौटे

■ **परिवार के साथ रहकर काम करने की मंशा, कोई सिलाई तो कोई चालक बनने इच्छुक**

■ **मछलीपालन, मुर्गीपालन, खेती किसानी के काम में दिखाई रूचि**

खैरागढ़/नवप्रदेश। सरकारी सिस्टम की प्रताडऩा और शोषण से कभी हथियार उठाने को मजबूर हुए आत्मसमर्पित नक्सली अब आम लोगो की तरह जीवन जीना चाहते है । खैरागढ़ जिले मे सरेंडर करने वाले 15 नक्सलियो ने चर्चा के दौरान अपनी आपबीती बताते कहा कि कभी पुलिस और वनविभाग की प्रताडऩा, दबाव और विरोध की गतिविधि ने उन्हे हथियार उठाने मजबूर किया । एमएमसी जोन के सीसी मेंबर रहे भज्जीदेव उर्फ रामधेय ने बताया कि 19 साल की उम्र मे वे नक्सलजोन मे शामिल हुए । बड़े भाई के नक्सली होने के चलते घर मे पुलिस कीलगातार दबिश, वनविभाग द्वारा उनके गांव को आरक्षित वन क्षेत्र होने के बाद भी विस्थापित कर दिया । पूरा परिवार परेशान हुआ बीजापूर छोडक़र गढ़चिरौली मे शरण लेनी पड़ी । सिस्टम से हारकर उन्होने नक्सल नीति अपनाई । 35 वर्षो तक सक्रिय नक्सली संगठन एमएमसी जोन के सीसी मेंबर रहने के बाद उन्होने आत्मसमर्पण का रास्ता चुना । पूरानी दिल की मंशा अनुसार अब गांव जाकर परिवार के साथ रहकर गांव और जनता की सेवा करना चाहते है । जिले मे एक दंपत्ति समेत 15 आत्मसमर्पित नक्सलियों मे लगभग सभी अपने परिवार के पास लौटने का मन रखते है । कोई कृषि तो कोई सिलाई करना चाहता है । स्थानीय जिला पुलिस फिलहाल उन्होने स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण देने की तैयारी मे जुटी है । नक्सल संगठनो मे 5 से 25 साल से जुड़े इन आत्मसमर्पित नक्सलियो को अब सिर्फ परिवार की चिंता है। एक महिला नक्सली की शादी की तैयारी चल रही है । तो एक दंपति अपने परिवार के साथ अब कृषि करना चाहते है । 5 साल से संगठन मे सक्रिय रहे एक टैक्ट्रर चालक बनने की चाहत रखते है । आत्मसमर्पित नक्सलियो मे अधिकतर 5 से दसवीं तक की पढ़ाई करने वाले ही शामिल है ।

विनोद चौबे घटना में शामिल थे

बीजापुर निवासी आत्मसमर्पित भज्जीदेव ने बताया कि कमांडर रहते उनके पास 45 नक्सलियो की टुकड़ी थी । 2009 मे मदनबाड़ा मे पुलिस मुठभेड़ मे उन्होने कमांड किया। जिसमे एसपी विनोद चौबे सहित 29 जवान शहीद हुए थे । इसके अलावा गढ़चिरौली, बस्तर सहित राजनांदगांव जिले मे कई घटनाओ को अंजाम दिया । भज्जीदेव ने बताया कि अपने कई साथियों को उन्होने मुठभेड़ मे मरते देखा। कांकेर के आपाटोला मे मुठभेड़ मे एक साथ 29 नक्सलियो की मौत भी उनके सामने हुई । विपरीत परिस्थिति मे संगठन चलाया । जंगलो मे 35 साल गुजारे हर मौसम झेला। कठिन डगर मे साथियो का हौसला बढ़ाते रहे । 22 साल से घर नही गए अब सुध नक्सलसंगठन मे 35 साल सक्रिय रहे भज्जी पिछ्ले 22 साल से अपने घर नही गए है । उन्होने कहा कि अब गांव जाकर परिवार के साथ छूटा कार्य पूरा करना चाहते है । जनसेवा का जज्बा पुलिस के परेशान करने से छूटा था फिर से करना चाहते है ।

कृषि विज्ञान केन्द्र में अक्ती तिहार एवं माटी पूजन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कवर्धा / नवप्रदेश । कृषि विज्ञान केन्द्र एवं संत कबीर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, कवर्धा के संयुक्त तत्वाधान में 20 अप्रैल 2026 को अक्ती तिहार एवं माटी पूजन दिवस का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा प्रक्षेत्र नेवारी में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, अधिष्ठाता, संत कबीर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र डॉ. राजीव श्रीवास्तव एवं विशिष्ट अतिथि उपसंचालक कृषि श्री अमित मोहंती की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा अक्ती त्यौहार के अवसर पर विधि विधान से माटी पूजन कर एवं हल चलाकर बीज बुआई भी किया गया।

साथ-साथ कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा में स्थापित समन्वित कृषि प्रणाली का भ्रमण किया गया।मुख्य अतिथि डॉ. रजीव श्रीवास्तव ने कहा कि इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य हमारी माटी के प्रति कृतज्ञता दर्शाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश के सभी जिलों में किया जा रहा है।

अटल डिजिटल सेवा केंद्र बना ग्राम पंचायत मुजगहन की नई पहचान

धमतरी/नवप्रदेश। जिले के विकासखण्ड धमतरी अंतर्गत ग्राम पंचायत मुजगहन आज ग्रामीण विकास और डिजिटल सशक्तिकरण की एक प्रेरणादायक मिसाल बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में राशि 05 लाख रुपए की लागत से निर्मित अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र ने गांव की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल दी है। यह केन्द्र न केवल ग्रामीणों को सरकारी एवं गैर-सरकारी सेवाएं गांव में ही उपलब्ध करा रहा है बल्कि समय, धन और श्रम की बचत कर ग्रामीण जीवन को सरल, सुगम और आधुनिक बना रहा है। पहले ग्राम पंचायत मुजगहन के ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए जिला मुख्यालय या तहसील कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे। बैंकिंग कार्य हो, प्रमाण पत्र बनवाना हो, बिजली बिल जमा करना हो या भूमि रिकॉर्ड निकलवाना हो हर काम के लिए ग्रामीणों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। इसमें समय के साथ-साथ आने-जाने का खर्च भी लगता था। कई बार मजदूरी करने वाले ग्रामीणों को एक दिन का काम छोड़कर जाना पड़ता था जिससे आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता था।

बख्शी स्कूल में स्थानीय परीक्षा परीणाम घोषित

खैरागढ़/नवप्रदेश । शहर के पीएम श्री डॉ. प.पु. ब. उत्कृष्ट अंग्रेजी हिन्दी माध्यम विद्यालय का स्थानीय परीक्षा परीणाम प्राचार्य अनुराग सिंह की उपस्थिति मे घोषित किया गया । कक्षा में प्रथम व द्वितीय आने वाले विद्यार्थीयों को पुरूस्कार देकर सफल विद्यार्थियो का मुँह मिठा करके आगामी कक्षाओं के लिये शुभकामनाएँ दी गई। अंग्रेजी माध्यम के कक्षा 1 ली में प्रथम अद्यान व द्वितीय श्रुति, कक्षा 2 में प्रथम निखिल देवांगन व द्वितीय स्थान नेंशी साहू, कक्षा 3 में आलोक देवांगन प्रथम व योशिता द्वितीय, कक्षा 4 में साकेत प्रथम व दृष्टि द्वितीय कक्षा 6 में गौरीशा प्रथम व खुशबू और शालिनी द्वितीय कक्षा 7 में आरव प्रथम व दिव्या द्वितीय, कक्षा 9 में आशीष प्रथम, गौरव द्वितीय कक्षा 11 में यामिनी प्रथम और मौली ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हिन्दी माध्यम में कक्षा 6 में मिथलेश प्रथम, एकांक द्वितीय कक्षा 7 में ओम प्रथम, आदित्य द्वितीय कक्षा 9 में रमन प्रथम, शैलेष द्वितीय कक्षा 11 कला में वासुदेव प्रथम ,कुमकुम द्वितीय, कक्षा 11 विज्ञान में भुपेन्द्र प्रथम धनेश व जलज द्वितीय, कक्षा 11 वाणिज्य में गीत प्रथम, अमृता द्वितीय, कृषि में चितांजली प्रथम, भोजराज वर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। परिणामों के दौरान किरण सिंह शैलिनी सिंह ,आशीष मिश्रा, सायरा कुरैशी, पुकेश्वर लाल, विष्णु दास जोशी, अनिल पुलत्स्य, डी.डी. टंडन, राम्हिन, सुजाता श्रीवास्तव, आरती साहनी, वैशाली श्रीवास्तव, अनिता मेश्राम, जबिना खान, वर्षा लिलहारे, दिलगीर कुरैशी शिक्षकगण पालक उपस्थित थे।

समझौता योग्य प्रकरणों पर चर्चा

बेमेतरा/नवप्रदेश। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आदेशानुसार, श्रीमती सरोज नंद दास, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा की अध्यक्षता में एवं देवेन्द्र कुमार, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, स्वर्णलता ओम यादव, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा उपस्थिति में आर्बिट्रेशन, क्लेम/बीमा कंपनी के अधिवक्तागण एवं बैंक/फाईनेंस कंपनी के अधिकारीगण के साथ आगामी नेशनल लोक अदालत के संबंध में बैठक आयोजित किया गया। उक्त बैठक में अध्यक्ष द्वारा आर्बिट्रेशन, क्लेम / बीमा कंपनी के लंबित प्रकरणों में पक्षकारों से प्री- सिटिंग कर आपसी सुलह एवं समझौते से अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किये जाने के संबंध में चर्चा किया गया। बैंक/फाईनेंस कंपनी के अधिकारीगण को अधिक से अधिक प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण के लिए समय सीमा पर प्रस्तुतिकरण पंजीयन पर चर्चा की गई।

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर पंचायतों में होंगे विशेष आयोजन

धमतरी/नवप्रदेश लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण को मजबूत करने तथा स्थानीय स्वशासन की भावना को सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारत में पंचायती राज व्यवस्था की संवैधानिक शुरुआत का प्रतीक है जब वर्ष 1993 में 73वें संविधान संशोधन के माध्यम से पंचायतों को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया था। इसी क्रम में इस वर्ष 24 अप्रैल 2026 को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विवि ध कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।जिला पंचायत धमतरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि - पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। इस ग्राम सभा में ग्राम के समस्त निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों, सम्मानित ग्रामीणों तथा आम नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा ताकि पंचायत स्तर पर सामूहिक सहभागिता को बढ़ावा मिल सके।उन्होंने यह भी बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत ÷ग्राम संवाद÷ का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें ग्रामवासियों को माननीय उप मुख्यमंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का लगभग 20 मिनट का रिकॉर्डेड ऑडियो संदेश सुनाया जाएगा। इस संदेश के माध्यम से ग्रामीण विकास, पंचायत सशक्तिकरण तथा आत्मनिर्भर ग्राम निर्माण के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की जाएगी। श्री ठाकुर ने बताया कि ग्राम संपदा ऐप में ग्राम पंचायत क्षेत्र की समस्त परिसंपत्तियों को अपलोड करने का संकल्प लिया जाएगा।

कबीर किसान समूह की मासिक बैठक एवं अक्षय तृतीया आयोजन संपन्न

वृक्षारोपण कर प्रकृति को संवारे लिया गया संकल्प

पंडरिया/ नवप्रदेश। ग्राम पंचायत डोमसरा के वृक्षारोपण स्थल पर कबीर किसान समूह द्वारा अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ एग्रिकान समिति के द्वारा आयोजित किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य किसानों को सतत कृषि पद्धतियों, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन तथा बदलती कृषि परिस्थितियों के प्रति जागरूक करना था, ताकि वे कम लागत में अधिक टिकाऊ खेती की दिशा में आगे बढ़ सकें।

अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर समलिया साहू ने कहां कि यह अवसर कृषि की नई शुरुआत का दिन है आज से किसान भाई अपने खेती बाड़ी की शुरुआत कर देते है। यह दिन नई शुरुआत, समृद्धि एवं शुभ कार्यों के लिए अत्यंत उपयुक्त माना जाता है।

किसानों को जैविक और स्थानीय संसाधनों पर आधारित विकल्प अपनाने के लिए किया प्रेरित

बैठक के दौरान संभावित रासायनिक खाद संकट को देखते हुए किसानों को जैविक एवं स्थानीय संसाधनों पर आधारित विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। किसानों को हरी खाद (सनई/सनहेम्प), ट्राइकोडर्मा, स्यूडोमोनासराइजोबियम, पीएसबी जैसे बायो-इनपुट्स के उपयोग के साथ-साथ नीमास्त्र, जीवामृत, घन जीवामृत एवं पंचपर्णी अर्क जैसे घरेलू जैविक घोलों की तैयारी एवं उपयोग की जानकारी दी गई। इन उपायों से खेती की लागत घटाने, मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया।जल संकट को ध्यान में रखते हुए किसानों को सोख पीट/रिचार्ज पिट निर्माण, वर्षा जल संचयन तथा ड्रिप सिंचाई प्रणाली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया,

सनातन संस्कृति की पहचान कायम

■ **ठाकुरदेव की पूजा कर ग्रामीणों ने नए किसानी वर्ष की शुरुआत की**

खैरागढ़/नवप्रदेश । अक्षय तृतीया पर्व पर ग्रामीण इलाको मे परंपरागत रूप से ठाकुरदेव की पूजा कर नए किसानी वर्ष की शुरूआत हुई । ग्रामीण क्षेत्रों मे ग्रामीणो ने एकजुट होकर पूजा कर सनातन परंपरा की पहचान को कायम रखा । गातापार जंगल इलाके के ग्राम लिमऊटोला मे अक्षय तृतीया पर्व पर ग्रामीणो ने ठाकुरदेव की पूजा के दौरान धान,महुआ, राहर इकटठाकर पूजा की शुरूआत की । इस दौरान ठाकुरदेव की प्रदक्षिणा करते फसलो के बीज और पानी छिडक़ते ग्रामीणों ने किसानी कार्य मे साथ देने वाले हल, औजार लेकर बैल, निंदाई खुदाई कार्य के प्रतीकात्मक स्वरूप की पूजा कर प्रसाद का वितरण किया। प्रसाद मे भूने महुआ, गेहूं, राहर , चना बांटे गए ।

गांव के देवताओ की पूजा- अक्षय तृतीया पर परंपरागत रूप से किसानी के नए वर्ष की शुरूआत की गई । ठाकुर देव की पूजा के बाद गांव के देवी देवताओ की पूजा के लिए पंडा रखे गए । पूजन वाले धान के बीज को घर लाकर खेत मे खाद के साथ छिडक़ाव कर किसानी के नए वर्ष की शुरूआत की गई । घरो मे देशी पकवान के साथ अक्षय तृतीया पर्व पर शाम को पूतरा पुतरी विवाह की परंपरा निभाई गई ।

आरटीआई का मखौल: निजी स्कूलों ने जानकारी देने से किया इनकार

- डीईओ के पत्र पर भी नहीं दिया जवाब
- मान्यता, आधारभूत सुविधाएं और 25त्न आरटीई प्रवेश की मांगी गई थी जानकारी, द्वितीय अपील की तैयारी

बीजापुर/नवप्रदेश। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत मांगी गई जानकारी को लेकर जिले में अजीब स्थिति सामने आई है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा निजी विद्यालयों से जानकारी मांगे जाने के बावजूद निजी स्कूल प्रबंधन एसोसिएशन ने जानकारी देने से इनकार कर दिया। इससे आरटीआई कानून की पारदर्शिता और जवाबदेही पर सवाल खड़े हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत जिले के समस्त अशासकीय विद्यालयों से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई थी। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी, बीजापुर ने 12 फरवरी 2026 को पत्र जारी कर सभी निजी विद्यालयों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे।

जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने पत्र में विद्यालय भवन की स्थिति, कुल कक्षाओं की संख्या, स्वीकृत एवं वास्तविक छात्र संख्या, खेल मैदान की उपलब्धता, शौचालय, पेयजल सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं की जानकारी मांगी थी। इसके अलावा शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर प्रवेश की वास्तविक स्थिति तथा शिकायतों पर की गई कार्रवाई का विवरण भी मांगा गया था।बताया जा रहा है कि इसके जवाब में निजी विद्यालय प्रबंधन एसोसिएशन ने 23 मार्च 2026 को पत्र भेजकर जानकारी देने से इनकार कर दिया। एसोसिएशन ने अपने पत्र में कहा कि आरटीआई अधिनियम निजी स्ववित्तपोषित विद्यालयों पर लागू नहीं होता, इसलिए कोई दस्तावेज उपलब्ध कराना संभव नहीं है।

इस घटनाक्रम ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त और उसके नियंत्रण में संचालित निजी विद्यालय यदि जानकारी देने से इनकार करते हैं, तो पारदर्शिता और जवाबदेही कैसे सुनिश्चित होगी। वहीं आरटीआई के तहत मांगी गई जानकारी पर इस तरह का रुख अपनाए जाने से अधिनियम की प्रभावशीलता पर भी प्रश्नचिह्न लग गया है।

मामले में अब द्वितीय अपील की तैयारी की जा रही है, जिसमें राज्य सूचना आयोग से हस्तक्षेप की मांग की जाएगी। जानकारों का कहना है कि सार्वजनिक प्राधिकरण के नियंत्रणाधीन निजी संस्थाओं से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना अनिवार्य है और सूचना से इनकार करना नियमों के विपरीत माना जा सकता है।

कंटेनर का लॉक तोड़कर लाखों की चोरी, अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। पिथौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-53 स्थित मुढ़ीपार चौक के पास खड़े एक कंटेनर का लॉक तोड़कर लाखों रुपए के सामान की चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, हरियाणा के सुखपुरी निवासी साहिल खान ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि 2 अप्रैल की रात करीब 11 से 12 बजे के बीच उनका कंटेनर (क्रमांक एच आर एके 3554) मुढ़ीपार चौक के पास खड़ा था। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने कंटेनर का लॉक तोड़कर अंदर रखा 4 यूनिट टॉकेट, जिसकी कीमत लगभग 2,67,837 रुपए बताई जा रही है, पार कर दिया।

शिकायत के आधार पर पिथौरा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में जांच-पड़ताल कर रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

न्यूज गैलरी

तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक चालक घायल, मामला दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। गड़बेड़ा चौक में तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक बाइक चालक घायल हो गया। घटना की सूचना पर पिथौरा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, नवगढ़ी बसना निवासी दिनेश पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 19 मार्च को कार क्रमांक सीजी 04 एनक्यू 5002 के चालक ने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दिनेश पटेल को चोटें आईं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी कार चालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 281, 125 ए तथा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

अधिवक्ता परिषद का कार्यक्रम आज नागरिकों से शामिल होने की अपील

महासमुंद/नवप्रदेश। अधिवक्ता परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत की जिला इकाई महासमुंद द्वारा 21 अप्रैल को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम स्थानीय स्वाध्याय केंद्र सभागार में शाम 6:30 बजे से 7:30 बजे तक आयोजित होगा। अधिवक्ता परिषद महासमुंद ने इस आयोजन के लिए शहर के समस्त नागरिकों एवं प्रबुद्धजनों को सादर आमंत्रित किया है। परिषद के पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

रिकॉर्ड समय में पूरा हुआ 12वीं हिंदी विषय का मूल्यांकन

महासमुंद/नवप्रदेश। 12वीं बोर्ड परीक्षा के हिंदी विषय का

मूल्यांकन इस बार रिकॉर्ड समय में पूरा कर लिया गया। समन्वयक संस्था आदर्श हिंदी माध्यम स्कूल, महासमुंद में पुनः परीक्षा के बाद प्राप्त 7014 उत्तर पुस्तिकाओं की जांच महज तीन दिनों में पूरी कर ली गई। जानकारी के अनुसार, 10 अप्रैल को आयोजित हिंदी विषय की पुनः परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए भेजी गई थीं। विभाग द्वारा इसके लिए कुल 176 मूल्यांकनकर्ताओं की ड्यूटी लगाई गई थी, लेकिन नोटिस के बावजूद केवल 72 मूल्यांकनकर्ता ही उपस्थित हुए। सीमित संख्या के बावजूद सभी ने जिम्मेदारी निभाते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर मूल्यांकन कार्य पूर्ण कर मिसाल पेश की। इससे पहले प्रथम एवं द्वितीय चरण में लगभग 91 हजार उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा चुका था। अब हिंदी विषय की कॉपियों की जांच पूरी होने के बाद विद्यार्थियों को परिणाम का इंतजार है। अधिकारियों के अनुसार, इस वर्ष परीक्षा समय से पहले संपन्न हो गई थी, जिससे परिणाम भी जल्द घोषित होने की संभावना जताई जा रही है। प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य एवं डॉ. संध्या चंद्राकर सहित सभी 72 मूल्यांकनकर्ताओं के सहयोग से यह महत्वपूर्ण कार्य सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ।

घिरघोली में पीडब्ल्यूडी की बड़ी लापरवाही, शाम और रात के समय गड्ढा दिखाई नहीं देता

स्टेट हाईवे के पुल में हादसे का गड्ढा दुर्घटनाओं के बाद भी नहीं जागा विभाग

घिरघोली/नवप्रदेश। छुईखदान ब्लॉक के घिरघोली ग्राम में सिद्ध बाबा मंदिर के सामने से गुजरने वाला स्टेट हाईवे इन दिनों सड़क कम, खतरा ज्यादा बन चुका है। सड़क के बीच बना बड़ा गड्ढा खुलेआम हादसों को बुलावा दे रहा है—और जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठा है।

यह कोई छोटी सड़क नहीं, बल्कि राज्य शासन के अधीन आने वाला स्टेट हाईवे है, जिसकी जिम्मेदारी सीधे लोक निर्माण विभाग (क्कङ्खष्ठ) की है। लेकिन हालात ऐसे हैं मानो विभाग ने इस सड़क को भगवान भरोसे छोड़ दिया हो।

ग्रामीणों के मुताबिक, इस एक गड्ढे ने अब तक 2 से 3 हादसे करवा दिए हैं। लोग घायल हो चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी न कोई मरम्मत, न कोई चेतावनी, न ही कोई जिम्मेदारी तय की गई। आखिर क्यों?

शाम और रात के समय यह गड्ढा दिखाई नहीं देता—और यही सबसे बड़ा खतरा है। तेज रफ्तार में आने वाले वाहन सीधे इस गड्ढे की चपेट में आ जाते हैं। सवाल ये है कि अगर यहां कोई बड़ी जानलेवा दुर्घटना हो जाए, तो जिम्मेदारी कौन लेगा?

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह सड़क कई गांवों को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है, जहां रोजाना सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। इसके बावजूद, पीडब्ल्यूडी द्वारा न तो निरीक्षण किया जा रहा है और न ही कोई सुधार कार्य।

अब सवाल सीधे जिम्मेदारों से क्या पीडब्ल्यूडी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है?

आखिर कब जागेगा प्रशासन?

ग्रामीणों ने कड़े शब्दों में चेतावनी दी है कि अगर जल्द इस गड्ढे को नहीं भरा गया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। लोगों की मांग साफहै—तुरंत मरम्मत हो और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए।

47 किलो गांजा के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार

- सीट के नीचे चेंबर में छिपाकर तस्करी, 59.51 लाख की संपत्ति जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और कोमाखान पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर अवैध गांजा तस्करी का बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने 47.300 किलोग्राम गांजा जब्त कर 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत 23 लाख 65 हजार रुपए है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ओडिशा से एक ट्रक में गांजा छत्तीसगढ़ लाया जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने नाकाबंदी कर संदिग्ध ट्रक को रोका। तलाशी के दौरान ट्रक की सीट के नीचे बने गुप्त चेंबर में छिपाकर रखी गई तीन बोरियों में गांजा बरामद हुआ।

जांच में पता चला कि यह गांजा ओडिशा के कालाहांडी क्षेत्र से लाकर मुंगेली जिले में खपाने की योजना थी। पुलिस ने इस मामले में परिवहनकर्ता के साथ-साथ फॉरवर्ड लिंक के आरोपी को भी गिरफ्तार किया है।कार्रवाई के दौरान पुलिस ने गांजे के साथ तस्करी में प्रयुक्त वाहन और अन्य सामग्री भी जब्त की। जब्त की गई ~~संपत्ति में एक अशोक लीलैंड~~ ट्रक, एक डिजायर कार, चार मोबाइल फोन और नगद राशि शामिल है। कुल जब्त संपत्ति की कीमत 59 लाख 51 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने इस मामले में ओडिशा के टिटलागढ़, जिला बलांगीर निवासी मोहम्मद मिराज (25) और रोहित पोंड (21) को गिरफ्तार किया है।

भगवान परशुराम प्रकटोत्सव पर निकली शोभायात्रा, नेहरू चौक में हुआ स्वागत

महासमुंद/नवप्रदेश। शास्त्र और शस्त्र के ज्ञाता तथा न्याय के प्रतीक भगवान श्री परशुराम जी के प्रकटोत्सव के अवसर पर रविवार को स्थानीय ब्राह्मण समाज द्वारा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का नेहरू चौक में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पार्षदों एवं वरिष्ठ जनों के साथ स्वागत किया।

इस दौरान निखिलकांत साहू ने भगवान परशुराम जी की पूजा-अर्चना कर नगर की खुशहाली और समाज में सद्भावना की कामना की। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम जी का जीवन हमें अधर्म के विरुद्ध खड़े होने तथा ज्ञान के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उनका आशीर्वाद हम सभी पर सदैव बना रहे।

स्वागत के पश्चात नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा नेहरू चौक में शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को आइसक्रीम का वितरण भी किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रकटोत्सव के अवसर पर ब्राह्मण समाज द्वारा सुबह से ही विभिन्न भक्तिमय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। एफसीआई मार्ग स्थित ब्राह्मण समाज भवन से प्रारंभ हुई शोभायात्रा लोहिया चौक सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकली। इस दौरान आतिशबाजी की गई और भजनों की धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए।

पोषण पखवाड़ा में आयुष विभाग के विविध कार्यक्रमों से मातृ-शिशु स्वास्थ्य पर जोर

महासमुंद/नवप्रदेश। 8वें पोषण पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत जिला आयुष विभाग द्वारा 9 से 23 अप्रैल 2026 तक विभिन्न जनजागरूकता एवं स्वास्थ्य संवर्धन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. मुक्ता बारिहा ने बताया कि इस वर्ष पोषण पखवाड़ा का मुख्य विषय ÷जीवन के पहले 6 वर्षों में मस्तिष्क के विकास को अधिकतम करना÷ निर्धारित किया गया है। इसके तहत गर्भवती महिलाओं, शिशुओं एवं छोटे बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास

पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला आयुष विभाग द्वारा आयुष संस्थानों एवं चिकित्सा अधिकारियों के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इनमें सुवर्णप्राशन संस्कार, गर्भिणी परिचर्या जागरूकता कार्यक्रम, शिशु एवं बाल स्वास्थ्य परामर्श, पोषण एवं जीवनशैली पर स्वास्थ्य शिक्षा, योग एवं प्राणायाम प्रशिक्षण, आयुर्वेदिक आहार एवं दिनचर्या पर मार्गदर्शन तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं। ये सभी कार्यक्रम शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक, आयुर्वेदिक औषधालय, होम्योपैथी एवं यूनानी चिकित्सा संस्थानों में आयोजित किए जा रहे हैं। इनके माध्यम से गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के अभिभावकों को पोषण, आयुष चिकित्सा पद्धतियों एवं स्वस्थ जीवनशैली की जानकारी दी जा रही है।

चूना पत्थर खनन सर्वे के विरोध में ग्रामीणों ने किया कलेक्टर का घेराव

धमधा/नवप्रदेश। ग्राम दानीकोकड़ी में प्रस्तावित चूना पत्थर खनन सर्वे को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश अब उग्र रूप ले चुका है। सोमवार को सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने दुर्ग कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और कलेक्टर का घेराव किया।

ग्रामीणों का आरोप है कि बिना ग्राम सभा की सहमति के निजी कंपनी द्वारा खनन सर्वे कराया जा रहा है, जिससे पूरे गांव के उजड़ने का खतरा पैदा हो गया है। प्रदर्शन के दौरान महिलाएं, बुजुर्ग और युवा बड़ी संख्या में शामिल रहे। सभी ने एक स्वर में सर्वे कार्य को तत्काल रोकने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे पीढ़ियों से जिस जमीन पर रह रहे हैं, अब उसी से बेदखल होने की नौबत आ गई है। उनका कहना है कि यदि खनन कार्य शुरू होता है, तो न केवल उनकी खेती प्रभावित होगी बल्कि जल स्रोत और पर्यावरण पर भी गंभीर असर पड़ेगा। ग्रामीणों ने प्रशासन पर उनकी शिकायतों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि कई बार आवेदन और शिकायत देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे लोगों में असंतोष बढ़ता जा रहा है।

कलेक्टर कार्यालय के बाहर लंबे समय तक चले प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे और जरूरत पड़ने पर न्यायालय का रुख भी करेंगे।

फिलहाल प्रशासन की ओर से इस पूरे मामले में कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, जिससे स्थिति और तनावपूर्ण बनी हुई है।

महिला ने की उत्पीड़न की शिकायत आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के सरायपाली थाना क्षेत्र में एक महिला द्वारा शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक उत्पीड़न की गंभीर शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामले में आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सरायपाली निवासी पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि 9 मार्च से 17 अप्रैल के बीच ग्राम चरौदा भिलाई में रहने वाले पंचशील नगर निवासी भावेश कुमार साहू द्वारा उसके साथ लगातार शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से उत्पीड़न किया गया। महिला ने आरोप लगाया कि इस दौरान उसे प्रताड़ित किया गया, जिससे वह काफी परेशान और आहत रही। पीड़िता की शिकायत के आधार पर सरायपाली थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 85 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

तेज गर्मी के चलते मणिकंचन केंद्र में लगी आग, पॉलीथिन के ढेर से भड़की लपटें

- ज्वलनशील कचरे ने बढ़ाया खतरा, एक घंटे की मशक्कत के बाद पाया गया काबू

महासमुंद/नवप्रदेश। नेशनल हाईवे-353 से लगे मणिकंचन केंद्र में रविवार शाम अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, केंद्र परिसर में रखे पॉलीथिन के ढेर में अचानक आग भड़क उठी, जिसे देखते ही देखते आसपास पड़े सूखे कचरे को अपनी चपेट में ले लिया। तेज गर्मी और अत्यधिक ज्वलनशील सामग्री के कारण आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें और घना धुआं दूर-दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही नगर पालिका की टीम तुरंत सक्रिय हुई और फायर ब्रिगेड को मौके पर रवाना किया गया। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत की और करीब एक घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते

आग पर नियंत्रण पा लेने से बड़ा हादसा टल गया।

बताया जा रहा है कि घटना शाम करीब 4:30 बजे की है, जब केंद्र में रोजमर्रा की तरह कचरे की छंटाई का कार्य जारी था। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पाया है। नगर पालिका के मिशन क्लीन सिटी प्रभारी नौशाद ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि भीषण गर्मी, सूखा कचरा या किसी प्रकार की चिंगारी के कारण आग लगी हो सकती है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

परेशानी: शौचालय खंडहर में तब्दील हो चुका, शिकायत के बाद भी ध्यान नहीं दे रहे नगर पंचायत के अधिकारी

कोपरा बस स्टैंड में न शौचालय न प्याऊ घर, भीषण गर्मी में भटक रहे लोग

- नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

कोपरा/नवप्रदेश। नगर पंचायत कोपरा में भीषण गर्मी के इस दौर में जहां तापमान लगातार नए रिकॉर्ड छू रहा है।वहीं कोपरा नगर के मुख्य बस स्टैंड पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव यात्रियों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। बस स्टैंड परिसर में न तो शौचालय की समुचित व्यवस्था है और न ही प्यास बुझाने के लिए प्याऊ घर की सुविधा उपलब्ध है। ऐसे में दूर-दराज से आने वाले यात्रियों, बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थान पर बुनियादी सुविधाएं होना बेहद जरूरी है। लेकिन नगर पंचायत की उदासीनता के चलते यहां हालात बद से

बदतर होते जा रहे हैं। यात्रियों को शौच के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। जिससे असुविधा के साथ-साथ स्वच्छता पर भी गंभीर असर पड़ रहा है। वहीं तेज धूप और गर्म हवाओं के बीच पीने के पानी की व्यवस्था नहीं होने से लोग प्यास से बेहाल नजर आते हैं। प्रतिदिन सैकड़ों यात्रियों का आना-जाना इस बस स्टैंड से होता है लेकिन सुविधाओं के अभाव में उन्हें खुले में बैठकर बस का इंतजार करना पड़ता है। कई बार छोटे बच्चे और बुजुर्ग गर्मी के कारण बीमार भी पड़ जाते हैं। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि वे अपनी ओर से लोगों को पानी पिलाने की कोशिश करते हैं, लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है।

नागरिकों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार नगर पंचायत के अधिकारियों को अवगत कराया गया। लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है और नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जनप्रतिनिधियों और जिम्मेदार अधिकारियों से मांग की जा रही है कि बस स्टैंड पर जल्द से जल्द शौचालय और प्याऊ घर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि यात्रियों को राहत मिल सके। साथ ही साफ-सफाई और छायादार बैठने की व्यवस्था भी की जाए। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में यह स्थिति और भी गंभीर हो सकती है जिससे आम जनों को और अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। बस स्टैंड में सुविधा को लेकर नगर में चर्चा का विषय हैं कि नगर अध्यक्ष एवम पार्षदों को शपथ लिए एक वर्ष से भी अधिक समय हो गया। उसके बाद भी सार्वजनिक शौचालय का शुभारंभ नहीं होने के कारण लोगों में नगर पंचायत की कार्य शैली से नगरवासीयो में नाराजगी हैं। अभी शादी ब्याह का सीजन होने के कारण बसों में भी भीड़ हैं और बस से उतरने वाली महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ राह हैं। वहीं बस स्टैंड में बने सार्वजनिक शौचालय के सामने कूड़ा कचरा का डेरा है।

सुविचार

नदी का पानी मीठा होता है क्योंकि वह पानी देती रहती है। समुद्र का पानी खारा होता है क्योंकि वह लेता रहता है।

होर्मुज को लेकर फिर तनातनी

अमेरिका और ईरान के बीच दूसरे दौर की शांति वार्ता एक बार फिर बाधित होने की संभावना बढ़ गई है। इसकी वजह यह है कि अमेरिका ने होर्मूज की नाकेबंदी को हटाने से इंकार कर दिया था। जबकि ईरान ने होर्मूज को खोलने का ऐलान कर दिया था। किन्तु अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जब तक ईरान से समझौता नहीं हो जाता तब तक होर्मूज की नाकेबंदी जारी रखने की घोषणा करके ईरान को फिर से सख्ती बरतनें पर मजबूर कर दिया। नतीजतन अब ईरान ने फिर से होर्मूज को बंद कर दिया है और इस बार तो उसने इस कदर कड़ा रूख अख्तियार किया है कि मित्र राष्ट्रों के जहाजों को गुजरने की इजाजत नहीं दे रहा है। अब तक तेल और गैस लेकर भारतीय जहाज आसानी से आ रहे थे लेकिन अब ईरान ने न सिर्फ भारतीय जहाजों को रोक दिया है बल्कि उसने दो भारतीय जहाजों पर फायरिंग भी कर दी थी। हालांकि इस पर भारत ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है और नई दिल्ली में ईरान के राजदूत को बुलाकर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। भारत का कहना ठीक है कि अमेरिका और ईरान के बीच चल रही जंग में भारत ने तटस्थ रूख अपनाया है और वह शुरू से आपसी बातचीत के जरिए मामले को सुलझाने की वकालत करता रहा है। भारत और ईरान के बीच बहुत पुराने मित्रतापूर्ण संबंध रहे हैं। ऐसे में भारतीय जहाजों को ईरान द्वारा निशाना बनाना घोर आपत्तिजक है गौरतलब है कि खाड़ी देशों से भारत को 40 प्रतिशत से ज्यादा कच्चे तेल और गैस की आर्पूति होती है और इसके जहाज होर्मूज से होकर ही भारत आते हैं। अब भारत के जहजों को रोक कर ईरान ने भारत के लिए भी संकट पैदा कर दिया है। ईरान की इस कार्यवाही से अब भारत और ईरान के बीच संबंधों में खटास आ सकती है। उम्मीद की जा रही है कि ईरान भारत के जहाजों को पूर्ववत् होर्मूज से गुजरने की अनुमति दे देगा अन्यथा भारत सहित जिन अन्य मित्र राष्ट्रों के जहाजों को भी उसने अमेरिका के साथ चल रही तनातनी के चलते रोकने का फैसला किया है इससे वह मित्र राष्ट्रों की सहानुभूति भी खो देगा। वैसे भी ईरान इस जंग में दुनिया से अलग थलग पड़ चुका है। बहरहाल होर्मूज पर ईरान और अमेरिका के बीच फिर से तनाव बढ़ जाने के कारण अब दूसरे दौर की बातचीत पर भी संदेह के बादल मंडराने लगे हैं। एक खबर के मुताबिक तो ईरान ने दूसरे दौर की बातचीत से इंकार भी कर दिया है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी ईरान को आखरी कड़ी चेतावनी दी है दो दिन बाद दोनों देशों के बीच सीजफायर खत्म हो रहा है और इस बीच इनकी तनातनी दूर नहीं हुई तो एक बार फिर जंग ए हालात निर्मित हो सकते हैं।

सड़क हादसे रोकने नई गाइडलाइन

देश में लगातार बढ़ते सड़क हादसों को लेकर दायर की गई एक याचिका पर सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने बढ़ते सड़क हादसों को लेकर कठोर रूख अख्तियार किया है और इस बारे में नई गाइडलाइन जारी की है। सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी की है कि एक्सप्रेस वे को मौत का गलियारा न बनने दिया जाये। गौरतलब है कि भारत में प्रतिवर्ष पांच लाख से अधिक सड़का दुर्घटनाएं होती हैं और इनकी वजह से पौने दो लाख लोगों की जान चली जाती है। वहीं लाखों की संख्या में लोग हादसों के शिकार बनते हैं। अब सुप्रीम कोर्ट ने नई गाइडलाइन जारी कर निदेर्श दिया है कि नेशनल हाइवे पर भारी वाहनों को सड़क के किनारे न खड़े होने दिया जाये। हाइवे के किनारे बने नए ढाबों और दुकानों तथा अन्य निर्माणों को 60 दिनों के भीतर हटा दिया जाये और देश के हर जिले में हाइवे सेफ्टी टास्क फोर्स का गठन किया जाये जो सड़क सुरक्षा पर सतत निगरानी रखे। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट की यह नई गाइडलाइन तभी सार्थक होगी जब इस पर ईमानदारी से अमल किया जाये। वास्तव में नेशनल हाइवे सहित अन्य सड़को पर लगातार बढ़ती सड़क दुर्घटनायें गंभीर चिंता का विषय है और इनमें से ज्यादातर सड़क दुर्घटनाएं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने तथा नशे की हालत में गाड़ी चलाने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने के कारण होती है। सड़को के किनारे जहां तहां गाड़ियों की पार्किंग कर देना भी ऐसे सड़क हादसों को जन्म देने का एक बड़ा कारण है। जिसे दूर करना यातयात पुलिस का काम है लेकिन वह अपने कत्वर्य के निर्वहन में असफल हो रही है। बहरहाल उम्मीद की जानी चाहिए कि सुप्रीम कोर्ट की इस नई गाइडलाइन का कड़ाईपूर्वक पाल किया जाएगा तभी सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लगेगी।

सद्गुरू बोधामृतम्



सदगुरू ऋतेश्वर

- श्रीकृष्ण को पाओगे कहाँ? केवल विग्रह में! श्रीकृष्ण के चलते फिरते स्वरूप ही श्रीगुरुदेव हैं।
- गुरु आपके भीतर जो श्रेष्ठ है, जो चीज दबी हुई है उसको उभार कर सामने ला दे; जिस चीज के कारण आप असफलता झेल रहे हो, दुख झेल रहे हो उसे हटा दे वही सच्चा गुरु है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1895 - अमेरिका में विकसित पहले फिल्म प्रोजेक्टर 'पैनटॉप्टिकॉन' का प्रदर्शन किया गया।1941 - यूनान ने नाजी जर्मनी के समक्ष आत्मसमर्पण किया। 1945 - दूसरे विश्व युद्ध के दौरान सोवियत संघ की सेना ने जर्मनी के बर्लिन शहर के कुछ बाहरी इलाकों पर कब्जा कर लिया। 1960 - ब्रासीलिया शहर को ब्राजील की राजधानी बनाया गया। 1975 - दक्षिण विएतनाम के राष्ट्रपति थिऊ ने इस्तीफा दिया। 1977 - मेजर जनरल जियाउर्रहमान बांग्लादेश के राष्ट्रपति नियुक्त। 1987 - श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में बम धमाके में 100 से ज्यादा लोगों की मौत। 1989 - चीन के थ्येनआन मन चौराहे पर छात्रों का विशाल प्रदर्शन। 1996 - भारतीय वायुसेना के संजय थापर को पैराशूट के जरिए उत्तरी धुव्र पर उतारा गया। 2001 - बांग्लादेश में भारतीय जवानों की नृशंस हत्या पर भारत ने कड़ा विरोध दर्ज कराया।

जनसंपर्क की नई भूमिका पांचवां स्तंभ ?

देश के जाने-माने जनसंपर्क वेत्ता डॉ अजीत पाठक की यह पहली अवधारणा सामने आई कि लोकतंत्र में अब पांचवें स्तंभ की भूमिका में अब जनसंपर्क का क्षेत्र होगा तो चौंकना स्वाभाविक था कि क्या चौथे स्तंभ के बाद पांचवां स्तंभ भी लोकतंत्र में अपरिहार्य हो गया है। डॉ पाठक की इस नई अवधारणा सामने आने के बाद देशभर में जनसंपर्क की नई भूमिका को लेकर चर्चा हो रही है। लोकतंत्र में प्रेस चौथे स्तंभ की भूमिका में है लेकिन प्रेस के स्थान पर अब मीडिया लोकप्रिय शब्द हो गया है। मीडिया में सारा आकाश है। प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, जनसंपर्क, सोशल मीडिया नए-नए मानक स्थापित कर रहा है। यूट्यूबर और मोजो की पत्रकारिता ने अपना महत्वपूर्ण स्थान बनाया है तो फ़ेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स पर नागरिक पत्रकारिता को जगह मिल गई है लेकिन प्रेस से सोशल मीडिया तक के सफ़र में नई तरह की गंभीर चुनौतियां और संकट पैदा हुए हैं।

डॉ. शाहिद अली

इंटरनेट की रफ़्तार और एआई के चमत्कार ख़बरों को परोसने में उसकी विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हैं। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के आगमन से पहले प्रेस यानी प्रिंट मीडिया का लोकतंत्र में जो प्रभाव था वह उसकी विश्वसनीयता और जिम्मेदारी से जुड़ा था, यहां जनसंपर्क का क्षेत्र भी अपनी सशक्त भूमिका के लिए पहचाना जाता रहा। प्रेस और जनसंपर्क का क्षेत्र एक दूसरे के पूरक माने जाते रहे हैं। इसलिए दुनिया के लोकतांत्रिक देशों में भारत का स्थान सबसे शिखर पर है। तृतीय विश्व युद्ध की तरफबढ़ते देशों की चिंताओं के बीच भी आज जो नया भारत जिस गौरव के साथ विश्व शिखर पर है तो उसका एक बड़ा कारण भारत में मजबूत लोकतंत्र है जो कार्य पालिका, व्यवस्थापिका, न्याय पालिका और ख़बर पालिका के स्तंभों पर टिकी है लेकिन मीडिया की व्यावसायिक भूमिका, जिम्मेदारी और विश्वसनीयता पर जिन सवालों ने जनमानस में बैचेनी है उससे कहीं ज्यादा जनसंपर्क के बढ़ते महत्व, प्रभाव और विश्वसनीयता ने जनमानस में एक नए विश्वास को जन्म दिया है। यह वो विश्वास है कि मीडिया की पेशेवर चुनौतियां और संकट के बीच भी जनसंपर्क का क्षेत्र अपनी रणनीति, कौशल और प्रभावी संप्रेषण में सफलता की नई परिभाषा गढ़ रहा है और वह लोकतंत्र में एक नए स्तंभ यानी पांचवें स्तंभ की भूमिका का निर्वहन करेगा। आमतौर पर लंबे समय तक यह माना जाता रहा है कि जनसंपर्क का कार्य अपने संस्थान की सूचना देने और उसकी छवि बनाने से संबंधित है। जनमत निर्माण में जनसंपर्क की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि जनसंपर्क कला का क्षेत्र वास्तव में सूचनाओं और प्रचार-प्रसार के सही और जिम्मेदार भूमिका का सशक्त वाहक है। संपर्क और समन्वय का उद्यमकर्ता जनसंपर्क है। भ्रामक और संदेह की खबरों का सर्जन जनसंपर्क है। जनसंपर्क में साध्य और साधन दोनों की पवित्रता है इसलिए सर्व स्वीकार्य है। लोकतंत्र में जनसंपर्क केवल सूचनाओं का आदान-प्रदान नहीं है, बल्कि यह सरकार और जनता के बीच 'विश्वास' का सेतु है। एक जीवंत लोकतंत्र तभी सफल होता है जब जनता जागरूक हो और सरकार जवाबदेह। ऐतिहासिक संदर्भों में भी लोकतंत्र की जननी कहे जाने वाले यूनान में 'रेट्रिक' यानी वाकपटुता का बड़ा महत्व था। सार्वजनिक मंचों पर बहस के जरिए जनता की राय बनाई जाती थी।

भारत में अशोक के शिलालेख जनसंपर्क का बेहतरीन ऐतिहासिक उदाहरण हैं, जिनके माध्यम से राजा सीधे प्रजा से अपनी नीतियों पर संवाद करता था।आधुनिक जनसंपर्क का उदय अमेरिका में हुआ। इवी ली और एडवर्ड बर्नेज़ ने इसे एक व्यवस्थित रूप दिया। उन्होंने स्थापित किया कि लोकतंत्र में बल प्रयोग के बजाय 'सहमति' से शासन करना अधिक प्रभावी है। यह मानना होगा कि जनमत का निर्माण लोकतंत्र में 'जनता की इच्छा' पर चलता है। जनसंपर्क के माध्यम से सरकारें अपनी योजनाओं को जनता तक पहुँचाती हैं और फीडबैक प्राप्त करती हैं। जनसंपर्क में पारदर्शिता है और सच्चे संवाद की शक्ति है। कोविड-19 के संकट में भी जनसंपर्क ने जनता को सही जानकारी देकर पैनिक रोकने और लोकतांत्रिक व्यवस्था में भरोसा बनाए रखने में काम महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जनसंपर्क का उपयोग सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में भी किया जाता है। महात्मा गांधी स्वयं एक कुशल जनसंपर्क वेत्ता थे, जिन्होंने 'दांडी मार्च' जैसे प्रतीकों के जरिए पूरी दुनिया का ध्यान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की ओर खींचा। कहा जाए तो जनसंपर्क के बिना लोकतंत्र 'मूक' है। जनसंपर्क अपने सिद्धांतों और नैतिकता के साथ खड़े रहने वाला एकमात्र प्रोफेशन है। यह भी समझना जरूरी है कि इधर भले ही इंटरनेट की पहुंच बढ़ी है, लेकिन समाज का एक बड़ा हिस्सा अब भी डिजिटल संवाद से कटा हुआ है। इस दिशा में भी जनसंपर्क ऑनलाइन सक्रिय जनता को ध्यान में रखते हुए ही समावेशी संवाद बनाए रखने में सफल है।

इसलिए डॉ पाठक के इस बयान को बल मिलता है कि भविष्य जनसंपर्क की विधा का है और पांचवें स्तंभ की प्रभावी भूमिका जनसंपर्क की ही होगी। एक बात यह भी उल्लेखनीय है कि आज देश-दुनिया के सैंकड़ों शैक्षणिक संस्थानों में जनसंपर्क और विज्ञापन के पाठ्यक्रम संयुक्त रुप से चल रहे हैं। अब जनसंपर्क का पाठ्यक्रम पृथक से तय करना होगा। जनसंपर्क को एक पूर्ण अध्ययन और अनुसंधान के रूप में देखने की जरूरत है। भारत में मीडिया शिक्षा के चार बड़े सरकारी क्षेत्र के विश्वविद्यालय हैं जो दिल्ली, भोपाल, जयपुर और छत्तीसगढ़ में स्थापित हैं और इससे इत्तर अनेकों कालेजों और शासकीय व निजी क्षेत्र के विश्वविद्यालयों में विज्ञापन एवं जनसंपर्क विषय के रूप में अध्ययन होता है। नई वैश्विक और भारत में लोकतांत्रिक चुनौतियों के बीच जनसंपर्क की शिक्षा का विस्तार और विशेषीकृत बनाए जाने की जरूरत है। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय तथा राज्य सरकारों में सूचना एवं जनसंपर्क विभागों में उपलब्ध रिसोर्स पर्सन की कमी नहीं है। जनसंपर्क के सबसे बड़े संगठन पब्लिक रिलेशन्स सोसायटी आफ इंडिया का सहयोग भी जनसंपर्क के पाठ्यक्रम और इस विधा की गुणवत्ता बनाने में लिया जा सकता है। बेहतर होगा केंद्र और राज्य सरकारें समय की मांग और लोकतंत्र में पांचवें स्तंभ की भूमिका को देखते हुए पृथक से भारतीय जनसंपर्क विश्वविद्यालय की स्थापना करें। यह एक बड़ी उपलब्धि जनसंपर्क के क्षेत्र में होगी।

'कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत अनेक विविधताओं के बावजूद एक है'

राजीव खंडेलवाल

यह केवल एक उक्ति नहीं, बल्कि भारत की आत्मा और पहचान का सार है। विविधता हमारी शक्ति है, तो एकता हमारी ÷अस्मिता÷। ऐसे समय में जब संसद के विशेष सत्र (16-18 अप्रैल 2026) में ''नारी शक्ति वंदन अधिनियम'' को 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाया जा रहा है, उक्त सूक्ति और भी प्रासंगिक हो उठी है। सरकार ने इस विशेष सत्र में तीन प्रमुख विधेयक प्रस्तुत किए गए हैं–

संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026, परिसीमन विधेयक, 2026, संघ राज्य क्षेत्र कानून संशोधन विधेयक, 2026, तीनों का साझा उद्देश्य राजनैतिक प्रतिनिधित्व का पुनर्संतुलन है।

131वें संशोधन की आवश्यकता क्यों।

106 वें संविधान संशोधन द्वारा जोड़े गए अनुच्छेद 334ए के कारण महिला आरक्षण को जनगणना और परिसीमन से जोड़ दिया गया था। परिणामस्वरूप महिला आरक्षण की व्यवस्था 2031-34 से पहले लागू होना असंभव सा हो गया।

अब 131वें संशोधन के माध्यम से सरकार 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन कर 33त्न, महिला आरक्षण एससी, एसटी कोटे के साथ लागू करना चाहती है। इसमें भी पिछले वर्ष का आरक्षण शामिल नहीं है। ''देर आए, दुरुस्त आए''

विपक्ष की आपत्तियाँ— कितनी वाजिब?

वस्तुतः महिला आरक्षण तुच्छ राजनैतिक लाभ-हानि की दृष्टि से नहीं, बल्कि सामाजिक उत्थान की दृष्टि से संवैधानिक व्यवस्था होनी चाहिए।'' विपक्ष का आरोप है 'राज्य' का हक छीनने के लिए महिला आरक्षण को ढ़ाल बनाया जा रहा है, जो आरोप मात्र कल्पनातीत है। राहुल गांधी का आरोप है कि 'मै' देश की अखंडता पर हमला नहीं होने ''दूंगा''? वस्तुतः राहुल गांधी उत्तर-दक्षिण की तथाकथित असमानता का आधार बनाकर स्वयं ही देश की अखंडता, एकता पर उंगली उठा रहे हैं। तथापि इस उत्तर- दक्षिण के ÷नरेटिव÷ को अमित शाह ने समस्त राज्यों के लिए एक समान डेढ़ गुना बढ़ोतरी और राज्यों के कुल लोकसभा सीटों में हिस्से के प्रतिशत के आंकड़े देकर स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया।

विपक्ष का एक आरोप कि यदि सरकार चाहती तो 2023 में ही महिला आरक्षण की व्यवस्था वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से लागू कर सकती थी, पूरी तरह निराधार नहीं कहा जा सकता–''जहाँ चाह, वहाँ राह''।

अब चूंकि संविधान संशोधन विधेयक संसद में गिर गया है, इसलिए सत्तारूढ़ दल का यह दायित्व बन जाता है, कि वह महिलाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सिद्ध करने के लिए सिर्फ अनुच्छेद 334ए को हटाने के लिए तुरंत संविधान संशोधन विधेयक लाकर विपक्ष को निरुत्तर कर दें, ताकि 2039 के लोकसभा चुनाव महिलाओं के आरक्षण के साथ हो सके। यदि सरकार परिसीमन विधेयक 2026 तथा संघ राज्य क्षेत्र कानून संशोधन विधेयक 2026 को 131 वें संविधान संशोधन विधेयक के साथ प्रस्तुत नहीं करती तो निश्चित रूप से 31 वां संशोधन विधेयक पारित होकर महिला आरक्षण वर्ष 2029 के लोकसभा चुनाव में लागू हो जाता। फिर भी, यह स्वीकार करना होगा कि जो विद्यमान संवैधानिक स्थिति में महिला आरक्षण 2031 के बाद लागू होना था, उसे 2029 में लागू करने का सरकार का यह एक प्रयास है। ऐसे में विपक्ष का पूर्ण विरोध ''आसमान से गिरकर खजूर में अटकने'' जैसा प्रतीत होता है।

क्या असली मुद्दा परिसीमन है?

वास्तविक विवाद महिला आरक्षण नहीं, बल्कि परिसीमन को लेकर है। विपक्ष का आशंका है कि इससे उत्तर-दक्षिण के बीच असंतुलन बढ़ेगा। लेकिन यह तर्क ''आधे अधूरे सच'' पर आधारित है। संविधान के अनुच्छेद 81 और 82 बिल्कुल साफ हैं, हर जनगणना के बाद ''परिसीमन'' कर सीटों का पुनर्गठन होना चाहिए।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मत करो खुद को खूवार दुनिया पर होगा ना इख़्तियार दुनिया पर कैसे करते हो ऐ'तिबार भला वो भी तुम बार-बार दुनिया पर ऐ ग़ज़लगो करो ज़रा तुम ही प्रेम की कुछ फुहार दुनिया पर मुझको कुछ भी नहीं है देना मगर है बकाया उधार दुनिया पर जिसको पथ से डिगा सके न कोई भारी है ऐसी नार दुनिया पर कोई एहसान तो नहीं करते रहके हम दिन दो-चार दुनिया पर हम तो अपना चढ़ा चुके कब का आख़िरी 'पुष्प' हार, दुनिया पर ।
- पुष्प सैनी 'पुष्प'

अगर हम आज जागरूक हो जाएँ और अपने आसपास के पेड़ों और नदियों का ख्याल रखें, तो प्रकृति फिर से मुस्कुरा उठेगी। हम बदलेंगे, तभी ये धरती बचेगी और जंगल फिर से हरे-भरे हो उठेंगे। प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर जीना ही असली विकास है। **- दिनू नेताम**

मत कहो कि अब पूर्णविराम हो जिंदगी को फिर से जी कर देखो सफर में चल रहे हो अब तल्क हर मुश्किल को अजमा कर देखो धूप है पानी है हवा है हम सब है जिंदगी है तो जिंदगी निभा कर देखो
- प्रीति श्रीवास्तव

है भले कश्ती यहां मझधार में ढल गया पर आदमी किरदार में ज़िन्दगी चलती रहेगी फिर भी तो हो भले घाटा कभी व्यापार में उसने भेजा सबको नंगा ही यहाँ वेशभूषा है अलग संसार में मिल सभी कुछ जाएगा तुमको अगर हाथ जोड़े हों कभी दरबार में हाथ में कुछ भी नहीं है आपके रो रहे हो क्यूं भला बेकार में।
- मित्र ग़ाज़ियाबादी

दिल की लगी ने इस कदर मज़बूर कर दिया आह-ओ-फुगां को इश्क़ का दस्तूर कर दिया मंजिल तो सामने थी मगर छू न पाये हम मजबूरियों ने इस कदर माज़ूर कर दिया दुनियाँ ने किसी और का होने नहीं दिया जख्मों को नोच नोच कर नासूर कर दिया हमको निसाब-ए-इश्क़ में इबरत ही जानिये रूसवाईयों ने हमको भी मशहूर कर दिया चादर चढ़ाई उसने भी मेरे मज़ार पर उसने तो हमको इश्क़ का मशकूर कर दिया।
- अनुमित्तल "इंदु"

वैशाली खड़ा किनारे,मुग्ध-मगन मन, बोला-पीपल,आओ कविवर, आओ, मेरे पास बताऊँ- मैं तेरे प्रश्नों के उत्तर ! तीर्थंकर की जन्मस्थली यह, प्रजातंत्र की जननी,क्योंकर? भला हरेंगे जिज्ञासा क्या वैशाली के मृण्मय पत्थर? प्रजातंत्र का मंत्र जानते, बुनते नित-नित ताना-बाना, हरे मुलायम पात हमारे- काले-काले ये चमगादड़!! **- पंकज कुमार बसंत**

आँख वृक्ष की देख रही है , हरियाली की झूठी शान। महल अटारी ताला भारी, खेतों में हैं अब नहीं किसान गाय भैंस अब बैल नदारद, उपजाऊ धरती बेकार रोज यूरिया डाई खाते, मीठा जहर जीव आधार दूध दही घी महक गवाए , मिले मुक्त में नित दिन रोग नाते रिश्ते सब है झूठे, झूठे व्यापारी के भोग ।
- राजकिशोर मिश्र 'राज' प्रतापगढ़ी

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन बीते कल की अपेक्षा एकदम विपरीत रहेगा। आज आर्थिक विषय सर्वोपरि रहेंगे स्वभाव में भी स्वार्थ अधिक रहेगा इसके कारण घर एवं कार्य क्षेत्र पर तीखी बहस हो सकती है।

वृष: आज के दिन संकट के बादल छटने से मानसिक रूप से शांति अनुभव करेंगे। घर में कुछ परिवर्तन अथवा तोड़ फोड़ करवा सकते है। अधिकारी वर्ग के साथ भी महत्त्वपूर्ण विषयो पर चर्चा होगी।

मिथुन: आपका आज का दिन भी प्रतिकूल रहने वाला है। सामाजिक अथवा पारिवारिक मामलो में आपकी गलत छवि बनेगी। आज आप अपने आपको बेबस अनुभव करंगे। ना चाहते हुए भी क्रोध आएगा जिससे आस पास के वातावरण में तनाव उत्पन्न होगा।

कर्क: आज का दिन लगभग हर क्षेत्र पर संम्मान एवं सफलता दिलाएगा परन्तु स्वास्थ्य में नरमी एवं आलस्य की वृति इसमें व्यवधान भी डाल सकती है।

सिंह : आज के दिन लाभ की स्थिति आपके हाथ से निकलती नजर आएगी। थोड़ी लापरवाही एवं थोड़ा गलत मार्गदर्शन मिलने से सहज बनने वाले भी कार्य बिगाड़ लेंगे।

कन्या: कल की अपेक्षा आज का दिन अच्छा बीतेगा। दिन के पहले भाग में थोड़ी परेशानियों के बाद स्थिति सामान्य बनने लगेगी। परन्तु आर्थिक दृष्टिकोण से आज मायूस होना पड़ सकता है।

तुला: आज दिन आपकी आशाओ के विपरीत फल देगा। प्रातः काल से ही शरीर में अकड़न सुस्ती रहने से कार्यो के प्रति गंभीरता नहीं रखेंगे।

वृश्चिक: आज भी परिस्थिति आपके अनुकूल रहने से मन चाहा कार्य निर्विघ्न पूर्ण कर सकेंगे। कार्य क्षेत्र पर उधार के व्यवहार के कारण थोड़ी तना-तनी रह सकती है परंतु फिर भी धन लाभ के अवसर मिलते रहेंगे।

धनु: आज का दिन मिला जुला रहने से पल में हानि अगले ही पल लाभ वाली स्थिति रहेगी। बीच में कभी-कभी कई विकल्प मिलने से असमंजस की स्थिति भी बन सकती है ।

मकर: आज के दिन आपको पहले की अपेक्षा थोड़ी राहत मिलेगी। सेहत उत्तम रहने से कार्यो को गम्भीर होकर कर सकेंगे। कार्य व्यवसाय क्षेत्र पर आशा से अधिक लाभ मिल सकता है।

कुंभ: आपका आज का दिन थोड़ा परेशानी वाला रह सकता है। सोची हुई योजनाओं में विलम्ब अथवा असफलता मिलने से निराशा रहेगी। नौकरी पेशा जातक भी कार्यो में लापरवाही के कारण अधिकारियो के कोप भाजन बनेंगे।

मीन: आज का दिन मिला जुला रहेगा। थोड़ी बहुत पेट सम्बंधित समस्याओं एवं खासी जुकाम को छोड़ सेहत भी लगभग सामान्य ही रहेगी।

QUIZ TIME

1) 2026 में ईरान के विरुद्ध संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा किए गए हवाई हमलों के अभियान का नाम क्या है?

2) द ट्रू ट्रू स्टोरी ऑफ राजा द गल्लिबल (एंड हिज़ मदर) के लिए फिक्शन श्रेणी में नेशनल बुक अवॉर्ड किसे मिला?

3) जेंडर सांख्यिकी को सशक्त बनाने पर दो दिवसीय सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया था?

4) वोकल फॉर लोकल पहल किस संगठन द्वारा शुरू की गई थी?

5) हाल ही में भौगोलिक संकेत (GI) टैग प्राप्त करने वाला अंबाजी मार्बल मुख्य रूप से किस राज्य में पाया जाता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) ऑपरेशन एपिक फ्यूरी (2) रबीह अलामेद्दीन (3) नई दिल्ली (4) नीति आयोग (5) गुजरात

पहेली

शब्द सामर्थ्य -014

150 मीटर लम्बे सुरंग में अवैध कोयला खनन पर सख्ती, सेंट्रल फ्लाइंग स्क्वाड की बड़ी कार्रवाई

■ देवखोल और भालूमाड़ा में खनन क्षेत्र चिन्हित, ब्लास्टिंग कर बंद करने के निर्देश

■ अवैध खनन, परिवहन, भण्डारण में लगे लोगों में मचा हड़कंप

रायपुर/नवप्रदेश। कोरिया जिला में अवैध कोयला खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए लगातार दूसरे दिन व्यापक कार्रवाई की। रायपुर से पहुंची सेंट्रल फ्लाइंग स्क्वॉड की टीम ने रविवार को देवखोल और भालूमाड़ा क्षेत्रों का निरीक्षण कर अवैध खनन स्थलों का चिन्हांकन किया और उन्हें ब्लास्टिंग कर स्थायी रूप से बंद करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला स्तर पर गठित टास्क फोर्स, जिसमें खनिज, वन, राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी शामिल थे, ने संयुक्त रूप से पूरे क्षेत्र का जायजा लिया। टीम ने बताया कि

निरीक्षण के समय मौके पर कोई कोयला या खनन सामग्री नहीं मिली, लेकिन पूर्व में यहां बड़े पैमाने पर अवैध गतिविधियां संचालित हो रही थीं। इस कार्रवाई से एक दिन पहले, शनिवार को संयुक्त टीम ने पटना तहसील अंतर्गत देवखोल जंगल में सघन अभियान चलाया था। इस दौरान अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 6 टन से अधिक कोयला जब्त किया गया। साथ ही कई अवैध सुरंगों को ध्वस्त किया गया, जिनका उपयोग लंबे समय से कोयला निकालने के लिए किया जा रहा था। अभियान के दौरान टीम ने करीब 150 लंबी सुरंगों के भीतर प्रवेश कर न केवल कोयला बरामद किया था, बल्कि खनन में उपयोग होने वाले उपकरण जैसे फावड़ा, गेती, विद्युत पंप, फुटबॉल पाइप और बड़ी मात्रा में बिजली के तार भी जब्त किए थे। रविवार को की गई कार्रवाई में कोरिया के अलावा सूरजपुर, मनेंद्रगढ़- चिरमिरी-भरतपुर और गौरेला-पेन्ड्रा-मरवाही जिलों के खनिज अधिकारी, स्थानीय पुलिस, वन एवं राजस्व विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि वन एवं खनिज विभाग के साथ-साथ एसईसीएल के समन्वय से इन क्षेत्रों की निगरानी और सख्त की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध कोयला खनन पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए चिन्हित स्थानों को ब्लास्टिंग कर बंद किया जाएगा, ताकि भविष्य में इस तरह की गतिविधियों की पुनरावृत्ति न हो सके। साथ ही क्षेत्र में लगातार निगरानी और संयुक्त अभियान जारी रखने की भी बात कही गई है। इस सख्त कार्रवाई से अवैध खनन में लगे लोगों में हड़कंप मच गया है, वहीं प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में इस तरह के अभियानों को और तेज किया जाएगा।

न्यूज गैलरी

उषा दीदी ने 'बिहान' से बदली अपनी पहचान

रायपुर/नवप्रदेश। जिले के आरंग ब्लॉक के ग्राम पंधी की रहने वाली श्रीमती उषा बाई मानिकपुरी कभी घर की चारदीवारी तक सीमित रहतीबती लेकिन अब राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़कर न सिर्फ अपनी जिंदगी बदली, बल्कि सैकड़ों महिलाओं के जीवन में भी नई रोशनी लाई है। वर्ष 2014 में स्व-सहायता समूह 'शिवम' से जुड़ने के साथ ही उषा दीदी के सफर की शुरुआत हुई। साप्ताहिक 20 रुपये की छोटी बचत से शुरू हुआ यह सफर आज उन्हें एक सफल उद्यमी और 'मास्टर ट्रेनर' के रूप में स्थापित कर चुका है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उन्होंने अन्य महिलाओं को भी प्रशिक्षित करना शुरू किया और अब तक 350 से अधिक महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की राह दिखा चुकी हैं। बिहान योजना के तहत मिली 60 हजार रुपये की सहायता और बैंक ऋण से उन्होंने अगरबत्ती निर्माण का व्यवसाय शुरू किया। आज वे अगरबत्ती, धूपबत्ती, अचार और पापड़ बनाकर हर महीने 10 से 12 हजार रुपये तक की आमदनी अर्जित कर रही हैं। इसके साथ ही खेती और पशुपालन से भी उनकी सालाना आय में अच्छा इजाफा हुआ है। उषा दीदी बताती हैं कि बिहान से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त हुई हूं। मैंने अपने कमाई से अब तक आलमारी, कूलर, टीवी सहित बच्चों के लिए सायकल तक ले चुकी हूँ। कल तक मैं सिर्फ अपने घर तक ही सीमित रहती थी लेकिन बिहान योजना में जुड़ने के बाद एक नयी पहचान और आत्मविश्वास मिला है। उषा दीदी आज अपने परिवार की आर्थिक मजबूती के साथ-साथ अपने बच्चों के बेहतर भविष्य का सपना भी साकार कर रही हैं।

नांदघाट एनीकट के कार्यों के लिए 4.24 करोड़ रुपये स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा बेमेतरा जिले के नवागढ़ तहसील के अंतर्गत नांदघाट एनीकट के एबटमेंट रिटर्न सी.सी. ब्लॉक तथा तट संरक्षण कार्य राईट ब्लैक एवं लेफ्ट में सी ब्लॉक कार्य के लिए 4 करोड़ 24 लाख 31 हजार रुपये की राशि स्वीकृत किये गये हैं। योजना के तहत तटबंध निर्माण किया जाना है। मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार जल संसाधन विभाग रायपुर को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

रायपुर प्रेस क्लब में अपनों के बीच पहुंची बीजेपी प्रवक्ता नेहा बग्गा

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में अपनी पत्रकारिता से राजनीति का सशक्त सफर तय करने वाली बीजेपी प्रवक्ता नेहा बग्गा आज रायपुर प्रेस क्लब पहुंचीं। रायपुर प्रेस क्लब ने उन्हें पत्रकारों से अनौपचारिक चर्चा हेतु आमंत्रित किया, जहां उनका आत्मीय स्वागत और सम्मान किया गया। प्रेस क्लब अध्यक्ष मोहन तिवारी एवं संयुक्त सचिव भूपेश जांगड़े ने नेहा बग्गा का अभिनंदन करते हुए कहा कि रायपुर की धरती से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाला नेहा का व्यक्तित्व प्रेस क्लब के लिए गर्व का विषय है , उन्होंने नेहा को बेहतर पत्रकार होने के साथ एक योग्य एवं सक्षम नेत्री बताया। कार्यक्रम के दौरान नेहा बग्गा ने पत्रकारिता से राष्ट्रीय राजनीति तक के अपने संघर्षपूर्ण और प्रेरक सफर को साझा किया। नेहा कहा कि पत्रकारिता ने उन्हें न केवल जमीनी हकीकत से जोड़ा, बल्कि तथ्यों की मजबूती और तर्क की धार भी दी, जो आज एक राष्ट्रीय दल की प्रवक्ता के रूप में उनकी सबसे बड़ी ताकत है। अनौपचारिक संवाद में नेहा बग्गा ने समसामयिक राजनीतिक मुद्दों पर बेबाकी से अपने विचार रखे। महिला आरक्षण बिल पर उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह देश की महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में सशक्त भागीदारी देने वाला ऐतिहासिक कदम होता । उन्होंने विपक्ष के रुख पर सवाल उठाते हुए इसे महिलाओं की राजनीतिक प्रगति में बाधक बताया। साथ ही परिसीमन के बाद सीटों के घट बढ़ से जुड़ी चुनौतियों और उनके समाधान पर भी तथ्यात्मक दृष्टिकोण भी रखा। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार राजेश मिश्रा ने नेहा बग्गा को एक जुझारू, कर्मठ और निर्भीक व्यक्तित्व बताते हुए कहा कि उन्होंने हर भूमिका में अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने रायपुर में तेंदुआ आने की घटना के दौरान किए गए उनके साहसिक और जोखिम भरे कवरेज को याद करते हुए कहा कि यह उनकी पत्रकारिता की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस अवसर पर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अनिल पुसदकर ने कहा कि नेहा बग्गा आज राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी का पक्ष प्रभावी ढंग से रखने वाली अग्रणी प्रवक्ताओं में शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पत्रकारिता से उनका जुड़ाव उनकी सोच और कार्यशैली में आज भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। कार्यक्रम के अंत में प्रेस क्लब अध्यक्ष मोहन तिवारी ने नेहा बग्गा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार श्री प्रशांत शर्मा, श्री मति मंजूषा शर्मा, श्री राजेंद्र निगम, शगुफ्ता शिरीन, श्री गोकुल सोनी, श्री दीपक पांडे, श्री महादेव तिवारी, श्री टीकम वर्मा, श्री जाकीर घुड़सेना, श्री पंकज चौहान,श्री सुखनंदन बंजारे,श्री विद्या भूषण, श्री मुकेश वर्मा,श्री विनय घाडगे,श्री त्रिलोचन मानिकपूरी , श्री पवन ठाकुर, श्री कौशल तिवारी सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

अवैध खनन पर हाईटेक शिकंजा अब ड्रोन से होगी निगरानी

■ मुख्यमंत्री साय के निर्देश पर खनिज विभाग ने कसी कमर, रायपुर-धमतरी सहित कई जिले होंगे कवर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में अवैध खनन और ओवर माइनिंग पर लगाम कसने के लिए अब हाईटेक निगरानी तंत्र तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर खनिज विभाग ड्रोन कैमरों से खदानों की एरियल निगरानी और 10 प्रमुख परिवहन रूट्स पर ई-चेक गेट सिस्टम लागू करने की तैयारी में है। खनिज विभाग के सचिव पी. दयानंद ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि प्रदेश में अवैध खनन रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

शुरुआती चरण में पांच ड्रोन कैमरे सर्विस मोड पर लिए जाएंगे और उनके संचालन के लिए विशेषज्ञों की टीम भी तैनात रहेगी। इन्हें खासतौर पर रायपुर, धमतरी, बलौदाबाजार और बिलासपुर जैसे जिलों की खदानों में लगाया जाएगा, जहां अवैध खनन की शिकायतें सबसे अधिक सामने आती रही हैं। इस तकनीक का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि जंगल और पहाड़ी जैसे दुर्गम इलाकों में भी निगरानी संभव हो सकेगी, जहां पारंपरिक निरीक्षण में अधिक समय और संसाधन लगते हैं। ड्रोन से मिलने वाली हाई-रिजोल्यूशन तस्वीरें और मैपिंग डेटा सीधे विभाग तक पहुंचेगा, जिससे तत्काल कार्रवाई संभव हो सकेगी। खनिज परिवहन को पारदर्शी और नियंत्रित बनाने के लिए 10 प्रमुख परिवहन रूट्स पर पूरी तरह डिजिटल ई-चेक गेट सिस्टम लागू किया जाएगा। खदान से निकलने वाले हर वाहन का ऑनलाइन रिकॉर्ड तैयार होगा। जैसे ही कोई ट्रक चेक गेट से गुजरेगा, उसका वाहन नंबर, खनिज का प्रकार, मात्रा और गंतव्य तुरंत सिस्टम में दर्ज हो जाएगा। यह व्यवस्था रियल टाइम ट्रैकिंग की सुविधा भी देती है, जिससे अधिकारी किसी भी समय यह देख सकेंगे कि कौन सा वाहन कहां से निकला और कहां तक पहुंचा। पहले जहां कागजी दस्तावेजों में हेरफेर की गुंजाइश रहती थी, वहीं अब डेटा सीधे सिस्टम में दर्ज होने से गड़बड़ी पकड़ना आसान हो जाएगा। इससे ओवरलोडिंग, बिना रॉयल्टी परिवहन और टैक्स चोरी पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो पाएगा।

खदानों के आस-पास ड्रोन कैमरे तैनात किए जाएगे

प्रमुख खदानों और उनके आसपास के इलाकों में ड्रोन कैमरे तैनात किए जाएंगे, जो एरियल सर्वे और 3डी मैपिंग के जरिए खनन गतिविधियों पर नजर रखेंगे। इससे यह स्पष्ट हो सकेगा कि खनन तय लीज क्षेत्र के भीतर हो रहा है या सीमा से बाहर भी खुदाई की जा रही है। समय-समय पर मिलने वाले डेटा की तुलना कर ओवर माइनिंग की गतिविधियों को आसानी से पकड़ा जा सकेगा।

अवैध सोशल मीडिया सामग्री पर ईसीआई की कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग ने दोहराया है कि सभी हितधारक सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000, आईटी नियम, 2021 और आदर्श आचार संहिता सहित मौजूदा कानूनी प्रावधानों के अनुपालन में सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म का जिम्मेदार और नैतिक उपयोग सुनिश्चित करेंगे।आयोग ने निर्देश दिया है कि किसी भी भ्रामक या अवैध एआई-जनित या हेरफेर की गई सामग्री पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के संज्ञान में लाए जाने के 3 घंटे के भीतर कार्रवाई की जाएगी। राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और अभियान प्रतिनिधियों के लिए यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि प्रचार के लिए उपयोग की जाने वाली किसी भी सिंथेटिक रूप से निर्मित या एआई-परिवर्तित सामग्री को स्पष्ट रूप से "एआई-जनित", "डिजिटल रूप से संवर्धित" या "सिंथेटिक सामग्री" के रूप में लेबल किया जाए, साथ ही पारदर्शिता और मतदाता विश्वास बनाए रखने के लिए मूल इकाई का खुलासा भी किया जाए। असम, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं के चल रहे चुनावों में, ऐसी सोशल मीडिया सामग्री जैसे कि पोस्ट जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हैं, कानून और व्यवस्था को बाधित करते हैं या जिनमें बाधित करने की क्षमता है, और मतदान प्रक्रिया या मशीनरी के खिलाफ झूठी कहानियों की निगरानी की जा रही है और आईटी अधिनियम के तहत अधिसूचित संबंधित राज्य आईटी नोडल अधिकारियों द्वारा उन पर कार्रवाई की जा रही है। तदनुसार 15 मार्च 2026 को चुनावों की घोषणा के बाद से चल रहे चुनावों में सामग्री को हटाने, एफआईआर , स्पष्टीकरण और खंडन सहित 11 हजार से अधिक ऐसे सोशल मीडिया पोस्ट/यूआरएल की पहचान की गई है और उन पर कार्रवाई की गई है। आयोग ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के तहत प्रावधानों को भी दोहराया, जो मतदान की समाप्ति से पहले 48 घंटे की मौन अवधि के दौरान मतदान क्षेत्रों में किसी भी चुनावी मामले के प्रदर्शन को प्रतिबंधित करते हैं।

चौक-चौराहों में बनेंगे प्रतीक्षा शेड

■ ट्रैफिक सिंग्नल में प्रतीक्षा करने वालों को अब तेज धूप व बारिश में नहीं होगी परेशानी

रायपुर/नवप्रदेश। शहर के चौक-चौराहों में लगे ट्रेफिक्र सिंग्नल के लाल होने के कारण नागरिको वाहन चालकों के रूकने के समय तेज धूप व बारिश के पानी से अब परेशानी नही होगी क्योंकि निगम शहर के ट्रेफिक्र सिग्नल वाले प्रमुख चौक-चौराहों में प्रतीक्षा शेड का निर्माण करा रहा है। रविवार को प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने सीएसईबी चौक में 32 लाख 30 हजार रूपये की लागत से बनने जा रहे 02 प्रतीक्षा शेड के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। कोरबा शहर के विभिन्न चौक. चौराहों में आवागमन व्यवस्था सुचारू बनाये रखने के मद्देनजर ट्रेफिक्र सिग्नल स्थापित किये गये हैंए इन चौक-चौराहों से गुजरने वाले नागरिकों, वाहन चालकों को ट्रेफिक्र लाल होने के समय रूक कर प्रतीक्षा करनी होती है जिससे विशेष रूप से तेज धूप व बारिश के दौरान उन्हें परेशानी होती है। नागरिकों, वाहन चालकों को इस परेशानी से छुटकारा दिलाने हेतु नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा शहर के विभिन्न चौक-चौराहों में सड़क के ऊपर प्रतीक्षा शेड बनाये जाने की योजना बनाई गई है। प्रारंभ में सीएसईबी चौक में 02 नग प्रतीक्षा शेड बनाये जायेंगे जिनका भूमिपूजन रविवार को उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के करकमलों से सम्पन्न हुआ तथा प्रतीक्षा शेड का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया।

साय सरकार के प्रयासों से साकार हुआ सपना

■ प्रधानमंत्री आवास योजना ने बदली मन्नू-बिमला राठौर की जिंदगी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में साय सरकार के संवेदनशील नेतृत्व और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से अब गरीब परिवारों का पक्के घर का सपना तेजी से साकार हो रहा है। इसका एक प्रेरणादायक उदाहरण जनपद पंचायत गौरेला के ग्राम पंचायत गोरखपुर में देखने को मिला, जहां श्री मन्नू राठौर और उनकी पत्नी श्रीमती बिमला राठौर ने योजना का लाभ लेकर अपने जीवन की दिशा ही बदल दी। कभी कच्चे और जर्जर मकान में जीवन यापन करने वाला यह परिवार हर मौसम में कठिनाइयों का सामना करता था। बरसात में टपकती छत, गर्मी और सर्दी में असुरक्षित वातावरण ने उनके जीवन को बेहद चुनौतीपूर्ण बना रखा था। सीमित आय के कारण पक्का घर बनाना उनके लिए एक दूर का सपना था। वित्तीय वर्ष 2024-25 में उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 1 लाख 20 हजार रुपये की स्वीकृति मिली। यह आर्थिक सहायता उनके जीवन में नई उम्मीद बनकर आई। योजना से प्राप्त राशि और अपनी मेहनत के बल पर मन्नू राठौर ने धीरे-धीरे अपने सपनों का पक्का घर तैयार कर लिया। आज उनका परिवार एक सुरक्षित, स्वच्छ और मजबूत मकान में निवास कर रहा है। बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण मिला है, वहीं पूरे परिवार के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार आया है। श्रीमती बिमला राठौर बताती हैं कि अब उन्हें बारिश या तूफान की कोई चिंता नहीं रहती और वे अपने घर में गर्व और सम्मान के साथ जीवन व्यतीत कर रही हैं।

न्यायमूर्ति चौरड़िया ने रायपुर जिला उपभोक्ता आयोग में अतिरिक्त पीठ का किया उद्घाटन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री गौतम चौरड़िया ने आज सवेरे जिला उपभोक्ता आयोग, रायपुर की अतिरिक्त पीठ का उद्घाटन किया। न्यायमूर्ति श्री चौरड़िया ने अपने उद्बोधन में कहा कि ÷उपभोक्ता हितों की रक्षा और न्याय की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित करना हमारा सर्वोच्च प्राथमिकता है।÷ इस अतिरिक्त पीठ की स्थापना उपभोक्ता मामलों के शीघ्र निपटारे की दिशा में एक उल्लेखनीय पहल है। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग के द्विवार्षिक प्रतिवेदन विमोचन एवं उपभोक्ता सम्मेलन के अवसर पर 12 अप्रैल 2025 को उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव द्वारा इस संबंध में की गई घोषणा को स्मरण करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

उपभोक्ता मामलों के शीघ्र निपटारे की दिशा में एक उल्लेखनीय पहल

तीन माह के चावल वितरण की अव्यवस्था से जनता त्रस्त

■ सरकार का 'चावल उत्सव' बना 'अव्यवस्था उत्सव' : आम आदमी पार्टी

रायपुर/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रदेश के लगभग 73 लाख राशन हितग्राहियों को तीन माह का चावल एकमुश्त बांटने के फैसले को लेकर राज्य सरकार पर जोरदार हमला बोला है। प्रदेश अध्यक्ष (कर्मचारी विंग) विजय कुमार झा, प्रदेश प्रवक्ता जयदीप खनूजा, प्रदेश मीडिया प्रभारी मिहिर कुर्मी और प्रदेश सोशल मीडिया सह प्रभारी मिथलेश साहू द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस निर्णय को पूरी तरह अव्यवस्थित और जनविरोधी बताते हुए कहा कि सरकार का तथाकथित 'चावल उत्सव' अब जमीनी स्तर पर 'अव्यवस्था उत्सव' में बदल चुका है।

पार्टी पदाधिकारियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि बिना पर्याप्त तैयारी के तीन माह का चावल एक साथ वितरण करने का निर्णय जनता पर अतिरिक्त बोझ डाल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राशन दुकानों में न तो पर्याप्त स्टॉक है और न ही ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था सही है, जिससे हितग्राहियों को बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

जमीनी स्तर पर ये समस्याएं आईं सामने

- राशन दुकानों में तीन माह के हिसाब से चावल उपलब्ध नहीं
- ट्रांसपोर्ट गाड़ियों की भारी कमी, सप्लाई बाधित
- अप्रैल माह का भंडारण अधूरा, मई-जून का स्टॉक नहीं पहुंचा
- हितग्राहियों को कई बार खाली हाथ लौटना पड़ रहा
- एकमुश्त चावल ले जाने में 100-150 रुपये तक अतिरिक्त खर्च
- छोटे घरों में चावल के सुरक्षित भंडारण की समस्या।

प्रधानमंत्री जनमन योजना से बदली सेजाडीह की तस्वीर

पहाड़ों के बीच बसे बैगा परिवारों तक पहली बार पहुंची पक्की सड़क

घाट काटकर बनाई सड़क, अब गांव में हर मंगलवार को बाजार लगना भी हुआ शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री जनमन योजना से कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र में बसे ग्राम सेजाडीह की तस्वीर अब बदल चुकी है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से ग्राम सेजाडीह के लोगों को वह सुविधा मिली है जिसका इंतजार उन्होंने पीढ़ियों तक किया था। योजना के अंतर्गत पीएमजीएसवाई विभाग द्वारा सेंदूरखार से सेजाडीह तक 2.10 किलोमीटर लंबी पक्की सड़क का निर्माण कराया गया है। इस सड़क निर्माण कार्य पर 1 करोड़ 56 लाख 88 हजार रुपए की लागत आई है। यह कार्य आसान नहीं था, क्योंकि गांव पहाड़ी क्षेत्र में स्थित है। सड़क निर्माण के लिए पहाड़ों की घाट कटिंग कर रास्ता तैयार किया गया।

कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र में बसे ग्राम सेजाडीह के लोगों के लिए एक समय ऐसा था, जब गांव तक पहुंचना किसी चुनौती से कम नहीं था। पहाड़ की ऊंचाई पर बसे इस गांव में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा परिवारों को वर्षों से आवागमन के लिए समस्या का सामना करना पड़ता था। गांव तक जाने के लिए केवल संकरे और पहाड़ी रास्ते थे, जिन पर पैदल चलना भी कठिन था। आजादी के दशकों बाद भी गांव के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे। मरीजों को अस्पताल ले जाना, बच्चों का स्कूल जाना, महिलाओं का घरेलू सामान लाना, किसानों का उपज बाजार तक पहुंचाना हर काम कठिनाइयों से भरा हुआ था।

ग्राम सेजाडीह के निवासी श्री धनसिंह धुर्वे बताते हैं कि पहले गांव तक कोई सड़क नहीं थी। राशन, दवाई, घरेलू सामान और खेती के लिए आवश्यक वस्तुएं लाने के लिए पंडरिया और कुई बाजार तक जाना पड़ता था। सामान सिर पर या कंधे पर रखकर पहाड़ी रास्तों से गांव तक लाना बहुत कठिन था। धनसिंह कहते हैं कि अब पक्की सड़क बनने के बाद गांव तक वाहन आसानी से पहुंच रहे हैं। जरूरत का सामान सीधे गांव तक आ रहा है। इससे समय की बचत होने के साथ-साथ ग्रामीणों का श्रम भी कम हुआ है। अब गांव में हर मंगलवार को बाजार लगना भी शुरू हो गया है।

उदेंगा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया अक्ति तिहार, माटी पूजन कर शुरू हुआ खेती-किसानी का नया सत्र

■ पुतरा-पुतरी के ब्याह और पारंपरिक रीति-रिवाजों से जीवंत हुई बस्तर की संस्कृति

फरसगांव/रांधना/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति और कृषि परंपरा का महापर्व अक्ति तिहार' (अक्षय तृतीया) सोमवार को कोंडागांव जिले के माकड़ी ब्लॉक स्थित ग्राम उदेंगा सहित पूरे बस्तर अंचल में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर ग्रामीणों ने माटी पूजन कर आगामी फसल के लिए सुख-समृद्धि की कामना की और खेती-किसानी के नए सत्र का शंखनाद किया। कोठी से निकला बीज, खेतों में हुआ माटी पूजन

ग्राम उदेंगा के सक्रिय युवा अनंत जैन ने पर्व की महत्ता बताते हुए कहा कि अक्ति तिहार केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि किसानों के लिए नए संकल्प का दिन है। इस दिन किसान अपनी कोठी (धान भंडारण) से बीज निकालकर विशेष पूजा-अर्चना करते हैं। मान्यता है कि इस दिन धरती माता का आशीर्वाद लेने से फसल लहलहाती है और प्रकृति का संरक्षण होता है। खेतों में सांकेतिक रूप से बुवाई कर कृषि कार्यों की औपचारिक शुरुआत की गई।

नन्हे हाथों ने रचाया 'पुतरा-पुतरी' का ब्याह: अक्ति तिहार का सबसे आकर्षक पहलू बच्चों द्वारा मिट्टी के बने पुतरा-पुतरी (गुड्डा-गुड़िया) का विवाह रहा। गांव के घरों में बच्चों ने पारंपरिक विवाह रस्मों का जीवंत प्रदर्शन किया। हल्दी की रस्म से लेकर बारात, फेरे और मांगलिक गीतों के बीच गुड्डा-गुड़िया का ब्याह संपन्न कराया गया।

बड़ेडोंगर में अक्षय तृतीया की धूम

फरसगांव ब्लाक के पावन नगरी ग्राम बड़ेडोंगर में शनिवार को अक्षय तृतीया (अक्ती तिहार) का पर्व अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। भक्ति और आध्यात्म के वातावरण में डूबे ग्रामवासियों ने सामूहिक एकजुटता का परिचय देते हुए सुख-समृद्धि की कामना की।

परंपरा और आधुनिकता का संगम-सुबह से ही गांव में उत्सव का माहौल रहा। ग्रामवासियों ने अपने-अपने इष्ट एवं कुल देवी-देवताओं का स्मरण कर विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने सामूहिक रूप से पूजा-पाठ में हिस्सा लिया, जो सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे की एक सुंदर तस्वीर पेश कर रहा था।

अक्षय तृतीया उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया

फरसगांव नगर के वार्ड क्रमांक 9 में रविवार को अक्षय तृतीया (अक्ति) का पारंपरिक उत्सव इस वर्ष विशेष उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ाव का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पुतली-पुतला का विवाह संपन्न कराना रहा, जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।उत्सव के दौरान बच्चों ने न केवल विवाह की सभी रस्मों को बारीकी से निभाया, बल्कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक परंपराओं और संस्कारों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।

न्यूज गैलरी

अंतागढ़ नगर पंचायत प्रीमियर क्रिकेट लीग सीजन-2 संपन्न

अंतागढ़ /नवप्रदेश। नगरपंचायत अंतागढ़ में 11 अप्रैल से 19 अप्रैल तक आयोजित प्रीमियर क्रिकेट लीग (सीजन-2) का सफलतापूर्वक समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया और पूरे आयोजन के दौरान रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। फाइनल मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन ॠकिंग्स और गुप्ता इलेवन के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ॠकिंग्स ने 71 रनों का लक्ष्य निर्धारित किया। जवाब में गुप्ता इलेवन की टीम 53 रन ही बना सकी और 17 रनों से मैच हार गई। इस तरह ॠकिंग्स ने लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम कर लिया।विजेता टीम को ट्रॉफी एवं पुरस्कार भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक डॉ. राजेश कौशल द्वारा प्रदान किया गया। ॠकिंग्स टीम के मालिक संदीप गुप्ता तथा गुप्ता इलेवन के टीम मालिक अविनाश रहे। व्यक्तिगत प्रदर्शन में अजय दर्रो को 'मैन ऑफद सीरीज' तथा कमलेश देहारी को 'मैन ऑफद मैच' का पुरस्कार प्रदान किया गया। पूरे टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए आयोजकों एवं खिलाड़ियों की सराहना की गई।

अंतागढ़ में भगवान परशुराम जयंती श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई

अंतागढ़ / नवप्रदेश। नगर के ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम की जयंती श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर स्थानीय हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें समाज प्रमुख लोगों के साथ ही नगर के नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा एक-दूसरे को जयंती की शुभकामनाएं दीं। समाज के वरिष्ठजनों ने अपने उद्बोधन में बताया कि भगवान परशुराम ने सदैव सत्य, धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने का संदेश दिया है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि सभी उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लें।ज्ञात हो कि भगवान परशुराम जयंती प्रतिवर्ष वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाती है, जिसे अक्षय तृतीया के रूप में भी जाना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इसी दिन भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का अवतरण हुआ था। यह पर्व शक्ति, धर्म और न्याय की स्थापना का प्रतीक माना जाता है।

जनगणना 2027 के तहत स्व-गणना 30 अप्रैल तक

कांकेर/नवप्रदेश। जनगणना-2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य को सफलतापूर्वक संपादित करने हेतु कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के नागरिकों से स्व-गणना पोर्टल https://se.census.gov.in पर स्वयं जानकारी दर्ज करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जनगणना 2027 के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में स्व-गणना 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक किया जाएगा, जबकि मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना 01 मई से 30 मई तक किया जाएगा। प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी दर्ज करेंगे तथा हर मकानों की जानकारी दर्ज की जाएगी। इसके अलावा घर की स्थिति, सुविधाएं और मूलभूत जानकारी भी संकलित की जाएगी। जनगणना अधिनियम 1948 के तहत आपकी जानकारी पूरी तरह सुरक्षित एवं गोपनीय रखी जाएगी।

दिव्यांगजनों को नि:शुल्क सहायक उपकरण प्रदान करने शिविर 22 से 24 अप्रैल तक

कांकेर/नवप्रदेश। एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के निगमित सीएसआर मद से दिव्यांगजन को निःशुल्क सहायक उपकरण प्रदाय करने हेतु मूल्यांकन शिविर का आयोजन जनपद पंचायतों में 22 अप्रैल से 24 अप्रैल तक प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे तक आयोजित किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 अप्रैल को जनपद पंचायत कांकेर में आयोजित होने वाले मूल्यांकन शिविर में चारामा, कांकेर और नरहरपुर जनपद पंचायत के दिव्यांगजन सम्मिलित हो सकते हैं। इसी प्रकार 23 अप्रैल को भानुप्रतापपुर जनपद पंचायत में भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ और दुर्गूकोंदल तथा 24 अप्रैल को कोयलीबेड़ा में आयोजित मूल्यांकन शिविर में कोयलीबेड़ा, अंतागढ़ और दुर्गूकोंदल जनपद पंचायत के दिव्यांगजन शामिल होंगे।

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण

नन्हे वैज्ञानिकों ने जाना खेतों का 'विज्ञान' कृषि विज्ञान केंद्र में दिखा भविष्य का भारत

फरसगांव/नवप्रदेश। आज की युवा पीढ़ी को मिट्टी से जोड़ने और उन्हें उन्नत कृषि तकनीकों से अवगत कराने के उद्देश्य से पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय माध्यमिक विद्यालय, केशकाल के विद्यार्थियों हेतु एक विशेष शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने किताबी ज्ञान को धरातल पर उतरते देखा।

करियर की असीम संभावनाएं: डॉ. सुरेश मरकाम-कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे केवीके प्रमुख एवं सब्जी विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. सुरेश मरकाम ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कृषि के प्रति पुरानी धारणाओं को बदला। उन्होंने कहा:÷कृषि अब केवल पारंपरिक हल-बैल तक सीमित नहीं है। यह अनुसंधान, इंजीनियरिंग और बिजनेस मैनेजमेंट का एक आधुनिक संगम है। एग्री-स्टार्टअप और मृदा विज्ञान जैसे क्षेत्रों में युवा एक उज्ज्वल भविष्य गढ़ सकते हैं।

उपहार में मिला 'कृषि पंचांग'भ्रमण के समापन पर विद्यार्थियों को 'कृषि पंचांग' वितरित किया गया। यह पंचांग केवल एक कैलेंडर नहीं, बल्कि खेती की संपूर्ण मार्गदर्शिका है, जिसमें माहवार फसलों की जानकारी और शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का संकलन है।

विशेषज्ञों ने साझा किए नवाचार के सूत्र-

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को कृषि के विभिन्न पहलुओं से रूबरू कराने के लिए अलग-अलग विभागों के वैज्ञानिकों ने मोर्चा संभाला:उन्नत तकनीक: सस्य वैज्ञानिक डॉ. भूपेंद्र ठाकुर ने बीजों के चयन और फसल प्रबंधन की बारीकियों को समझाया।हाई-टेक पशुपालन: पशु चिकित्सा वैज्ञानिक डॉ. हितेश मिश्रा ने बताया कि कैसे आधुनिक पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन सकता है।आधुनिक यंत्र: कृषि अभियांत्रिकी विशेषज्ञ डॉ. प्रिया सिन्हा ने कृषि में उपयोग होने वाले उन आधुनिक यंत्रों का प्रदर्शन किया जो श्रम और समय की बचत करते हैं।मृदा स्वास्थ्य: मृदा वैज्ञानिक डॉ. बिप्लब चौधरी ने मिट्टी परीक्षण की आवश्यकता पर जोर देते हुए 'स्वस्थ धरा, खेत हरा' का संदेश दिया।

व्यावहारिक शिक्षा पर जोर-

स्कूल की प्राचार्य श्रीमती संगीता भास्कर और हेड मास्टर श्री एमके घरत ने इस पहल को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे भ्रमण से छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ती है। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक और केवीके का स्टाफ सक्रिय रूप से उपस्थित रहा।

निष्कर्ष: यह शैक्षणिक भ्रमण केवल एक दौरा नहीं था, बल्कि केशकाल के इन विद्यार्थियों के लिए भविष्य के 'कृषि उद्यमी' बनने की दिशा में पहला कदम साबित हुआ।

जिला खनिज संस्थान न्यास निधि से 811 करोड़ के विकास कार्य

कांकेर/नवप्रदेश। जिले ने विकास और खनिज राजस्व के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जिला खनिज संस्थान न्यास निधि (डीएमएफ) के प्रभावी उपयोग और राजस्व वसूली में बेहतर प्रदर्शन के चलते जिले के सभी सातों विकासखण्डों कांकेर, चारामा, नरहरपुर, भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल, अंतागढ़ और कोयलीबेड़ा में विकास कार्यों ने अभूतपूर्व गति पकड़ी है।

कांकेर जिले में जिला खनिज संस्थान न्यास निधि के अंतर्गत 31 जनवरी 2026 की स्थिति में 811 करोड़ 26 लाख रुपये की लागत से 05 हजार 89 कार्यों को स्वीकृति दी गई है, इनमें से अब तक 622 करोड़ 69 लाख रुपये विकास कार्यों में व्यय हो चुके हैं जो पूर्ण राशि का 76.7 प्रतिशत है। स्वीकृत कार्यों में अब तक 03 हजार 793 कार्य पूर्ण हो चुके हैं। शिक्षा के क्षेत्र में 161 करोड़ 17 लाख रुपये और भौतिक आधारभूत संरचना निर्माण में 249 करोड़ 14 लाख रुपये स्वीकृत किए गए। खनन प्रभावित विकासखण्ड अंतागढ़, कोयलीबेड़ा और दुर्गूकोंदल में स्वास्थ्य और पेयजल से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी गई।

राजस्व वसूली में लक्ष्य से अधिक उपलब्धि-वित्तीय वर्ष 2025-26 में खनिज राजस्व का लक्ष्य 453 करोड़ 88 लाख रुपये का लक्ष्य निर्धारित था, जिसके विरूद्ध 471 करोड़ 30 लाख रुपये की वसूली की गई जो लक्ष्य का 103.80 प्रतिशत है। इससे पहले वर्ष 2024-25 में भी 250 करोड़ 20 लाख रुपये के लक्ष्य के विरुद्ध 330 करोड़ 54 लाख रुपए वसूले गए थे।

जो लक्ष्य का 132.11 प्रतिशत था। जिले में डीएमएफ अंशदान भी पिछले 10 वर्षों में 01 करोड़ 44 लाख रुपये से बढ़कर 150 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

बीजापुर में योग आयोग अध्यक्ष का दो दिवसीय दौरा, योग से स्वास्थ्य जागरूकता पर जोर

बीजापुर / नवप्रदेश। योग आयोग के अध्यक्ष श्री रूपनारायण सिन्हा का बीजापुर जिले में दो दिवसीय दौरा संपन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने जिले में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। दौरे के दौरान अध्यक्ष श्री सिन्हा ने आम नागरिकों एवं विद्यार्थियों के साथ योग अभ्यास किया और नियमित योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताया। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।

अपने कार्यक्रम के तहत उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका आश्रम का भी दौरा किया। जहां छात्राओं से मुलाकात कर उन्हें नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को बताया कि योग को दिनचर्या में शामिल कर वे स्वस्थ और आत्मविश्वासी बन सकती हैं।

इस दौरे का मुख्य उद्देश्य जिले के लोगों को योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। स्थानीय प्रशासन एवं संस्थानों द्वारा भी इस कार्यक्रम में सहयोग किया गया।

भाजपा महिला आरक्षण संशोधन विधेयक में अपने स्वार्थ साध रही है : राजेश तिवारी

कांकेर/नवप्रदेश। सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर के तत्वाधान में राजीव भवन कांकेर में प्रेस वार्ता आयोजित किया गया था। प्रेसवार्ता में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहां कि केंद्र में बैठी हुई भाजपा की मोदी सरकार ने 15 सितंबर 2023 को नारी शक्ति वंदन अधिनियम जो की महिला आरक्षण विधेयक के नाम से भी जाना जाता है लोकसभा और राज्यसभा के माध्यम से पारित करवाया था और राष्ट्रपति ने भी इसे स्वीकार कर लिया था उस समय विपक्ष ने पूर्ण बहुमत के साथ समर्थन कर

इस बिल को पास कराने में पूर्ण सहयोग किया था लेकिन सरकार ने भी इसका नोटिफिकेशन जारी ही नहीं किया इस वजह से यह बिल अधर में लटक गया था इस बिल के अंदर मूल रूप से बात यह थी कि वर्तमान में लोक सभा की 544 सीट व राज्य सभा की 245 सीटों के अनुरूप महिलाओं को 33प्रतिशत का आरक्षण इस बिल के माध्यम से देना था जिसे भाजपा सरकार ने लागू ही नहीं किया आज तीन वर्ष बीत जाने के बाद जब वर्तमान समय में आसाम बंगाल व तमिलनाडु केरल,में चुनाव हो रहें है।

तब भाजपा को हारने का एहसास हो रहा रहा है इन राज्यों में चुनाव हार रही है तो अपनी राजनीतिक साख बचाने के लिए भाजपा द्वारा महिला आरक्षण संशोधन विधेयक बिल लाकर इसे एक राजनीतिक टूल के रूप में इस्तेमाल करने का प्रयास किया गया जिसे समस्त विपक्ष ने संविधान वह लोकतंत्र की हत्या मानते हुए इसे निरस्त कर इस बिल को बहुमत हासिल होने नहीं दिया गया व गिरा दिया गया।

चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की सतर्कता से टला बाल विवाह

बीजापुर / नवप्रदेश। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बढ़ते प्रचार-प्रसार का सकारात्मक असर अब जमीनी स्तर पर दिखाई देने लगा है। इसी कड़ी में जिला बीजापुर के भैरमगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम पिनकोंडा में संभावित बाल विवाह की सूचना मिलने पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई कर एक नाबालिग बालिका का विवाह रुकवाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पिनकोंडा, थाना मिरतुर क्षेत्र की 17 वर्ष 4 माह 28 दिन की एक बालिका के विवाह की तैयारियां चल रही थीं। जैसे ही इसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को मिली, महिला एवं बाल विकास विभाग, भैरमगढ़ के सेक्टर पर्यवेक्षक, पुलिस थाना मिरतुर और चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

जांच के दौरान पंचनामा तैयार किया गया तथा बालिका और उसके परिजनों को बाल विवाह के गंभीर दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से समझाया गया।

वॉक इन इंटरव्यू 04 से 11 मई तक

बीजापुर / नवप्रदेश। जिले के इच्छुक अभ्यर्थियों को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सिविल सेवा परीक्षा, बैंकिंग परीक्षा, रेल्वे भर्ती बोर्ड, कर्मचारी चयन आयोग, छत्तीसगढ़ व्यापम के माध्यम से ली जाने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण उपलब्ध कराने एवं विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धात्मक बनाकर परिणाम मूलक सफलता सुनिश्चित कराने हेतु इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवारों का वॉक इन इंटरव्यू 04 मई 2026 से 11 मई 2026 तक विभिन्न विषयवार आयोजित किया जाना है।

जनगणना के लिए सुपरवाइजर और प्रगणकों को दी गई प्रशिक्षण

■ जनगणना आंकड़ों का संग्रहण डिजिटल उपकरणों के माध्यम से

कांकेर/नवप्रदेश। भारत की जनगणना 2027 के लिए सुपरवाइजर और प्रगणकों को दो चरणों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। भारत में जनगणना 1872 से की जा रही है आगामी दशकीय जनगणना देश की 16वीं जनगणना और स्वतंत्रता के बाद यह 8वीं जनगणना होगी। यह जनगणना विशिष्ट और उल्लेखनीय है क्योंकि यह भारत की पहली ऐसी जनगणना होगी, जिसमें जनगणना आंकड़ों का संग्रहण डिजिटल उपकरणों के माध्यमों से किया जाएगा जिसकी मॉनिटरिंग सीएमएमएस पोर्टल के माध्यम से की जाएगी।

जनगणना 2027 की तैयारियां तेज

कलेक्टर ने प्रशिक्षण का किया निरीक्षण, दिए अहम दिशा-निर्देश

बीजापुर / नवप्रदेश। जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर जिले में प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया और उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, उपस्थिति एवं प्रशिक्षण सामग्री का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य हैए जो देश की नीतियों और योजनाओं की आधारशिला तय करता है। इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

उन्होंने प्रगणकों को निर्देशित करते हुए कहा कि घर-घर जाकर सटीक एवं निष्पक्ष जानकारी संकलित करें तथा प्रत्येक परिवार से संवाद स्थापित कर सही डेटा संग्रह सुनिश्चित करें। सुपरवाइजर्स को उन्होंने अपने अधीन कार्यरत प्रगणकों की नियमित मॉनिटरिंग करने और कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने विशेष रूप से डिजिटल माध्यमों के उपयोग, समय-सीमा के पालन तथा गोपनीयता बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जनगणना के दौरान प्राप्त सभी जानकारियां पूर्णतः गोपनीय होती हैं, इसलिए इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों ने जनगणना प्रक्रिया, प्रपत्र भरने की विधि, मोबाइल एप के उपयोग एवं संभावित चुनौतियों के समाधान पर विस्तार से जानकारी दी।

खनिज प्रभावित क्षेत्र के कोर एरिया में स्थित गांवों को मॉडल गांव में रूप में विकसित की योजना

कांकेर/नवप्रदेश। जिले के खनिज प्रभावित क्षेत्रों के कोर एरिया में स्थित गांवों को मॉडल गांव के रूप में विकसित करने की योजना बनाई जा रही है। चिन्हांकित गांवों में सभी मूलभूत सुविधाएं सड़क, बिजली, पानी उपलब्ध कराने के साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों सहित अन्य संस्थाओं में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने इसके लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं।

सोमवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में उनके द्वारा विभिन्न प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करते हुए इस आशय के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागीय कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए निर्देशित किया। सभी विभागों को आगामी पांच साल की कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिए गए। बस्तर मुन्ने अभियान की सफलता के लिए विभागीय योजनाओं में पात्रता एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी उपलब्ध कराने कहा गया। कलेक्टर द्वारा सभी विभागों को ई-ऑफिस में कार्य करने तथा कार्यालय में अधिकारी-कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया।

चिरायु टीम की करें सतत् मॉनिटरिंग, लापरवाही पर की जाएगी कार्रवाई: कलेक्टर

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय स्वास्थ्य विभाग की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने जिले की स्वास्थ्य अधोसंरचना, मानव संसाधन और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग में मैनपावर की कमी को दूर करने के लिए निर्देशित किया उन्होंने एनएचएम के माध्यम से जारी भर्ती प्रक्रिया के साथ ही डीएमएफ मद से स्वीकृत अतिरिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया को एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने एनएचएम नियुक्तियों के उपरांत खाली रह गए पदों को भरने हेतु तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया। कलेक्टर ने बतौली स्वास्थ्य विभाग के भवन की मरम्मत तत्काल प्रारंभ करने तथा अन्य स्वीकृत भवनों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य केंद्रों में सोनोग्राफी सेवाएं सुचारू रूप से संचालित हों और संबंधित स्टाफ को आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने मातृत्व स्वास्थ्य के प्रतिशत में वृद्धि करने और स्वास्थ्य संस्थाओं की क्षमता के अनुसार 'नाइट डिलीवरी' (रात्रि प्रसव) सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने हाई रिस्क प्रेग्नेंसी के मामलों को कारणों सहित चिन्हित कर

उनकी सघन मॉनिटरिंग करने को कहा गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजनों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने चिरायु टीम को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में पहुंचकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित करें तथा जन्मजात विकृतियों, विभिन्न बीमारियों, पोषण संबंधी कमियों की शीघ्र पहचान करते हुए प्रभावित बच्चों को समय पर उच्चस्तरीय उपचार सुनिश्चित करें।

टीबी मुक्त भारत और आयुष्मान भारत अभियान

राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने लक्ष्य आधारित कार्य करने पर जोर दिया, उन्होंने जिले में सक्रिय टीबी मरीजों की जानकारी लेते हुए '100 डेज कैंपेन' के लक्ष्यों को शत-प्रतिशत प्राप्त करने को कहा। उन्होंने बीएमओ को जनपद सीईओ के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाने हेतु पोषण किट ग्राम पंचायत के माध्यम से वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति, विशेषकर 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के लिए जारी विशेष योजना की समीक्षा की।

न्यूज गैलरी

जम्मू से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार नाबालिग बालिका बरामद

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिला में पुलिस ने दुष्कर्म मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी को जम्मू से गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई डीआईजी एवं एसएसपी राजेश कुमार अग्रवाल के निर्देशन में थाना मणिपुर पुलिस टीम द्वारा की गई। पुलिस के अनुसार 9 अप्रैल 2026 को पीड़िता की मां ने थाना मणिपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बेटी 24 जनवरी 2026 से लापता है। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बावजूद उसका पता नहीं चल सका। इस पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 70/26 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि नाबालिग बालिका आरोपी अजय शंकर तिवारी के साथ जम्मू के विजयपुर क्षेत्र में है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम तत्काल जम्मू रवाना हुई और वहां से बालिका को बरामद कर लिया। पूछताछ में पीड़िता ने बताया कि आरोपी उसे बहला-फुसलाकर शादी का झांसा देकर जम्मू ले गया और वहां उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी ग्राम निवासी डोरला जिला जांजगीर-चांपा निवासी अजय शंकर तिवारी (26 वर्ष) को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपराध स्वीकार कर लिया। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ बीएनएस की धारा 64(2)(ड) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 4 और 6 के तहत कार्रवाई की। फिलहाल आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

मुस्लिम समाज ने किया परशुराम शोभायात्रा का स्वागत

सक्ती/नवप्रदेश। सक्ति नगर में भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान शहर में गंगा-जमुनी तहजीब का एक सुंदर नजारा देखने को मिला, जब मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया और भाईचारे का संदेश दिया। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से गुजरी, मुस्लिम समाज के लोगों ने अस्पताल चौंक के पास ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों और भगवान परशुराम के स्वरूपों का स्वागत किया। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि मुस्लिम समाज के वरिष्ठ जनों ने शोभायात्रा में शामिल अतिथियों को फूल-मालाओं से उनका आत्मीय अभिनंदन किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि त्योहार समाज को जोड़ने का काम करते हैं। मुस्लिम समाज द्वारा किए गए इस स्वागत ने यह सिद्ध कर दिया कि शक्ति नगर में आपसी प्रेम और सद्भाव की जड़ें बहुत गहरी हैं। ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने भी इस स्नेहपूर्ण व्यवहार के लिए मुस्लिम समाज का आभार व्यक्त किया। भगवान परशुराम के जयघोष से पूरा शहर गुंजायमान रहा। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं और बुजुर्ग पारंपरिक वेशभूषा और केसरिया साफे में नजर आए। इस दौरान पुलिस प्रशासन की भी चाक-चौबंद व्यवस्था रही। इस अवसर पर समाज के मुखिया हाजी तैयब अली, शेख महबूब भाई, हाजी वाहिद भाई, शम्सतमरेज खान, इब्राहिम खान, मजीद खान, बशीर खान, इकबाल खान, गुलाम भाई, काफी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल रहे।

महतारी वंदन योजना से संवर रही पहाड़ी कोरवा परिवारों की तकदीर

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी 'महतारी वंदन योजना' प्रदेश की महिलाओं के लिए न केवल आर्थिक संबल, बल्कि स्वावलंबन का नया आधार बन रही है। विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय की श्रीमती करियो के जीवन में आई खुशहाली लेकर आई है। अम्बिकापुर विकासखण्ड के ग्राम रामनगर की रहने वाली श्रीमती करियो ने योजना से प्राप्त सहायता राशि का सदुपयोग कर न केवल अपना भविष्य संवारा है, बल्कि अपने पूरे परिवार की स्थिति को बेहतर बनाया है। श्रीमती करियो बताती हैं कि पहले उनके परिवार की आर्थिक स्थिति चुनौतीपूर्ण थी। दैनिक खर्चों के लिए उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ता था। महतारी वंदन योजना के लागू होने के बाद, जब उनके खाते में राशि आनी शुरू हुई, तो उन्होंने इसे घरेलू खर्चों में लगाने के बजाय निवेश का रास्ता चुना। उन्होंने इस राशि को सहेज कर बकरियां खरीदीं और पशुपालन शुरू किया। अपनी सफलता साझा करते हुए श्रीमती करियो ने बताया कि मैंने योजना के पैसों से बकरियां खरीदीं और साल भर उनकी देखभाल की।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल और सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने श्री अग्रोहा पैलेस का किया भूमिपूजन

अग्रोहा पैलेस सामाजिक चेतना का बनेगा नया केंद्र

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने अंबिकापुर में प्रस्तावित श्री अग्रोहा पैलेस का विधिवत भूमिपूजन कर आधारशिला रखी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि परम पूज्य महाराजा अग्रसेन जी के वंशज होने का गौरव केवल हमारी पहचान नहीं, बल्कि एक पुनीत उत्तरदायित्व भी है। सेवा, त्याग और लोकमंगल की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए यह परियोजना समाज के सामूहिक संकल्प और सहभागिता का प्रतीक बनेगी।

मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि किसी भी भवन की सार्थकता केवल उसके भौतिक स्वरूप में नहीं, बल्कि उसमें निहित सेवा भावना और समाज के प्रति समर्पण में होती है। उन्होंने विश्वास जताया कि समस्त समाज के सहयोग से

निर्मित श्री अग्रोहा पैलेस आने वाले समय में जनसेवा, सामाजिक जागरूकता और सामुदायिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा। उन्होंने बताया कि यह भव्य परिसर 150 अत्याधुनिक कमरों, विशाल हॉल तथा सर्वसुविधायुक्त लॉन से सुसज्जित होगा, जो न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे मध्य भारत में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा। इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि अग्र समाज का इतिहास सेवा, समर्पण और लोककल्याण की गौरवशाली परंपरा से परिपूर्ण रहा है। हमारे पूर्वजों ने धर्मशालाएं, बावड़ियां और अन्न क्षेत्र बनाकर मानवता की सेवा का आदर्श प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि कोई भी भवन केवल ईंट-पत्थरों से नहीं, बल्कि उसमें समाहित भावना, सहभागिता और सेवा के भाव से जीवंत बनता है। सांसद श्री अग्रवाल ने समाज के लोगों से आह्वान किया कि वे इस प्रकल्प को सफल बनाने के लिए समाज के अंतिम व्यक्ति को भी जोड़ें। साथ ही उन्होंने गरीब बच्चों की शिक्षा, जरूरतमंद मरीजों के उपचार और बेटियों के सम्मानजनक विवाह में सहयोग देने का संकल्प लेने की अपील की, ताकि श्री अग्रोहा पैलेस वास्तव में समाज सेवा का जीवंत केंद्र बन सके। कार्यक्रम में अग्रवाल सभा अंबिकापुर के अध्यक्ष संजय मित्तल, अजय अग्रवाल, बाबूलाल गोयल, योगेश अग्रवाल, विनोद, कृष्ण कुमार, मनोज जैन सहित समाज के अनेक गणमान्य एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

जनशिकायतों के निराकरण के लिए शिविर 1 मई से

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार राज्य में 'सुशासन तिहार 2026' का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य शासन की योजनाओं को आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुँचाना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है।

कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा 'सुशासन तिहार 2026' के सफल संचालन हेतु जिले के सभी विभागों एवं कार्यालय प्रमुखों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार, 30 अप्रैल तक जिले में लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके अंतर्गत भूमि संबंधी प्रकरण जैसे नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन, मनरेगा के लंबित मजदूरी भुगतान, विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के लंबित प्रकरण, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, विद्युत एवं ट्रांसफार्मर संबंधी समस्याएं तथा हैंडपंप सुधार जैसे विषयों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने पर विशेष जोर दिया गया है। सीपीग्राम, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन एवं अन्य जनशिकायत पोर्टलों में लंबित सभी आवेदनों का शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। निराकरण की स्थिति से आवेदकों को अनिवार्य रूप से अवगत कराने पर भी जोर दिया गया है। अभियान के अंतर्गत 01 मई से 10 जून 2026 के मध्य जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर 'जनसमस्या निवारण शिविर' आयोजित किए जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में 15 से 20 ग्राम पंचायतों के समूह एवं शहरी क्षेत्रों में वार्ड क्लस्टर के आधार पर शिविर लगाए जाएंगे, जहां विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविरों में शासकीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार, पात्र हितग्राहियों को लाभ वितरण तथा प्राप्त आवेदनों का अधिकतम एक माह के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

नामांकन व सीमांकन के लंबित प्रकरण समय सीमा में निराकरण करें: कलेक्टर

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक लेकर लंबित राजस्व प्रकरणों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व से जुड़े मामले आमजन के दैनिक जीवन से सीधे जुड़े होते हैं, अत: सभी अधिकारी संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने विशेष रूप से कोटवारी भूमि के हस्तांतरण एवं क्रय-विक्रय प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र में दर्ज, निराकृत एवं लंबित प्रकरणों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। साथ ही यह परीक्षण भी सुनिश्चित करें कि किन प्रकरणों में एक बार तथा किन मामलों में एक से अधिक बार हस्तांतरण हुआ है। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोटवारी भूमि से संबंधित सभी लंबित प्रकरण पूर्ण

कर कोटवारी भूमि को शासन के खाते में दर्ज किया जाए। जिले में 30 से अधिक कोटवारी भूमि विक्रय के प्रकरणों का निराकरण कर शासन के खाते में दर्ज किया गया है। कलेक्टर श्री वसंत ने शेष प्रकरणों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान बताया गया कि पूरे जिले में कुल 33 कोटवारी भूमि का निराकरण हो गया है एवं विक्रय हो चुकी कोटवारी भूमि को शासन के खाते में दर्ज कर लिया गया है। जिसमें तहसील अंबिकापुर में 16, तहसील लखनपुर में 7, तहसील उदयपुर में 1, तहसील लुण्ड्रा में 1, तहसील बतौली 3, तहसील दरिमा में 5 प्रकरण शामिल है। कलेक्टर श्री वसंत ने शेष प्रकरणों को जल्द निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने मसाहती ग्राम खैरवार के सर्वे को आगामी एक माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में अवैध भूमि अतिक्रमण एवं कब्जे के प्रकरणों की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अतिक्रमण के मामलों में नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विवादित एवं अविवादित नामांतरण, सीमांकन, बटांकन, खाता विभाजन तथा भू-अर्जन प्रकरणों में अपेक्षित प्रगति लाने पर बल दिया विशेष रूप से विवादित एवं अविवादित बंटवारे के लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए, ताकि नागरिकों को अनावश्यक परेशानी न हो। उन्होंने नामांकन एवं सीमांकन के लंबित प्रकरण को समय सीमा के अंदर शत प्रतिशत निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व पखवाड़ा में प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली एवं समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित करते हुए कहा कि माई माह तक जाति प्रमाण पत्र शत प्रतिशत पूर्ण कर वितरण सुनिश्चित करें।

शिक्षा के उजियारे से संवर रहा सुगंधा का भविष्य: आरटीई योजना बनी वरदान

इंग्लिश मीडियम स्कूल में नि:शुल्क मिल रही शिक्षा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री की शिक्षा के प्रति संवेदनशीलता और शिक्षा का अधिकार अधिनियम ने समाज के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के सपनों को नई उड़ान दी है। सरगुजा जिले के अंबिकापुर की रहने वाली बबिता शर्मा और उनके परिवार की कहानी इस बात का जीवंत उदाहरण है कि कैसे सरकारी योजनाएं एक आम आदमी के जीवन में बड़ा बदलाव ला रही हैं।

रेंट के मकान से स्कूल के मैदान तक का सफर

अंबिकापुर के वार्ड क्रमांक 24, ढोलापारा (महामाया मंदिर के पीछे) में रहने वाली बबिता शर्मा एक गृहणी हैं, जबकि उनके पति नंद लाल शर्मा बढ़ई (कारपेंटर) का कार्य कर अपनी आजीविका चलाते हैं। बबिता बताती हैं कि जब वे किराए के मकान में रह रहे थे, तब उन्हें आरटीई के माध्यम से निजी स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश की जानकारी मिली। अपनी आर्थिक स्थिति को देखते हुए उन्होंने अपनी छोटी बेटी सुगंधा शर्मा का फॉर्म भरा।

बचपन का अधूरा सपना, बेटी करेगी पूरा

बबिता शर्मा अपनी आपबीती साझा करते हुए भावुक स्वर में कहती हैं, आर्थिक तंगी के कारण मेरे माता-पिता ने बहुत कम उम्र में मेरी शादी कर दी थी, जिससे मेरी पढ़ाई आठवीं के बाद छूट गई। मेरे पति भी अधिक पढ़े-लिखे नहीं हैं। मैं हमेशा से चाहती थी कि जो मौका मुझे नहीं मिला, वह मेरे बच्चों को मिले।

इंग्लिश मीडियम स्कूल में नि:शुल्क शिक्षा

लॉटरी सिस्टम में सुगंधा का नाम आने के बाद उसका चयन शहर के प्रतिष्ठित विक्टोरिया पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में हुआ। आज सुगंधा वहां अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा ग्रहण कर रही है। बबिता का कहना है कि एक मध्यमवर्गीय या गरीब परिवार के लिए इतने बड़े स्कूल की फीस वहन कर पाना असंभव था, लेकिन आरटीई योजना ने इस बाधा को दूर कर दिया है।

योजना के प्रति जताया आभार

बबिता और उनका परिवार अब सुगंधा को उसी विद्यालय में 12वीं तक पढ़ाने का संकल्प ले चुका है। बबिता ने राज्य सरकार और इस कल्याणकारी योजना को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह योजना गरीब परिवारों के बच्चों को आगे बढ़ने और अपने पैरों पर खड़े होने का वास्तविक साहस दे रही है। हम बहुत खुश हैं कि हमारी बेटी अच्छी पढ़ाई कर रही है। सरकार की इस योजना ने हम जैसे परिवारों की चिंता दूर कर दी है।'

आयोजन

शहर सहित ग्रामीण अंचलों में धूमधाम से अक्ती पर्व मनाया गया

अक्ती पर्व पर पुतरा-पुतरी की पूरी रस्म के साथ की गई शादी

मुंगेली/नवप्रदेश। अक्ती पर्व आज शहर सहित ग्रामीण अंचलों में धूमधाम से मनाया गया। ग्रामीण मटका और पुतरा-पुतरी एक दिन पूर्व ही खरीदकर रख लिए और पुतरा-पुतरी की शादी रचाई गयी और पूरी विवाह शादी की रस्में पूरी की गयी। नौनिहाल बच्चों में भी उत्साह व बाजार रौनक देखा गया। अंचल में आज अक्षय तृतीया पर्व पर बड़ी संख्या में होगी शादियां।

शहर सहित ग्रामीण अंचलों में अक्ती पर्व को लेकर लोगों व बाजार में जोरदार रौनकता बनी रही। आज अक्ती पर्व शहर सहित ग्रामीण अंचलों में धूमधाम से मनाया गया। नौनिहाल बच्चों में भी उत्साह व बाजार रौनक देखा गया। वहीं कुम्हार मटका व पुतरा-पुतरी बेचकर अच्छे आमदनी कमाने लगे हैं। अक्षय तृतीया के शुभ मुहुर्त में जहां एक तरफ लोग अपने बेटा, बेटियों का विवाह सम्पन्न कराने की तैयारियों में जुटे हुए हैं। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आज अक्षय तृतीया पर्व पर बड़ी संख्या में शादी का मुहुर्त है। बैंड, डीजे, भवन, वाहन आदि पहले से ही बुक कर लिये गये है। वहीं दूसरी तरफ बच्चे भी अपने गुड्डे, गुड़ियां की शादी धूमधाम से रचाने की तैयारियों में जुटे रहे। बच्चों के सबसे प्रिय त्यौहार अक्षय तृतीया या अक्ती में बच्चों के लिए गुड्डे, गुड़ियों की शादी का खेल सबसे

रोचक है। अक्ती के दिन बच्चों द्वारा गुड्डा, गुडिया की शादी का खेल खेलना भी उसी विशिष्ट परम्परा का हिस्सा है, जिससे पर्व निखर उठते हैं। अक्ती के पहले ही कुम्हार इनका निर्माण कर गांव-गांव पहुंच जाते हैं। जिनके घर बच्चे होते हैं वे तो अनिवार्य रूप से पुतरा-पुतरी खरीदते हैं। यदि दो घर के बच्चे इसे सम्मिलित रूप से खेल रहे हो तो एक घर में पुतरा को और दूसरे घर में पुतरी को रखा जाता है। इसके बाद छोटा सा मण्डप तैयार किया जाता है और चूलमाटी, तेलमाटी, बारात का प्रदर्शन करते हुए बच्चे सूपा, चन्नी, टीपा और थाली को लकड़ी से बजाकर बाजा की आवश्यकता को पूरा करते हैं। अक्ती का दिन इस खेल का अंतिम दिन होता है। पाणिग्रहण करने के साथ घर के अन्य सदस्य टिकावन में रूपए, पैसे देते हैं। इस खेल से बच्चे अपना मनोरंजन करते हैं साथ ही यदि पैसा शेष बचता है तो उसे आपस में बांट भी लेते हैं। पुतरा-पुतरी के बिहाव के जरिए विवाह की परम्परा को सुंदर ढ़ंग से प्रस्तुत किया जाता है। कुछ इसी अंदाज में अपने गुड्डा गुडिया का विवाह रचाने उत्साही बच्चे अक्षय तृतीया की रूप रेखा बनाने और तैयारियों में जुट रहे। आज के दिन दान दक्षिणा का भी विशेष महत्व बताया गया है, जिसके चलते आज मंदिरो मे श्रदालुओ की भारी भीड नजर आयी लोग मंदिरो मे पानी का कलश सहित सत्तू व अन्न दान करते रहे। इस दिन मटकी में जल दान करने की भी परंपरा है। अक्ती के दिन अपने पुरोहित को लाल मटका एवं पानी के लिए रूपये दान करते हैं।

अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम की विधि-विधान से की गई पूजा-अर्चना

मुंगेली/नवप्रदेश। भगवान परशुराम जयंती अक्षय तृतीया के अवसर पर सर्व ब्राह्मण परिषद द्वारा भगवान परशुराम चौक पुराना बस स्टैण्ड स्थित भगवान श्री परशुराम जी के प्रतिमा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कलश चढ़ाया गया। साथ ही समाज के कल्याण एवं धर्म रक्षा की कामना की गई।

कार्यक्रम में विप्र समाज के महिलाएं एवं सामाजिकजनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति देखने को मिली। जिससे पूरा क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम के आदर्शों को स्मरण करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान परशुराम को भगवान विष्णु जी का छठा अवतार माना जाता है। जिन्होंने अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष कर धर्म की रक्षा व स्थापना की। उनके जन्मोत्सव को न्याय, साहस और धर्म पालन की प्रेरणा के रूप में विशेष महत्व दिया जाता है। सर्व ब्राह्मण परिषद के अध्यक्ष पं अवधेश शुक्ला ने समाज को संबोधित करते हुए कहा, 'भगवान परशुराम केवल ब्राह्मण समाज के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए न्याय और साहस के प्रतीक है उनके द्वारा सदैव ही अत्याचार के खिलाफ शस्त्र और शास्त्र दोनों का समन्वय किया। आज के युग में उनके आदर्शों पर चलकर समाज में व्याप्त कुरीतियों और अन्याय को मिटाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धा है' उन्होंने सभी को अक्षय तृतीया की शुभकामनाएं दी। नगर पालिका अध्यक्ष एवं युवा परिषद के अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने पर्व की बधाई देते हुए कहा कि 'भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव हमें धर्म के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। आज हम सबने मिलकर नगर की सुख, शांति और समृद्धि की

कामना की है। समाज की एकता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है।' नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा ने कहा कि 'यह गौरव का विषय है कि आज पूरा विप्र समाज एक सूत्र में बंधकर अपने आराध्य का पूजन कर रहा है। भगवान परशुराम का जीवन हमें सिखाता है कि शक्ति का प्रयोग सदैव निर्बलों की रक्षा और समाज के कल्याण के लिए होना चाहिए।' इस अवसर पर पं सुनील पाठक व पं स्वतंत्र मिश्रा ने भी संबोधित कर शुभकामनाएं दी। मनोज मिश्रा के नेतृत्व में विप्रजनों ने आरती का सस्वर गायन किया। वहीं 25 अप्रैल शनिवार शाम 4 बजे नगर के सामुदायिक भवन से विप्र भवन, पंडरिया रोड तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें भगवान परशुराम जी की झांकी, भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रम एवं विप्र भवन में समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं के सम्मान का भी आयोजन किया जाएगा।

फल व शरबत वितरित किए गए

कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया। साथ ही शाम को फल व शरबत वितरण निधि पौराणिक, प्रिंशु दुबे, आराधना आदि विप्रजनों के द्वारा किया गया। परशुरामजी जन्मोत्सव के आगामी कार्यक्रमों के रूपरेखा की जानकारी दी गई। समाज द्वारा भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में आगामी दिनों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 24 अप्रैल को शाम 5 बजे भगवान परशुराम चैक पुराना बस स्टैंड से विशाल बाइक रैली निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के युवा एवं महिलाएं भी शामिल होंगी।

न्यूज गैलरी

वेदांता पावर लिमिटेड प्लांट दुर्घटना की उच्च स्तरीय जांच 29 को

सक्ती/नवप्रदेश। जिले के डभरा ब्लाक के अंतर्गत वेदांता पावर लिमिटेड, सिंघीतराई स्थित प्लांट में 14 अप्रैल को बॉयलर यूनिट-1 में तकनीकी खराबी के कारण हुई गंभीर दुर्घटना में 34 श्रमिक प्रभावित हुए थे, जिनमें से कई श्रमिकों की मृत्यु हुई। इस गंभीर घटना की तह तक जाने और वास्तविक कारणों का पता लगाने हेतु आयुक्त, बिलासपुर संभाग द्वारा जांच अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जांच संबंधी कार्यवाही की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने हेतु आमजन, प्रत्यक्षदर्शी तथा संबंधित पक्षों को साक्ष्य या दस्तावेज प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया गया है। इसके लिए 29 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक, कार्यालय आयुक्त, बिलासपुर संभाग में सुनवाई रखी गई है। यदि कोई व्यक्ति दुर्घटना से जुड़े तथ्यों, दस्तावेजों या महत्वपूर्ण जानकारी को प्रस्तुत करना चाहता है तो निर्धारित तिथि एवं समय पर कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी बात रख सकता है। आयुक्त, बिलासपुर संभाग ने कहा है कि इस जांच का उद्देश्य दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाना, दोषियों की जिम्मेदारी तय करना और भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित करना है। इसलिए आमजन से अपेक्षा है कि वे उपलब्ध तथ्यों के साथ सहयोग प्रदान करें।

संतुलित उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने प्रशिक्षण सह समीक्षा बैठक आयोजित

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में कार्यालय उप संचालक कृषि, जिला सक्ती के सभाकक्ष में संतुलित उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु प्रशिक्षण सह समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान अनुविभागीय कृषि अधिकारी एवं सहायक मृदा परीक्षण अधिकारी, सक्ती द्वारा हरी खाद के उपयोग, नील हरित काई के निर्माण तथा इसके उपयोग की विधियों पर विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों को बताया गया कि इन उपायों के अपनाने से रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होती है, जिससे फसल की लागत घटती है और दीर्घकालिक मृदा उर्वरता एवं स्थिरता में सुधार होता है। जिले के किसानों से अपील की गई है कि जिनके पास सुनिश्चित सिंचाई सुविधा है, वे आगामी मानसून से पूर्व धान की रोपाई के 40-45 दिन पहले हरी खाद वाली फसलों जैसे सनई एवं ढेंचा की बुआई के लिए योजना तैयार करें। साथ ही किसानों को जागरूक करने, उनकी क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों को इस दिशा में प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। उप संचालक कृषि, जिला सक्ती ने सभी मैदानी अमले को निर्देशित किया कि खरीफ वर्ष 2026 के लिए संतुलित उर्वरकों के उपयोग को लेकर ग्राम स्तर एवं समितियों में चौपाल के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। इसके साथ ही प्रत्येक किसान का फार्मर आईडी बनाने हेतु विशेष अभियान चलाने और पात्र किसानों का पीएम किसान सम्मान निधि योजना में पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय कृषि बीज प्रगुणन प्रक्षेत्र रगजा में नील हरित काई उत्पादन तकनीक का जीवंत प्रदर्शन भी कराया गया, जिससे अधिकारियों को व्यावहारिक जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम मे जिले के चारों विकासखंड सक्ती, मालखरौदा, जैजैपुर एवं डभरा के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कृषि विकास अधिकारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

करुणा शुक्ला का निधन

मुंगेली/नवप्रदेश। नरेंद्र कुमार शुक्ला न्यायालय उप अधीक्षक जिला न्यायालय की धर्मपत्नी करुणा शुक्ला का 18 अप्रैल को निधन हो गया। वे अधिवक्ता सौम्य शुक्ला की माता थी। उनका अंतिम संस्कार करही स्थित मुक्ति धाम में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वजातीय एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

मुआवजा प्रकरणों में लापरवाही पर जिम्मेदारों पर होगी कार्रवाई

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत ने सोमवार को जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय- सीमा की बैठक ली। उन्होंने मैनपाट में बॉक्साईड खनन के सम्बन्ध में मुआवजा प्रकरणों की जानकारी ली तथा कहा कि लापरवाही पर जिम्मेदारों पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मुआवजा प्रकरणों में पारदर्शिता रखने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने जनगणना 2026 के कार्यों की जानकारी ली तथा कहा कि स्व गणना हेतु लोगों को प्रेरित करें। उन्होंने खेल अधिकारी को खेल सुविधाओं के विकास के सम्बन्ध में अधोसंरचना निर्माण के लिएचिन्हांकित खेलों के लिए आवश्यक एस्टिमेट तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वसंत ने बैठक में वनाधिकार पट्टों के नामांतरण के विशेष प्रकरणों के निराकरण की जानकारी ली तथा गम्भीरता के साथ जल्द से जल्द निराकरण सुनिश्चित करने निर्देशित किया। उन्होंने जाति प्रमाणपत्र निर्माण में प्रगति की समीक्षा करते हुए मई माह तक शत-प्रतिशत निर्माण पूर्ण करने कहा। उन्होंने जिले में लंबित पीजी पोर्टल, सीएम जनदर्शन के प्रकरणों के जल्द निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली गई तथा समय सीमा में लंबित कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराए जाने निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुनील नायक, राम सिंह ठाकुर, सर्व एसडीएम एवं विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

गांजा, ब्राउन शुगर व अन्य नशे में संलिप्त 18 आरोपी गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। गांजा, ब्राउन शुगर व अन्य नशे का कारोबार एवं सेवन करने वाले आरोपियो के विरूद्ध ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई। नशे के सौदागरों पर पुलिस का शिकंजा 18 अनावदेकों के विरूद्ध धारा 170, 126(बी), 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर जेल भेजा गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने हेतु लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है एवं ''ऑपरेशन बाज'' के तहत सुखा नशा जैसे ब्राउन शुगर, अफीम, गांजा अन्य नशे मे लिप्त एवं युवा पीढ़ी को नशे की ओर ले जाने वाले, ब्रिकी करने वाले व्यक्तियों की सूची तैयार कर कार्यवाही करने हेतू निर्देशित किया गया। इसी क्रम में अति. पुलिस अधीक्षक सुश्री नवनीत कौर छाबड़ा, उप पुलिस अधीक्षक हरविन्दर सिंह के मार्गदर्शन मे थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए धारा 170, 126(बी), 135(3) बीएनएसएस के तहत कुल 18 अनावेदकों के विरूद्ध कार्यवाही की गई। पुलिस द्वारा क्षेत्र में अशांति फैलाने एवं नशे की गतिविधियों में संलिप्त होकर आमजन को परेशान करने वाले व्यक्तियों पर बीट प्रणाली के माध्यम से लगातार नजर रखी जा रही थी, 19 अप्रैल को मुखबीर सूचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए नाम अनावेदक अनिल खरसायन पिता जनक राम उम्र 38 वर्ष निवासी केसवपुर तिलक वार्ड मुंगेली, सुनील शिवारे पिता स्व. दुर्गा उम्र 36 वर्ष निवासी केसवपुर तिलक वार्ड मुंगेली, श्यामू कोसले पिता गणेश उम्र 29 वर्ष निवासी केसवपुर तिलक वार्ड मुंगेली, अमोन मसीह पिता संदीप उम्र 20 वर्ष निवासी सुरीघाट, रामू कोसले पिता गणेश उम्र 30 वर्ष निवासी केसवपुर तिलक वार्ड, करण लहरे पिता स्व. सुजीत लहरे उम्र 25 वर्ष निवासी केसवपुर तिलक वार्ड, शिव यादव पिता स्व. ढेरहू राम उम्र 30 वर्ष निवासी विनोबा नगर वार्ड, पवन सोनकर पिता भुनेश्वर सोनकर उम्र 21 वर्ष निवासी मनुराज टाकिज के पीछे सोनार पारा, जय साहू पिता संजय साहू उम्र 21 वर्ष निवासी मनुराज टाकिज के पीछे सरदार पटेल वार्ड, सतीश ठाकुर पिता मूलचंद ठाकुर उम्र 20 वर्ष निवासी रामगोपाल तिवारी वार्ड, गुलशन सिंह ठाकुर पिता निर्मल सिंह ठाकुर उम्र 34 वर्ष निवासी रामगोपाल तिवारी वार्ड, दिवी पाठक पिता गोपी पाठक उम्र 25 वर्ष निवासी पुलपारा, सूर्यांश सिंह ठाकुर पिता रवि सिंह ठाकुर उम्र 21 वर्ष निवासी रामगोपाल तिवारी वार्ड, अवि पाठक उर्फ लक्की पाठक पिता गोपी पाठक उम्र 23 वर्ष निवासी रामगोपाल तिवारी वार्ड, गिरीश ठाकुर पिता मूलचंद ठाकुर उम्र 24 वर्ष निवासी रामगोपाल तिवारी वार्ड, विजय सारथी पिता स्व. शिवनारायण सारथी उम्र 27 वर्ष राजेन्द्र वार्ड सारथी मोहल्ला, सूरज देवांगन पिता संतू देवांगन उम्र 27 वर्ष निवासी विनोवा भावे वार्ड, संजय पाण्डेय पिता रामनिहोरा पाण्डेय उम्र 33 वर्ष निवासी खर्रीपारा को हिरासत मे लेकर इश्तगाशा तैयार करते हुये धारा 170, 126(बी), 135(3) बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही करते हुये न्यायालय पेश कर कुल 18 अनावेदकों को जेल वारंट पर जेल दाखिल किया गया।

युवा नशे से दूर रहें: एसपी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने जिले के समस्त नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि नशा समाज के लिए घातक है। इससे न केवल व्यक्ति का स्वास्थ्य प्रभावित होता है बल्कि परिवार एवं समाज में अपराध की प्रवृत्ति भी बढ़ती है। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से नशे से दूर रहने, अपने भविष्य को सुरक्षित बनाने तथा समाज को नशामुक्त बनाने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की है। पुलिस आमजन से अपील करती है कि यदि कहीं भी अवैध नशा, असामाजिक गतिविधि या कानून व्यवस्था से जुड़ी कोई भी सूचना मिले, तो तत्काल पुलिस कोर सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक प्रभारी थाना सिटी कोतवाली कार्तिकेश्वर जांगड़े, समस्त स्टॉफ एवं सायबर सेल की भूमिका रही।

खाद समर्थन मूल्य में नहीं मिलने से व्यापारी परेशान

मुंगेली/नवप्रदेश। रासायनिक खाद के समर्थन मूल्य में न मिलने के विरोध में फुटकर खाद विक्रेता संघ द्वारा जिले के समस्त फुटकर विक्रेताओं की बैठक सिंधु पैलेस में रखी गई थी बैठक में खाद के बिक्री एवं खरीदी में हो रही परेशानियों पर चर्चा की गई तथा जब तक समाधान नहीं हो पाता तब तक जिले के कोई भी विक्रेता खाद की खरीदी नहीं करेंगे। इस दौरान खाद विक्रेताओं के पदाधिकारियो का चयन भी किया गया जिसमें जिले के प्रताप राय राजेश, खपरी कला के शैलेंद्र केसरवानी, पौनी के अनुराग सिंह ठाकुर एवं सेतगंगा के भागीरथी सिंह ठाकुर को संरक्षक, तथा लोरमी के हरेंद्र चंद्राकर को अध्यक्ष की जवाबदारी दी गई है तथा मनेंद्र सिंह गुंबर को महामंत्री तथा सजल गुप्ता को कोषाध्यक्ष एवं राजा राजेश तथा पथरिया के विष्णु साहू एवं देवरहट के द्वारका कश्यप को उपाध्यक्ष बनाया गया है। एवं सेत गंगा के मुकेश साहू को मंत्री एवं विनोद चंद्राकर रुपेश गभेल, शरद जायसवाल को कार्यकारिणी में लिया गया है इस अवसर पर नगर के पत्रकारों का सम्मान भी किया गया।

कलेक्टर ने की अपील, लू से बचने बरतें सावधानी

सक्ती/नवप्रदेश। जिले में अप्रैल माह से ही भीषण गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंचने और दोपहर से रात तक गर्म हवाएं चलने के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है तथा लू की स्थिति बनने लगी है। इसे देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने आम नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने और लू से बचाव के उपाय अपनाने की अपील की है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया गया है कि जब तापमान

अपेक्षित स्तर से काफी अधिक हो जाता है और कई दिनों तक गर्म हवाएं चलती रहती हैं, तब लू की स्थिति बन जाती है। तेज धूप में अधिक समय तक रहने से शरीर में मौजूद पानी और खनिज लवण पसीने के माध्यम से बाहर निकल जाते हैं, जिससे शरीर में पानी की कमी हो जाती है और लू लगने की संभावना बढ़ जाती है। लू लगने की स्थिति में शरीर का तापमान बढ़ जाता है और कई बार पसीना भी नहीं आता, अत्यधिक प्यास लगती है तथा पेशाब कम होने लगता है। इसके साथ ही सिर में भारीपन और दर्द, चक्कर आना, उल्टी होना, शरीर में कमजोरी और दर्द महसूस होना, तेज बुखार के साथ मुंह सूखना तथा आंखों के सामने अंधेरा छाना या बेहोशी जैसी स्थिति भी हो सकती है। कलेक्टर श्री तोपनो ने नागरिकों से अपील की है कि अनावश्यक रूप से तेज धूप में बाहर न निकलें।

शादी की सीजन में बांस से बने सामानों की बाजार में मांग बढ़ी

मुंगेली/नवप्रदेश। अक्षय तृतीया पर्व पर बड़ी संख्या में शादी विवाह का आयोजन चल रहा है। जिसके चलते खासकर साप्ताहिक बाजारों में बांस से बने सामान की मांग बनी हुई है। वैवाहिक कार्यक्रम हेतु बड़ी संख्या में लोग इन्हें खरीद भी रहे हैं। बेचने वालों के पास शहर सहित गांव-गांव के लोग पहुंच रहे हैं। प्लास्टिक के बने सामानों के चलते बाजार में बांस से बने गृह उपयोगी सामानों की पूछपरख कम हो गई है। सिर्फ शादी विवाह आदि के समय रस्म पूरी करने बांस आदि से बने गृह उपयोगी सामान लोग खरीदते हैं।

अक्षय तृतीया का पर्व नजदीक आते ही ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में वैवाहिक कार्यक्रम शुरू हो जाते हैं। शादियों के लिए अक्षय तृतीया के दिन को सर्वोत्तम माना जाता है इस दिन मुहूर्त का इंतजार नही किया जाता, शादी के अलावा अन्य संस्कारो के लिए भी अक्षय तृतीया को सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। इस बार अक्षय तृतीया में विशेष मुहूर्त हैं जिसके चलते अंचल

में अक्षय तृतीया के दिन बडी संख्या में शादियां होंगी। शादी के सीजन में सूपा, झेंझरी, डलिया, बिहाव पर्रा, बिजना पंखा, भांवर चुकी, झाल की मांग है। गांव के साथ शहर के लोग भी शादी में परंपरा निर्वहन करने बांस के इन सामानों की खरीददारी करते हैं। रामनवमी से शादी का सीजन प्रारंभ हो गया है। जिसके चलते इन बांस से बने सामानो की मांग बनी हुई है। बंसोड़ जाति के लोगों ने शादी सीजन के चलते बांस से बने सामान काफी ज्यादा संख्या में बनाए हैं। बांस के बने सामान की अच्छी बिक्री होने के कारण शादी सीजन में बांस से बने सामान का व्यवसाय सिर्फ बंसोड़ जाति के लोग करते हैं। शादी में परंपरा का निर्वाह करने के साथ लडडू, चावल, सब्जी सहित अन्य सामान रखने भी बांस के इन सामानो की मांग बढ़ जाती है। छेंछरी, झाल की तो काफी मांग रहती है। जब से प्लास्टिक के बने गृह उपयोगी सामान बाजार पहुंच रहे हैं तब से शहर के साथ गांव में बांस से बने सामानों की पूछ-परख होती ही नहीं। गांव में आज भी बांस से बने झऊहा, टोकनी की मांग बनी हुई है। गांव में अब भी प्लास्टिक के सामनों की पहुंच नहीं हो पाई है। प्लास्टिक के चलते शहर में बांस से गृह उपयोगी सामान बनाने वालों का व्यवसाय प्रभावित हुआ है। शादी सीजन में परंपरा निर्वाह करने सभी समाज में बांस के बने सामान लोग खरीदते हैं। सिर्फ शादियों के सीजन में ही इनकी मांग रहती है जबकि पहले तो साल के बारहों महीने इनकी मांग बनी रहती थी। प्लास्टिक से बने सामानों के कारण गृह उपयोग की बांस से बनी सूपा, झेंझरी, डलिया, बिजना पंखा, भांवर चुकी, झाल की बिक्री लगभग खत्म बांस की उपयोगी वस्तुओं की अब रस्म के लिए ही खरीदी की जाती है। बंसोड़ परिवारों को जिला बनने के बाद भी वन विभाग से नियमित रूप से रियायती दर पर बांस उपलब्ध नहीं हो पाता। जिसके चलते उन्हें अधिक मूल्य पर बांस खरीदना पड़ रहा है। इन लोगों ने शासन से रियायती दर पर नियमित रूप से बांस उपलब्ध कराए जाने की मांग शासन से की है। विवाह आयोजनों को लेकर बाजार में अभी से रौनक लौट आई है। विवाह के लिए खरीदे जाने वाले परंपरागत समानों की दुकाने सज चुकी है। बाजार में इस बार ग्राहकी की बूम है। शादियों की तैयारियों को लेकर बड़ी संख्या में लोग गोल बाजार, पुराना बस स्टैंड, पड़ाव चैक, दाऊपारा, नया बस स्टैंड संहित नगर के प्रमुख मार्गो की दुकानों में खरीदारी करने पहुंच रहे हैं।

पेज 1 का शेष...

कभी बंदूकों की आवाज सुनाई...

सचिन तेंदुलकर अपने परिवार और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ छिंदनार गांव पहुंचेंगे और एक बड़े खेल प्रोजेक्ट की शुरुआत करेंगे।

दंतेवाड़ा के भविष्य की नई शुरुआत

इस पूरे दौरे को सिर्फ एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे दंतेवाड़ा के बदलते भविष्य की नई शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। जहां कभी बंदूकों की आवाज सुनाई देती थी, अब वहां खेल मैदान की हलचल और बच्चों की हंसी गूंजेगी। दंतेवाड़ा अब आगे बढ़ रहा है और खेल के मैदान से एक नई, सकारात्मक कहानी लिखी जा रही है।

मातृशक्ति की जन आक्रोश...

शक्ति वन्दन अधिनियम सहित तीन विधेयक लोकसभा में लाए गए थे। नारी शक्ति वन्दन अधिनियम को लेकर देशभर की महिलाओं में अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा था। उन्हें तथा समाज के सभी वर्गों को विश्वास था कि यह विधेयक पारित हो जाएगा। लेकिन कांग्रेस के लोगों ने अपने मनगढ़ंत तर्कों व कुटिल सोच के साथ इस बिल का विरोध किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा महिलाओं का अपमान किया है।

कांग्रेसी नहीं चाहते कि मातृशक्ति देश का नेतृत्व करें : अरूण साव

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस ने महिला आरक्षण का विरोध करके देश की महिलाओं का अपमान किया है और देश की महिलाएँ अपने इस अपमान को सदैव याद रखकर कांग्रेस को सबक सिखाएंगीं।

महिलाओं को कांग्रेस ने हमेशा छला है : लक्ष्मी रजवाड़े

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े ने कहा कि नारी शक्ति वन्दन अधिनियम को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह नजर आया। महिलाएँ अपने हितों को लेकर जागरूक हो चुकी है लेकिन एक ओर कांग्रेस है जो हमेशा महिलाओं को छलने का काम करती है। उन्हें कभी आगे बढ़ने का मौका कांग्रेस ने नहीं दिया।

मोदी सरकार ने अपनी विफलता...

द्रौपदी मुर्मू इस पर हस्ताक्षर कर चुकी है तथा यह कानून भी बन चुकी है। भाजपा 2023 के आरक्षण बिल को क्यों लागू नहीं कर रही है? इस बिल के आधार पर तुरंत आरक्षण प्रभावी हो सकता है। भाजपा ने 16 अप्रैल 2026 को जो विधेयक संसद में प्रस्तुत किया 131 वां संविधान संशोधन अधिनियम इसमें महिला आरक्षण के संदर्भ में नहीं भाजपा महिला आरक्षण को मुखौटा बनाकर परिसीमन संशोधन बिल तथा केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन बिल को पास करवाना चाहती थी।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि सरकार 2023 के महिला आरक्षण बिल नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन कर महिला आरक्षण को तुरंत लागू कर सकती थी उसने ऐसा क्यों नहीं किया? जबकि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 जो कानून बन चुका है 2034 से मूर्त रूप लेगा संशोधन से तुरंत लागू हो जाता।

अमित जोगी को...

जिसमें सीबीआई को अपील करने की अनुमति दी गई और दूसरा हाईकोर्ट का वह फैसला, जिसमें उन्हें हत्या का दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई गई। अब दोनों मामले की एक साथ सुनवाई होगी। इससे पहले हाईकोर्ट ने 6 अप्रैल को अमित जोगी को आईपीसी की धारा 302 और 120-बी के तहत दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा दी गई थी और 3 हफ्ते में सरेंडर करने का आदेश दिया था। इसके खिलाफ जोगी ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की थी।

पाकिस्तान आर्मी चीफ से...

मुनीर ने ट्रम्प से कहा कि अगर होर्मुज पर रोक जारी रही, तो ईरान के साथ बातचीत आगे नहीं बढ़ पाएगी। इसके जवाब में ट्रम्प ने कहा कि वे इस पर सोचेंगे। दरअसल, अमेरिका ने ईरान के पास समुद्र में नाकेबंदी कर रखी है। इससे नाराज होकर ईरान ने शनिवार को होर्मुज को बंद कर दिया था। अमेरिका और ईरान के तनाव बढ़ने की वजह ट्रम्प की ईरान को धमकी और ईरानी जहाज च्टूस्काज् को कब्जे में लेना है। इसे लेकर ईरान ने नाराजगी जताई और इसे समुद्री डकैती करार दिया और कहा कि वे जल्द इसका जवाब देंगे।

लिफ्ट में फंसीं एसीएस ऋचा...

हो गई। लिफ्ट के अंदर न पर्याप्त रोशनी थी और न ही वेंटिलेशन की व्यवस्था, जिससे उनकी घबराहट बढ़ती गई। बताया जा रहा है वो करंसी टावर स्थित साईकस जिम जारही थी। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक, करीब 20 मिनट तक लिफ्ट में फंसी रहने के दौरान अधिकारी काफी परेशान हो गईं और घबरा गई।

थाने में एएसआई ने भाजपा...

बताता है। मामला रनतपुर थाने का है।

एसएसपी ने एएसआई को किया सस्पेंड-इस घटना की जानकारी थाना प्रभारी और ट्रेनी आईपीएस अंशिका जैन को हुई, तब उन्होंने एसएसपी रजनेश सिंह को पूरी घटना की जानकारी दी।

महिला आरक्षण बिल ढाई साल से पास, केंद्र ने लागू नहीं किया, इनसे ज्यादा मूर्ख कोई नहीं: भूपेश

■ वेदांता के मालिक अनिल अग्रवाल को नवीन जिंदल के समर्थन पर कहा - चोर-चोर मौसेरे भाई

भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार के महिला आरक्षण बिल को लेकर तीखा हमला होला। भिलाई के सेक्टर-6 में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि इनसे ज्यादा मूर्ख कोई नहीं हो सकता। 2023 में महिला आरक्षण बिल लोकसभा में सर्वसम्मति से पास हो चुका है। जब बिल पहले ही पारित हो गया था, तो ढाई साल तक उसे लागू क्यों नहीं किया गया। हाल ही में नोटिफिकेशन जारी करने का क्या मतलब है, जब तक उसे जमीन पर लागू नहीं किया जाता। सच ये है कि केंद्र सरकार की नीयत साफ नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार जनगणना और परिसीमन का बहाना बना रही है। अगर सरकार चाहे तो पहले जनगणना और जाति जनगणना करा सकती है। लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा। बिना जनगणना के परिसीमन करने से एससी, एसटी और ओबीसी वर्गों को नुकसान होगा और छोटे राज्यों पर भी असर पड़ेगा। भूपेश ने कहा कि वसुंधरा राजे सिंधिया ने मोहन भागवत को चिट्ठी लिखी है, उसे पढना चाहिये। कांग्रेस 543 में ही 33 फीसदी आरक्षण देना चाहती है, जिसमें बिल पारित किया गया। लेकिन भाजपा कह रही है कि इसमें जनगणना होना चाहिए। उसके बाद परिसीमन होना चाहिए। आप एसआईआर करा सकते हैं तो जनगणना क्यों नहीं करा सकते? जाति जनगणना क्यों नहीं करा सकते?

भूपेश बघेल ने आगे कहा कि बीजेपी ने इस बिल को अपने स्वार्थ के लिए लाया है। देश की महिलाएं मूर्ख नहीं हैं। भारत की महिलाएं शुरू से समझदार रही हैं। महिलाएं अच्छी तरह जानती हैं कि किसकी नीयत क्या है। जब महिला आरक्षण बिल पहले से लागू है तो दूसरा बिल लाने की क्या जरूरत है। जब आचार संहिता लगी है तो प्रधानमंत्री राष्ट्र के नाम संदेश देकर भारत के दलों को कोसने का काम कैसे कर रहे हैं।

चुनाव के बाद बढ़ेंगे पेट्रोल-डीजल के दाम

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतें चुनाव के कारण फिलहाल थमी हुई हैं, लेकिन चुनाव खत्म होते ही इनके दाम तेजी से बढ़ सकते हैं। इसका सीधा असर आम लोगों पर पड़ेगा। चुनाव के कारण कीमतें 29 अप्रैल तक नहीं बढ़ेंगी। चुनाव के बाद तेल की कीमतें तेजी से बढ़ेंगी।

गौठानों में शराब बेची जा रही

बघेल ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर कहा कि आज छत्तीसगढ़ के गौठानों में शराब बेची जा रही है।

गांजा की तस्करी हो रही है और अफीम की खेती के मामले सामने आ रहे हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही। जिन मामलों में एफआईआर दर्ज हो चुकी है, उनमें प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी को जांच करनी चाहिए, लेकिन एजेंसी सक्रिय नहीं दिख रही। दुर्ग, बलरामपुर और रायगढ़ में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, लेकिन उन पर ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। अगर कार्रवाई नहीं हुई तो वे इस मुद्दे पर ज्ञापन सौंपेंगे।

वेदांता हादसे पर बरसे

सक्ती पॉवर प्लांट हादसे को लेकर भूपेश ने सरकार को घेरते हुए कहा कि हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ क्या कार्रवाई हो रही है। आज अनिल अग्रवाल के पक्ष में नवीन जिंदल खड़ा हो गया है। चोर-चोर मौसेरे भाई। वेदांता के साथ सरकार तो खड़ी हुई है, जिंदल भी खड़ा हो गया। मतलब छत्तीसगढ़ के लोगों की जान की कीमत कुछ भी नहीं? उनको केवल मुआवजा दे देने से काम नहीं चलेगा। क्या उनको न्याय नहीं मिलना चाहिए? दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होना चाहिए ?

न्यूज गैलरी

देश की महिलाएं कांग्रेस के कृत्यों को माफ नहीं करेगी : विजय बघेल

भिलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन को भाजपा जिला कार्यालय प्रियदर्शिनी परिसर सुपेला में भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से सुना। इस अवसर पर दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल ने कहा कि विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने राष्ट्रहित के महत्वपूर्ण प्रस्तावों का विरोध कर देश की महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के खिलाफ कार्य किया है। उन्होंने कहा कि देश की बेटियां ऐसे कृत्यों को कभी माफ नहीं करेंगी। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस की शुरुआत से ही फूट डालो और राज करो की नीति रही है। महिला आरक्षण को समय की मांग है। यह संशोधन किसी का हक छीनने के लिए नहीं, बल्कि महिलाओं को उनका अधिकार देने के उद्देश्य से लाया गया है। कार्यक्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला भिलाई के महामंत्री अब्दुल नासिर सहित अनेक कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण के लिए 150 अप्रेंटिस का इंडक्शन

भिलाई। बीएसपी में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 150 नए अप्रेंटिस का इंडक्शन किया गया। यह पहल 'स्किल इंडिया' मिशन को गति प्रदान करने की दिशा में संयंत्र का एक महत्वपूर्ण कदम है। अप्रेंटिस को कोपा इलेक्ट्रिशियन, फिटर, वेल्डर और रेफ्रिजरेशन व एयर कंडीशनिंग (आरएसी) जैसे विभिन्न ट्रेड्स में संरचित ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुभवी मार्गदर्शकों और विशेषज्ञों के निर्देशन में संचालित होगा, जिससे प्रतिभागियों को व्यावहारिक औद्योगिक अनुभव प्राप्त होगा और शैक्षणिक ज्ञान व वास्तविक कार्यस्थल की आवश्यकताओं के बीच की दूरी को प्रभावी रूप से कम किया जा सकेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में व्यवहारिक अनुभव के साथ-साथ संरचित शिक्षण मॉड्यूल का समावेश किया गया है। अप्रेंटिस तकनीकी दक्षता के साथ-साथ औद्योगिक प्रक्रियाओं की समग्र समझ विकसित कर सकेंगे। इंडक्शन कार्यक्रम का संचालन महाप्रबंधक प्रभारी (मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास) संजीव कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया गया।

ननि व त्रिस्तरीय पंचायतों के उपचुनाव की वोटर लिस्ट का प्रारंभिक प्रकाशन

दुर्ग। जिले में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन हेतु मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों का निर्धारण किया गया है। मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद नागरिक अपनी आपत्तियां या नाम जुड़वाने के लिये 20 अप्रैल को अपरान्ह 3 बजे तक आवेदन जमा कर सकते हैं। नगर निगम भिलाई के अंतर्गत वार्ड 1 जुनवानी के लिए तहसील कार्यालय भिलाई को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय बनाया गया है। नगर निगम रिसाली के वार्ड 2 रुआबांधा उत्तर और वार्ड 39 एनएसपीसीएल पुरैना के लिए नगर निगम कार्यालय रिसाली को अधिकृत किया गया है। जपं दुर्ग के वार्डों तिरगा, भोथली, बोरई, कोटनी, उमरपोटी के लिए जपं कार्यालय दुर्ग, जपं धमधा के वार्डों के लिए जपं कार्यालय धमधा को केंद्र बनाया गया है। जपं पाटन हेतु जपं कार्यालय पाटन को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय निर्धारित किया है।

निधन : रणधीर सिंह राजपूत

दुर्ग। कसारीडीह निवासी और मां सतरूपा शीतला मंदिर समिति के पूर्व उपाध्यक्ष रणधीर सिंह राजपूत का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे फतेह सिंह राजपूत के भाई और विजय सिंह राजपूत के पिताजी थे। स्व. राजपूत के निधन पर मां सतरूपा शीतला मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने शोक व्यक्त किया है।

रील बनाकर आंबेडकर का अपमान, गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाने में प्रदर्शन

भिलाई/नवप्रदेश। सोशल मीडिया पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला सामने आने के बाद रविवार को बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया।

भिलाई नगर थाने पहुंचकर प्रदर्शनकारियों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की। बड़ी संख्या में महिलाएं थाने के अंदर पहुंच गई और सख्त कार्रवाई की मांग करती रही।

आरोप है कि वैशाली नगर निवासी अनामिका उपाध्याय ने सोशल मीडिया अकाउंट पर बाबा साहब के खिलाफ आपत्तिजनक और अभद्र टिप्पणी की थी। युवती लगातार सोशल मीडिया पर एक समाज को टार्गेट कर वीडियो बना रही है। उसने भारत रत्न डॉ. भीम राव आंबेडकर के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया। इससे पूरे देश का अपमान हुआ है। कार्रवाई की मांग को लेकर महिलाएं थाने के अंदर घुस गई और नारेबाजी करने लगीं।

लिखित शिकायत के बाद दर्ज हुई एफआईआर

मूल निवासी संघ के जिला अध्यक्ष जय साहू ने इस मामले में थाना भिलाई नगर में लिखित शिकायत की है। उन्होंने बताया कि 18 अप्रैल की रात करीब 8:22 बजे उन्होंने इंस्टाग्राम पर यह आपत्तिजनक पोस्ट देखी। इस तरह की टिप्पणी से न सिर्फ उनकी, बल्कि पूरे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। संबंधित अकाउंट पर डाले गए वीडियो और पोस्ट से जातिवादी सोच झलकती है, जो समाज में गलत संदेश देता है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को स्क्रीनशॉट, प्रोफाइल लिंक और वीडियो जैसे सबूत भी दिए हैं।

प्रदर्शन में कई संगठन शामिल

इस मामले को लेकर मूल निवासी संघ, भीम आर्मी सहित अन्य संगठनों के लोग भी प्रदर्शन में शामिल हुए। थाने का घेराव करते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि बाबा साहब ने महिलाओं को अधिकार दिलाने और समाज को बराबरी का हक देने के लिए काम किया। ऐसे महान व्यक्ति के खिलाफइस तरह की टिप्पणी करना गलत है। इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। युवती के सोशल मीडिया एकाउंट से वीडियो वायरल होने के बाद राजनांदगांव जिले में भी समाज की ओर से थाना में आवेदन देकर युवती के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। समाज के पदाधिकारियों ने युवती की गिरफ्तारी की मांग की है।

पुलिस ने किया युवती को गिरफ्तार

भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफमामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 299 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस ने आरोपी युवती को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी द्वारा अभद्र भाषा और गाली-गलौज का भी इस्तेमाल किया गया है, जिसे गंभीरता से लिया गया है। मामले की जांच जारी है और तथ्यों के आधार पर आगे सख्त कार्रवाई की जाएगी।

खारून ब्रिज पर हादसा, युवक की मौत

भिलाई/नवप्रदेश। खारून नदी ब्रिज पर मेंटेनेंस के दो दिन बाद ही शनिवार को दोपहर में बड़ा सड़क हादसा हो गया। खारून नदी ब्रिज के ऊपर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि बाइक सवार ट्रक के पहिए के नीचे आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा दुर्ग से रायपुर मार्ग पर हुआ। एक काले रंग की पल्सर बाइक को पीछे से आ रहे एक हाईवा ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ड्राइवर तेज रफ्तार में लापरवाही से ट्रक चला रहा था। टक्कर लगते ही बाइक सवार सड़क पर गिर गया और ट्रक के पहिये के नीचे आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

भिलाई इस्पात संयंत्र में सुरक्षा ही सर्वोपरि

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी इस्पात गलन शाला 3 (एसएमएस 3) में व्यावहारिक सुरक्षा संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सुरक्षा ही सर्वोपरि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस 3) त्रिभुवन बैठा रहे। त्रिभुवन बैठा ने कहा कि एसएमएस 3 ने सुरक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सेल स्तर पर भी श्रेष्ठ सुरक्षा पुरस्कार प्राप्त कर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अपने कार्य निष्पादन में उत्कृष्टता बनाए रखते हुए सुरक्षा के प्रति सतत सजग एवं प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान बीआई एसपीओसी डी. विजित ने सुरक्षा पुरस्कारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य कर्मचारियों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता, जिम्मेदारी एवं सहभागिता की भावना को सुदृढ़ करना है। उन्होंने फेटल पोटेंशियल ऑब्जर्वेशन की अवधारणा को विस्तार से समझाते हुए तिमाही सेफ्टी एक्सीलेंस एंगेजमेंट राउंड के अंतर्गत सर्वाधिक प्रभावी एवं उपयोगी ऑब्जर्वेशन दर्ज करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया।

कुम्हारी नगर पालिका के कामकाज से जनता त्रस्त : कांग्रेस

कुम्हारी/नवप्रदेश। वर्तमान नगरपालिका की कार्यप्रणाली और अव्यवस्था को लेकर ब्लॉक कॉग्रेस कमेटी कुम्हारी ने विरोध में मोर्चा खोल दिया है। प्रेस वार्ता के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनहरण यादव ने कहा कि जनता ने इस विश्वास के साथ वोट दिया था कि केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार है, नगर पालिका में 'तीसरा इंजन' आने से विकास की गति और तेज होगी। जनता ने भरोसे के साथ 'ट्रिपल इंजन' की सरकार चुनी, लेकिन पिछले डेढ़ साल के कार्यकाल में विकास के बजाय केवल 'विनाश' देखने को मिल रहा है। कुम्हारी नगर पालिका की वर्तमान सत्ता हर मोर्चे पर विफल है। रोड, नाली, साफ-सफाई और बिजली की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। नपा अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारी गोल-मोल जवाब देते हैं कि उन्हें जानकारी नहीं है। नगर के विकास की जिम्मेदारी अध्यक्ष और सीएमओ की होती है, लेकिन यहाँ जवाबदेही का पूरी तरह अभाव है। सत्ता पक्ष अपनी हर विफलता का ठीकरा पिछले कार्यकाल पर फोड़ देता है। नगर की जनता पानी और तमाम मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है, और प्रशासन केवल बहानेबाजी में लगा हुआ है। प्रदेश में स्कूल और भर्ती प्रक्रियाएँ पूरी तरह से बंद कर दी गई हैं। स्कूलों को बंद कराया जा रहा है और संविदा भर्तियों में अनियमितताएं हो रही हैं। जो युवा पढ़-लिखकर बेरोजगार घूम रहे हैं, उनके साथ अन्याय हो रहा है। पंचायत स्तर से लेकर उच्च स्तर तक शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद करने की स्थिति पैदा हो गई है। आत्मानंद स्कूलों की स्थिति भी खराब है, जहाँ कभी मुफ्त शिक्षा की बात होती थी, अब वहां शुल्क लिया जा रहा है। सरकार केवल प्रचार-प्रसार की सरकार बनकर रह गई है। जगह-जगह बड़े-बड़े होर्डिंग और फोटो लगाकर झूठा प्रचार किया जा रहा है। धरातल पर कुछ भी नजर नहीं आ रहा है। नगर के प्रमुख तालाब संजय नगर तालाब, परसदा तालाब और ओडेना तालाब की स्थिति बहुत खराब है।

प्रधानमंत्री आवास निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर करेगी निगम की टीम

■ आयुक्त ने किया हितग्राहियों से संवाद, समस्याओं का करेंगे समाधान

दुर्ग/नवप्रदेश। पीएम आवास योजना के अंतर्गत वीएलसी घटक के तहत मकान निर्माण करने आवेदन के बाद कार्य प्रारंभ न करने वाले हितग्राहियों के लिये नगर निगम, दुर्ग द्वारा विशेष पहल की गई।

कलेक्टर के निर्देश पर आयुक्त सुमित अग्रवाल ने रविवार को डाटा सेंटर में बैठक लेकर हितग्राहियों से सीधे संवाद किया। हितग्राहियों से आयुक्त ने व्यक्तिगत रूप से चर्चा कर उनकी समस्याओं को समझा। कई हितग्राहियों ने आर्थिक अभाव के कारण निर्माण शुरू न करने की जानकारी दी। कई हितग्राहियों ने ठेकेदार द्वारा समय पर कार्य न करने की शिकायत रखी। कुछ हितग्राहियों ने शुभ मुहूर्त के बाद ही निर्माण शुरू करने की बात कही।

आयुक्त ने सभी को शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ करने हेतु प्रेरित करते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। बैठक में कुल 88 हितग्राहियों में से 36 उपस्थित हुए। समझाईश के बाद लगभग 20 हितग्राहियों ने अपने आवासों का निर्माण कार्य जल्द शुरू करने पर सहमति जताई। आयुक्त ने आश्वस्त किया कि पात्र हितग्राहियों की समस्याओं का समाधान कर उन्हें उनके सपनों का घर दिलाने की दिशा में निरंतर प्रयास किया जाएगा।

दुर्ग निगम आयुक्त ने जारी की 5 करोड़ की उपादान, जीपीएफ, एनपीएस और अवकाश नकदीकरण की राशि

■ निगम कर्मचारियों के खाते में 2.26 करोड़ अंतरित, सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी मिला लाभ

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों के हित में महत्वपूर्ण पहल करते हुए लंबित जीपीएफ और एनपीएस की राशि का भुगतान कर दिया गया है। निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर मई 2025 से फरवरी 2026 तक 10 माह की राशि लगभग 2 करोड़ 26 लाख रु संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों के खातों में अंतरित की गई। इसके अलावा लगभग 1.5 करोड़ रुपये की ग्रेच्युटी राशि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के खातों में जमा की गई है। तृतीय और चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों के खाते में अवकाश नगदीकरण की राशि 66.50 लाख रुपए भी जमा कर दी गई है। सेवानिवृत्त कर्मचारियों सहित प्रथम व द्वितीय वर्ग के अधिकारियों के अवकाश नगदीकरण की राशि सोमवार को उनके खातों में जमा कर दी जाएगी।

पीएम इंटर्नशिप योजना: बीएसपी में आवेदन आमंत्रित

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी द्वारा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के चरण 3 के अंतर्गत युवाओं को औद्योगिक अनुभव प्रदान करने 160 इंटर्नशिप अवसरों की घोषणा की गई है। युवा प्रतिभाओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान कर उनकी कौशल क्षमता और रोजगार योग्यता को सुदृढ़ करने यह पहल की गई है। योजना के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों को देश के अग्रणी इस्पात उत्पादन संयंत्रों में से एक भिलाई इस्पात संयंत्र में वास्तविक औद्योगिक वातावरण में कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा।

नयनदीप विद्या मंदिर के नतीजे घोषित, प्रवेश 20 जून से

भिलाई/नवप्रदेश। रोटरी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित नयनदीप विद्या मंदिर पहली, दूसरी, तीसरी, चौथी, छठवीं, सातवीं कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों को वार्षिक प्रगति पत्रक का वितरण किया गया। संस्था के चेयरमेन एमसी जैन, संस्था के अध्यक्ष सीएस बाजवा, सचिव ज्ञानचंद जैन, कोषाध्यक्ष सुमन कन्नोजे, ट्रस्टी पीएस बिंद्रा, पीसी लालवानी ने प्रगति पत्र का वितरण करते हुए सभी छात्र छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। पालकों ने साल भर में बच्चों को मिली शिक्षा के लिये स्कूल प्रबंधन, प्राचार्य और शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। संस्था के चेयरमेन एमसी जैन और अध्यक्ष सीएस बाजवा ने शाला की गतिविधियों पर अपने विचार रखे। सचिव ज्ञानचंद जैन ने पालकों से विद्यालय में छात्र-छात्राओं की गतिविधियों पर रूबरू रहने का निवेदन किया।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 301/न.पा.नि. / 2026 — रायगढ़ दिनाँक 20.04.26

।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है -

क्र.	सि.नि.क्र.	कार्य का विवरण	अनु.लागत राशि रू. (लाख में)	निविदा डाउन लोड करने की अंतिम तिथि
01	189351	CONSTRUCTION OF PCC ROAD AT SUBHASH NAGAR COLONY KOTRA ROAD AT W.N. 40 (2nd Call)	14.33	06.05.2026

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता न.पा.नि. रायगढ़

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER
PUBLIC WORKS DEPARTMENT, E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G.)
e-Procurement Tender Notice

Online tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, **C.G. P.W.D in new Registration system (unified Registration system)** for the following work :-

NIT No.	Name of work	Probable amount of contract
99/SE E/M/2025 (IICall) System Tender No....... Registered contractor class in "C" & above For Form B (ITEM Rate Basis)	Estimate for Providing Line Shifting of 33 & 11 KV Line DP, Transformer DP, 33 KV, 11 KV & LT Line of Rajnandgaon-Gundardehi-Dhamtari Nagri-Sihawa-Borai (SH-23) from Mujgahan-Ratnabandha Chowk (Four Lane) Road (Upto 73/10 to 77/10= 4.4 Km.) Under CSPDCL Dhamtari Zone of CSPDCL Dn. Dhamtari, Distt. Dhamtari (C.G.)	Rs 199.29 Lacs
100/SE E/M/2025 (IICall) System Tender No....... Registered contractor class in "C" & above For Form B (ITEM Rate Basis)	Providing Line Shifting of 33 & 11 KV Line DP,33 KV, 11 KV & LT Line of Rajnandgaon-Gundardehi-Dhamtari Nagri- Sihawa-Borai (SH-23) from Sihava chowk to Nahar naka (Four Lane) Road (Upto 78/2 to 82/10 = 5 Km.) Under CSPDCL Dhamtari Zone of CSPDCL Dn. Dhamtari, Distt. -Dhamtari (C.G.)	Rs 199.53 Lacs

Date of bid submission will be 04.05.2026
The tender documents can be downloaded from the web-portal http://eproc.cgstate.gov.in. Only those contractors/bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

G-262700267/6 — **Superintending Engineer, P.W.D., E/M Circle Raipur (C.G.)**

कार्यालय सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी, जिला-रायगढ़ (छ.ग.)

"प्रारूप-ख"

{नियम-5 का उपनियम (1)}

अधिसूचना

राजस्व प्रकरण क्रमांक- 2026042100041 बी-121/2025-26 राज्य सरकार को लोकहित में यह आवश्यक प्रतीत होता है कि ग्राम टपरदा, पहनं. 24, तह. पुसौर, जिला रायगढ़ (छ.ग) की शासकीय एवं निजी भूमि का मेसर्स कोरबा वेस्ट पॉवर लिमि. कंपनी द्वारा छ.ग. भूमिगत पाईप लाईन अधिनियम 2004 (भूमि के उपयोग के अधिकारों का अर्जन) अंतर्गत भूमिगत पाईप लाईन बिछाई जानी है।

और राज्य सरकार को उक्त भूमिगत पाईप लाईन बिछाने के लिये यह आवश्यक प्रतीत होता है कि **ग्राम - टपरदा, प.ह.नं. 24 तहसील पुसौर जिला रायगढ़** की भूमि का जिसमें भूमिगत पाईप लाईन बिछाये जाने का प्रस्ताव है, जो इस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में वर्णित है, उपयोग के अधिकार का अर्जन किया जाए।

अतएव, राज्य सरकार एतद द्वारा छत्तीसगढ़ भूमिगत पाईप लाईन (भूमि के उपयोग के अधिकारों का अर्जन) अधिनियम 2004 (क्रमांक 07 सन् 2004) की धारा 3 उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए उस भूमि के उपयोग के अधिकार का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

अनुसूची

ग्राम टपरदा, पहनं. 24, तह. पुसौर, जिला- रायगढ़ (छ.ग.)

खसरा नं.	भूमिगत पाइप लाइन हेतु प्रभावित रकबा (हे. में.)	खसरा नं.	भूमिगत पाइप लाइन हेतु प्रभावित रकबा (हे. में.)
1	2	3	4
32/4	0.040	32/15	0.020
32/5	0.032	32/16	0.028
32/6	0.014	32/17	0.045
32/8	0.043	32/18	0.074
32/9	0.042	32/19	0.025
32/10	0.053	32/26	0.030
32/14	0.056	32/27	0.021
कुल खसरा संख्या- 14 कुल प्रस्तावित रकबा - 0.523 हे.			

कोई व्यक्ति जो उक्त अनुसूची में वर्णित भूमि में हितबद्ध है, उस तारीख से जिसको उक्त अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होने के, इक्कीस दिवस के भीतर, भूमि के नीचे पाईप लाईन बिछाये जाने के संबंध में, सक्षम प्राधिकारी, एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायगढ़, छत्तीसगढ़ को लिखित रूप से आक्षेप भेज सकेगा।

(महेश शर्मा)
सक्षम प्राधिकारी
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
रायगढ़ (छ.ग.)

जी- 262700274/1

मेडिकल रिपोर्ट निगेटिव क्यों न हो, पीड़िता की गवाही भरोसेमंद, हाईकोर्ट ने की आरोपी की अपील खारिज

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में जस्टिस रमेश सिन्हा और रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने सात साल की बच्ची से दुष्कर्म के मामले में अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने आरोपी की अपील को खारिज करते हुए ट्रायल कोर्ट द्वारा दी गई आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा।

अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि पीड़िता की गवाही स्पष्ट, सुसंगत और भरोसेमंद है, तो उसी आधार पर दोषसिद्धि की जा सकती है, भले ही मेडिकल या वैज्ञानिक साक्ष्य आरोपित के पक्ष में क्यों न हों। यह मामला बेमेतरा जिले का है। पीड़ित बच्ची अपने माता-पिता के काम पर बाहर रहने के दौरान गांव में अपने बड़े पिता के साथ रहती थी। एक दिन वह पड़ोसी के घर गई और देर तक वापस नहीं लौटी। जब उसकी बहन उसे लेने गई, तो बच्ची संदिग्ध स्थिति में मिली। घर लौटने पर उसने बताया कि पड़ोसी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इस घटना की शिकायत 17 मई 2022 को दर्ज कराई गई।

समाज के लिए अहम टिप्पणी

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि समाज में महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और ऐसे मामलों में संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। अंत में अदालत ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को सही ठहराते हुए आरोपी की अपील खारिज कर दी और सजा को यथावत रखा।

जांच और ट्रायल कोर्ट का फैसला

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376 और पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। जांच के दौरान मेडिकल परीक्षण में स्पष्ट सबूत नहीं मिले और डीएनए रिपोर्ट भी नकारात्मक रही। इसके बावजूद ट्रायल कोर्ट ने पीड़िता और अन्य गवाहों के बयानों को विश्वसनीय मानते हुए आरोपी को दोषी ठहराया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

आरोपी की दलीलें और कोर्ट का जवाब

आरोपी ने हाईकोर्ट में अपील करते हुए खुद को निर्दोष बताया। उसने कहा कि उसे झूठा फंसाया गया है और गवाहों के बयान में विरोधाभास हैं। साथ ही उसने यह भी दलील दी कि वह गूंगा-बहरा और अशिक्षित है, जिससे वह कानूनी प्रक्रिया को समझ नहीं पाया। हाई कोर्ट ने इन सभी दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि वैज्ञानिक रिपोर्ट केवल एक राय होती है और मजबूत प्रत्यक्ष गवाही को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

न्यूज गैलरी

सट्टा-पट्टी लिखने वाले एक आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। सट्टा पट्टी लिखने वाले आरोपी को तारबाहर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से सट्टा पट्टी, मोबाईल एवं नगदी 4500 रूपये जुमला कुल 14500 रूपये जब्त किया गया है। आरोपी को पुराना बस स्टैंड के पास से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार जिले में सटोरियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही के लिए पुलिस उप महानिरीक्षक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के द्वारा निर्देशित किया गया है उनके निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) पंकज कुमार पटेल एवं नगर पुलिस अधीक्षक सिटी कोतवाली गगन कुमार (भापुसे)के मार्गदर्शन में निरी. रविन्द्र अनंत थाना प्रभारी थाना तारबाहर के नेतृत्व में टीम बनाकर सटोरियों की पतासाजी के लिए टीम रवाना हुये थे कि मुखबीर सूचना पर पुराना बस स्टैंड हनुमान मंदिर के पास एक व्यक्ति लोगो को रूपये पैसा का लालच देकर अंको पर सट्टा पट्टी का दाव लगाकर सटटा पटटी लिख रहा है कि सूचना पर तत्काल पुराना बस स्टैंड हनुमान मंदिर के पास पहुचकर घेराबंदी कर उक्त आरोपी को पकडकर चेक करने पर उसके पास से दो नग सट्टा पट्टी अंको मे लिखा, नगदी रकम 4500 रूपये तथा एक विवो कंपनी का मोबाईल फोन जिनके वाटसअप नंबर पर सट्टा से संबंधित पैसे के लेन देन होना पाया गया है, कीमती 10000 रूपये कुल जुमला 14500 रूपये मिला जिसे जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में निरी. रविन्द्र अनंत,उपनिरी रामनरेश यादव, भागीरथी गेंदले, आर राहुल राजपूत, महेन्द्र सोनकर का सराहनीय योगदान रहा।

एनएसयूआई प्रदेश सचिव रंजेश सिंह की शिकायत पर सभी बिंदुओं पर होगी जांच

केपीएस, सेंट जेवियर्स व एचीवर स्कूल ग्रुप के खिलाफ जांच समिति गठित

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में संचालित केपीएस, सेंट जेवियर्स व एचीवर स्कूल ग्रुप के खिलाफ जांच समिति गठित के विरुद्ध लगातार प्राप्त हो रही गंभीर शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए, हस्ढ्ढ के प्रदेश सचिव रंजेश सिंह द्वारा प्रस्तुत विस्तृत शिकायत के आधार पर जिला प्रशासन/शिक्षा विभाग द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए तीनों स्कूल प्रबंधन के लिए अलग-अलग जांच समितियों का गठन किया गया है।

यह जांच समितियां प्रत्येक संस्थान के विरुद्ध लगाए गए आरोपों की पॉइंट टू पॉइंट, तथ्यात्मक एवं निष्पक्ष जांच करेंगी। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित प्रबंधन के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रदेश सचिव रंजेश सिंह ने बताया कि शिकायत में निम्न प्रमुख बिंदुओं को शामिल किया गया है, जिनकी विस्तृत जांच की जाएगी।

विद्यालय संचालन से जुड़ी विभिन्न प्रक्रियाओं में नियमों की अनदेखी

रंजेश सिंह ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में इस प्रकार की अनियमितताएं अत्यंत गंभीर विषय हैं, जिनसे सीधे तौर पर विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित होता है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि हस्ढ्ढ विद्यार्थियों के अधिकारों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होने देगी। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि सभी जांच समितियां समयबद्ध, पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से कार्य करते हुए जल्द से जल्द अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित स्कूल प्रबंधन की मान्यता रद्द करने सहित कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। रंजेश सिंह ने यह भी चेतावनी दी कि यदि जांच में देरी की जाती है या कार्रवाई में ढिलाई बरती जाती है, तो हस्ढ्ढ द्वारा जिलेभर में व्यापक आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। अंत में उन्होंने अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अनियमितता की जानकारी सामने लाएं, ताकि दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

मान्यता संबंधी अनियमितताएं

एक स्थान की मान्यता लेकर अन्य स्थानों पर बिना वैध अनुमति के विद्यालय संचालन। बोर्ड परीक्षा से वंचित करना - शासन के निर्देशों के बावजूद विद्यार्थियों को सीजी बोर्डश अन्य बोर्ड परीक्षाओं में सम्मिलित न कराना।

विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़

गलत जानकारी देकर अभिभावकों व विद्यार्थियों को गुमराह करना।

मनमानी फीस वसूली

शासन के नियमों का उल्लंघन करते हुए अत्यधिक एवं अवैध शुल्क लेना।

निजी प्रकाशकों की पुस्तकों का अनिवार्य उपयोग

निर्धारित पाठ्यक्रम के विपरीत निजी पुस्तकों को खरीदने के लिए बाध्य करना।

वित्तीय अनियमितताएं - फीस एवं अन्य मदों में पारदर्शिता का अभाव।

शासन के आदेशों की अवहेलना

समय-समय पर जारी निर्देशों का पालन न करना।

बचपन में भरें संस्कारों के रंग

ब्रह्माकुमारीज राजयोग भवन में नि:शुल्क 'बाल संस्कार शिविर' का आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। जब मिट्टी मुलायम होती है, उस समय हम जो आकार देना चाहें दे सकते हैं, लेकिन जब मिट्टी सूखकर कड़ी हो जाए, उस समय हम चाहकर भी उसका रूप परिवर्तन नहीं कर सकते। इसी प्रेरणादायी विचार के साथ बच्चों के चरित्र निर्माण और सर्वांगीण विकास हेतु प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, बिलासपुर मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 'बाल संस्कार शिविर' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित मुख्य शाखा राजयोग भवन में पिछले 28 वर्षों से भी अधिक समय से निरंतर यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। सेवाकेन्द्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने बताया कि बच्चों की 07 से 15 वर्ष की आयु व्यक्तित्व परिवर्तन की सबसे महत्वपूर्ण अवस्था होती है। इस उम्र में सिखाए गए नैतिक मूल्य और संस्कार बच्चे स्वत: ही जीवन भर के लिए अपना लेते हैं। इस वर्ष यह शिविर 24 अप्रैल (शुक्रवार) से 30 अप्रैल 2026 (गुरुवार) तक आयोजित किया जाएगा। शिविर का समय प्रतिदिन सुबह 07:30 से 09:30 बजे तक

रहेगा। बीके स्वाति दीदी ने बताया कि 7 दिवसीय इस शिविर में बच्चों को आधुनिक चुनौतियों से निपटने और मानसिक रूप से सशक्त बनाने के लिए विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें मुख्य रूप से इनर पर्सनालिटी डेवलपमेंट और मेमोरी पावर बढ़ाना, एकाग्रता और राजयोग मेडिटेशन, मोबाइल और स्क्रीन एडिक्शन के नुकसान और उससे बचाव, इमोशनल इंटेलिजेंस: कठिन परिस्थितियों में खुद को स्थिर रखना, नैतिक मूल्य: माता-पिता का सम्मान, कृतज्ञता का भाव और अच्छी आदतें, शारीरिक गतिविधियाँ: प्राणायाम, एरोबिक्स और पर्यावरण के प्रति जागरूकता। शिविर पूर्णत: नि:शुल्क है, परंतु सीमित सीटों के कारण अग्रिम पंजीकरण कराना अनिवार्य है। अभिभावक अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए 8109738997 नंबर पर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

गांव के विकास से ही देश के विकास का पूरा होगा सफर: धरमलाल कौशिक

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने ग्राम नागपुरा सिरगिट्टी में 19.80 लाख के विकास निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधानाभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने बिल्हा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नगपुरा (सिरगिट्टी) में ग्रामवासियों द्वारा आयोजित नवधा रमन में सम्मिलित होकर कथा का श्रवण किया। इसके पश्चात विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कुल 19.80 लाख रु कि लाहत से विकास निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया। इसके अंतर्गत 12.80 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 एवं 7 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सीसी रोड के निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया।उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग के विकास को प्राथमिकता दी है। आँगनवाड़ी केंद्र हमारे नन्हे बच्चों के पोषण,

स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इन केंद्रों के सुदृढ़ होने से माताओं और बच्चों को बेहतर सुविधाएँ मिलेंगी, जिससे हमारा समाज और अधिक सशक्त बनेगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही, सड़क विकास किसी भी क्षेत्र की प्रगति का आधार होता है। अच्छी सड़कें न केवल आवागमन को सुगम बनाती हैं, बल्कि व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच को भी आसान करती हैं। भाजपा सरकार द्वारा इस दिशा में किए जा रहे प्रयास निश्चित ही हमारे क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। यह भूमिपूजन केवल एक परियोजना की शुरुआत नहीं है, बल्कि यह विश्वास का प्रतीक है—विश्वास कि हमारा क्षेत्र निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत नगपुरा के सरपंच श्री विनय कौशिक जी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी के साथ क्षेत्र की प्रगति, विकास और समृद्धि के लिए दृढ़ संकल्प लिया।

महिला आरक्षण: कांग्रेस का आरोप, भाजपा भ्रम फैला रही

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा और जिला अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने संयुक्त पत्रकारवार्ता में भारतीय जनता पार्टी पर महिला आरक्षण के मुद्दे पर देशभर में 'भ्रम फैलाने' का आरोप लगाया।

नेताओं ने कहा कि कांग्रेस शुरू से महिला आरक्षण की समर्थक रही है, जबकि भाजपा इस मुद्दे को 'मुखौटा' बनाकर परिसीमन से जुड़े अपने राजनीतिक हित साधना चाहती है। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 (128वां संविधान संशोधन) संसद के दोनों सदनों से पारित हो चुका है और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की स्वीकृति के बाद यह कानून बन चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह दावा गलत है कि कांग्रेस और विपक्ष ने महिला आरक्षण बिल का समर्थन नहीं किया। कांग्रेस नेताओं ने 16 अप्रैल 2026 को केंद्र सरकार द्वारा पेश 131वें संविधान संशोधन विधेयक को लेकर कई गंभीर सवाल उठाए। उनके अनुसार लोकसभा की सीटें बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव था राज्यों में 815 और केंद्र शासित प्रदेशों में 35 सीटें तय करने की बात परिसीमन के लिए 2011 की जनगणना को आधार बनाने का प्रस्ताव दिल्ली, पांडुचेरी और जम्मू-कश्मीर के कानूनों में संशोधन की योजना कांग्रेस का आरोप है कि यह विधेयक महिला आरक्षण से अधिक परिसीमन को आगे बढ़ाने का प्रयास था। नेताओं ने कहा कि जब 2026-27 की नई जनगणना प्रस्तावित है और जातिगत जनगणना की भी चर्चा है, तो पुराने आंकड़ों (2011) के आधार पर परिसीमन करना उचित नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि महिला आरक्षण को तुरंत लागू करने के लिए वर्तमान सीटों में ही 33% आरक्षण क्यों नहीं दिया जा सकता? सरकार 2023 के कानून में संशोधन कर इसे तत्काल लागू क्यों नहीं करती? कांग्रेस का दावा है कि भाजपा परिसीमन को महिला आरक्षण के साथ जोड़कर पास कराना चाहती थी, लेकिन विपक्षी दलों की एकजुटता के चलते यह प्रयास सफल नहीं हो सका। पत्रकारवार्ता में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिलाने में कांग्रेस की भूमिका ऐतिहासिक रही है राजीव गांधी ने 1989 में पंचायत-नगर निकायों में 33% आरक्षण का प्रस्ताव रखा पी.वी. नरसिम्हा राव के कार्यकाल में 1993 में यह कानून बना मनमोहन सिंह सरकार ने संसद और विधानसभाओं में आरक्षण का विधेयक लाया, जो 2010 में राज्यसभा से पारित हुआ उन्होंने बताया कि आज देशभर में 15 लाख से अधिक महिला जनप्रतिनिधि स्थानीय निकायों में कार्यरत हैं, जो कांग्रेस की नीतियों का परिणाम है।

प्रदेश के व्यापार में नई ऊर्जा का संचार: कैट

बिलासपुर/नवप्रदेश। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय सचिव राजू सलूजा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र गांधी ,बिलासपुर जिला अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह ,कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप खेंडेलवाल, संजय मित्तल, सुरेंद्र सिंह अजमानी, संगठन महामंत्री परमजीत उबेजा ने संयुक्त रूप से बताया कि अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर पूरे देश के साथ-साथ छत्तीसगढ़ में भी व्यापारिक गतिविधियों में उत्साहपूर्ण बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि प्रदेश के वार्षिक व्यापार एवं उद्योग चक्र की सकारात्मक शुरुआत का भी संकेत देता है। राष्ट्रीय सचिव राजू सलूजा एवं कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) बिलासपुर जिला अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह ने बताया कि इस वर्ष अक्षय तृतीया पर प्रदेश भर के सराफा, रिटेल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल एवं अन्य उपभोक्ता क्षेत्रों में अच्छी ग्राहकी की उम्मीद है। बदलते समय के साथ उपभोक्ताओं का रुझान पारंपरिक खरीद के साथ-साथ स्मार्ट एवं वैल्यू-आधारित निवेश की ओर भी बढ़ा है, जिससे बाजार में संतुलित और स्थायी विकास का वातावरण बन रहा है। हीरानंद जयसिंह ने कहा 'अक्षय तृतीया सदैव से समृद्धि और शुभारंभ का प्रतीक रही है। इस वर्ष यह पर्व छत्तीसगढ़ के व्यापार एवं उद्योग जगत के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोल रहा है। प्रदेश के व्यापारी आधुनिक सोच के साथ ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुरूप खुद को ढाल रहे हैं, जिससे व्यापार में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित होगी। उन्होंने आगे कहा कि यह अवसर प्रदेश के व्यापारियों के लिए पूरे वर्ष सकारात्मक ऊर्जा के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है और आने वाले समय में छत्तीसगढ़ देश के प्रमुख व्यापारिक केंद्रों में अपनी मजबूत पहचान और भी सुदृढ़ करेगा।

आयोजन: विश्व विरासत दिवस सप्ताह अंतर्गत रेलवे स्कूलों में चित्रकला व निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित

विद्यार्थियों ने सृजनात्मकता और प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे बोर्ड के दिशानिर्देशानुसार बिलासपुर रेल मंडल में 18 अप्रैल से 24 अप्रैल तक विश्व विरासत दिवस सप्ताह मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पूरे सप्ताह मंडल में सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज बिलासपुर स्थित विभिन्न रेलवे विद्यालयों में चित्रकला एवं निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी सृजनात्मकता और प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से

विद्यार्थियों ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक स्मारकों एवं प्राकृतिक धरोहरों को आकर्षक रंगों एवं कल्पनाशीलता के साथ प्रस्तुत किया। वहीं निबंध लेखन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विरासत संरक्षण के महत्व, उसकी उपयोगिता एवं भावी पीढ़ियों के लिए उसके संरक्षण की आवश्यकता पर अपने विचार प्रभावी ढंग से व्यक्त किए। यह कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों में रचनात्मकता को प्रोत्साहित कर रहे हैं, बल्कि उन्हें देश की अमूल्य सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति जागरूक बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे । विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रतिभागी विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता हेतु प्रेरित किया गया।

अक्षय तृतीया पर प्रयागराज संगम में उमड़ा आस्था का सैलाब...

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती के खास मौके पर संगम तट पर भारी भीड़ देखने को मिली। रविवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और लोग पवित्र संगम में डुबकी लगाने के लिए पहुंचते रहे। पूरे इलाके में धार्मिक माहौल देखने को मिला और भक्तों ने स्नान के साथ-साथ पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और आशीर्वाद की कामना की। प्रयागराज संगम पर पहुंची श्रद्धालु प्रतिभा राय ने बताया कि आज अक्षय तृतीया का दिन है, इसलिए वे परिवार के साथ स्नान करने आई हैं। उन्होंने कहा कि इस दिन संगम में स्नान और पूजा-पाठ करने का बहुत महत्व होता है और इससे जीवन में शुभ फल प्राप्त होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वे अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना लेकर यहां आई हैं। वहीं श्रद्धालु अनीता यादव ने बताया कि अक्षय तृतीया के दिन दान-पुण्य करने का विशेष महत्व होता है। उन्होंने कहा कि इस दिन किया गया दान कई गुना फल देता है। उन्होंने अपने परिवार और पूरे देश की खुशहाली की कामना की और कहा कि सबसे बड़ी बात यही है कि सभी लोग सुखी और सुरक्षित रहें। एक अन्य श्रद्धालु स्नेहा ने बताया कि उन्होंने आज अपने परिवार, आसपास के लोगों और पूरे देश के लिए सुख-शांति और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के बाद से स्वास्थ्य का महत्व और भी बढ़ गया है। उनके अनुसार, स्वस्थ रहना ही सबसे बड़ी संपत्ति है, क्योंकि बिना स्वास्थ्य के जीवन की कोई भी खुशी पूरी नहीं हो सकती। उन्होंने यह भी कहा कि इस दिन दान-पुण्य करना और बड़ों का आशीर्वाद लेना बहुत ही शुभ माना जाता है।

नारी शक्ति के अधिकारों को कुचलने वालों को जनता जवाब देगी: मुख्यमंत्री मोहन यादव

महिला आरक्षण के लिए निकली जन आक्रोश महिला पदयात्रा

भोपाल/ नवप्रदेश। भाजपा की 'जन-आक्रोश महिला पदयात्रा' में बड़ी संख्या में महिलाओं का सैलाब उमड़ा, जहां महिला आरक्षण मुद्दे पर विरोध के स्वर तेज नजर आए। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि नारी शक्ति के अधिकारों को कुचलने वालों को जनता जवाब देगी। इस दौरान पदयात्रा में सीएम भी महिलाओं के साथ शामिल हुए।

लोकसभा में महिला आरक्षण के बिल के पारित ना होने के विरोध में राजधानी भोपाल में भारतीय जनता पार्टी ने 'जन-आक्रोश महिला पदयात्रा' का आयोजन किया। इस दौरान एमवीएम ग्राउंड से रोशनपुरा चौराहे तक पदयात्रा निकाली गई। इसमें महिलाओं के साथ मुख्यमंत्री मोहन यादव भी शामिल हुए। इससे पहले रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने विपक्ष पर तीखा प्रहार किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने महिला आरक्षण जैसे गंभीर मुद्दे का मजाक उड़ाया है। उन्होंने प्रियंका गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस नेत्री को शर्म आनी चाहिए। प्रियंका बड़ी-बड़ी बातें करती थीं, कहती थीं मैं लड़की हूं, लड़ सकती हूं। अब उनकी ये बड़ी-बड़ी बातें कहां गईं, जब बहनों के अधिकार का उन्होंने गला घोंट दिया।

कांग्रेस को अपने कर्मों की कीमत चुकानी होगी

सीएम डॉ. यादव ने कहा कि महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय करने वालों को देश कभी माफ नहीं करेगा। उन्होंने मंच से कहा कि बहनों की इच्छा का दमन करने वालों को सजा जरूर मिलेगी। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे अपने इस आक्रोश को देश के सामने मजबूती से रखें। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की परंपरा में नारी का सम्मान सर्वोपरि रहा है और इसे किसी भी हाल में कम नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपने कर्मों की कीमत चुकानी होगी। इस पार्टी ने हमारी बहनों के अधिकार छीनने का काम किया है। नारी शक्ति वंदन विधेयक को जिस तरह से सदन में गिराया गया, उससे स्पष्ट है कि वे नहीं चाहते कि हमारी बहनों को उनका अधिकार मिले, लेकिन अब हमारी बहनें चुप नहीं बैठेंगी।

कांग्रेस दफ्तर की ओर बढ़े प्रदर्शकारियों की पुलिस से झड़प

प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प

पदयात्रा शुरू होने से पहले ही भाजपा दफ्तर के बाहर भारी भीड़ जमा हो गई थी। जैसे ही पदयात्रा आगे बढ़ी, कुछ प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग पार कर कांग्रेस कार्यालय की ओर बढ़ने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस और भाजपा महिला कार्यकर्ताओं के बीच हल्की झड़प भी देखने को मिली।

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में महिला आरक्षण के मुद्दे पर आज यानी सोमवार 20 अप्रैल को सियासी घमासान तेज हो गया है। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की तरफसे सोमवार को 'नारी के सम्मान में जन आक्रोश महिला पदयात्रा' का आयोजन किया गया, जिसने गुलाबी नगरी के राजनीतिक माहौल को गरमा दिया। यह पदयात्रा भाजपा प्रदेश कार्यालय से शुरू हुई, जिसे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

ट्रंप को टैरिफ के मोर्चे पर बड़ा झटका, अरबों डॉलर लौटाएगा अमेरिका

नई दिल्ली/ए.। एक प्रसिद्ध हिंदी कहावत है 'चौबे गए थे छब्बे बनने, दूबे बनके लौटे'। इस कहावत का अर्थ है कि अधिक लाभ की लालसा में व्यक्ति अपनी वर्तमान स्थिति से भी हाथ धो बैठता है और हालात पहले से बदतर हो जाते हैं। यह कहावत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर बिल्कुल फिट बैठता है। राष्ट्रपति का पद संभालते ही ट्रंप ने दुनियाभर के देशों पर अनाप-शनाप टैक्स लगाया। इससे पूरी दुनिया में उथल-पुथल मच गई। कई देशों ने अमेरिकी दबाव में एकतरफा ट्रेड डील भी किए लेकिन अब यह पूरा फैसला ट्रंप के लिए सेल्फगोल्फसाबित हो रहा है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप टैरिफ को गलत बताते हुए रद्द करने का फैसला सुनाया थ्ा। इसके बाद अब अमेरिकी सरकार दुनियाभर के देशों को टैरिफ के तहत वसूले गए पैसे को लौटाने का ऐलाना किया है।

अमेरिकी सरकार ने अरबों डॉलर के टैरिफ वापस करने की एक लंबे समय से इंतजा की जा रही प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी कर ली है। यह कदम तब उठाया गया है जब सुप्रीम कोर्ट ने इस साल की शुरुआत में राष्ट्रपति Donald Trump द्वारा लगाए गए शुल्कों को रद्द कर दिया था।

US Customs and Border Protection द्वारा लॉन्च किए गए एक ऑनलाइन पोर्टल के जरिए आयातक सोमवार सुबह से ही अपने दावे फाइल करना शुरू कर सकते हैं। यह प्रक्रिया अमेरिका के इतिहास में टैरिफ वापसी का अब तक का सबसे बड़ा अभियान साबित हो सकती है। आयातकर्ता और अधिकृत कस्टम ब्रोकर, जिन्होंने आपातकालीन शक्तियों के तहत टैरिफ का भुगतान किया था, अब छ्व्रक्क सिस्टम के माध्यम से अपने दावे जमा कर सकते हैं। लेकिन पहले चरण में पात्रता सीमित है।

आजम खान और अब्दुल्ला आजम को बड़ा झटका, 2 पैन कार्ड मामले में सजा बरकरार

लखनऊ/ए.। रामपुर से बड़ी खबर सामने आई है, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को अदालत से बड़ा झटका लगा है। दो पैन कार्ड मामले में अदालत ने उनकी याचिका खारिज कर दी है।अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड का मामले में आजम खान और अब्दुल्ला आजम की सजा बरकरार रहेगी। बता दें कि आजम खान और अब्दुल्ला आज़म को कोर्ट 7-7 साल की सजा सुना चुकी थी और 50-50 हजार का जुर्माना भी। स्क्क्रूमजिस्ट्रेट कोर्ट से सजा होने के बाद आजम खान और अब्दुल्ला आजम रामपुर जेल में बंद हैं । 17 नवंबर 2025 को एमपी-एमएलए कोर्ट ने आजम खान, अब्दुल्ला आजम और तंजीम फातिमा को दोषी ठहराते हुए 7 साल की कैद की सजा सुनाई थी।अब्दुल्ला आजम पर अलग-अलग जन्मतिथियों के साथ दो पैन कार्ड बनवाने का आरोप है।

आरोप है कि फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करके सरकारी मशीनरी को धोखा दिया गया यह मामला भाजपा नेता आकाश सक्सेना द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे से संबंधित है,आजम खान और अब्दुल्ला आजम फिलहाल रामपुर जिला जेल में बंद हैं।

बचाव पक्ष और अभियोजन पक्ष ने अपने-अपने तर्क रखे

एमपी-एमएलए कोर्ट के फैसले के बाद, 25 नवंबर 2025 को दोनों की ओर से सेशन कोर्ट में अपील दाखिल की गई थी। फिलहाल, आजम खान और अब्दुल्ला आजम रामपुर जिला जेल में निरुद्ध हैं। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष और अभियोजन पक्ष ने अपने-अपने तर्क विस्तार से रखे। अदालत ने सभी दलीलों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखने का आदेश दिया। यह फैसला राजनीतिक और कानूनी दोनों ही दृष्टियों से महत्वपूर्ण है।

रिफाइनरी में लगी आग, पीएम मोदी करने वाले थे उद्घाटन

नई दिल्ली/ए.। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल राजस्थान में जिस पचपदरा रिफाइनरी का उद्घाटन करने वाले थे, उसमें आग लग गई है। मिली जानकारी के अनुसार दमकल की 20 गाड़ियां मौके पर रवाना हो गई है। HPCL Rajasthan Refinery Limited द्वारा निर्मित यह रिफाइनरी राजस्थान की पहली अत्याधुनिक तकनीक से लैस इकाई है, जहां बीएस-6 मानक का ईंधन उत्पादन किया जाएगा। यह परियोजना बाड़मेर जिले के पचपदरा क्षेत्र में स्थापित की गई है। खास बात यह है कि इसे देश का पहला ऐसा प्रोजेक्ट माना जाता है, जिसमें रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स का संयुक्त विकास किया गया है।

इस परियोजना में Hindustan Petroleum Corporation Limited की 74त्न हिस्सेदारी है, जबकि राजस्थान सरकार की भागीदारी 26% है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि 79,450 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश वाली यह ऐतिहासिक परियोजना भारत के ऊर्जा और पेट्रोरसायन क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

आई-पैक ने बंगाल से समेटा कामकाजबड़ी संख्या में कर्मचारियों ने दिया इस्तीफा

कोलकाता। टीएमसी द्वारा नियुक्त राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पीएसी (I-PAC) ने बंगाल में अपना परिचालन निलंबित कर दिया है। बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने इस्तीफा दिया है। आई-पीएसी के कर्मचारी अपने घरों को लौट गए हैं। बता दें कि छापेमारी के बाद से ही I-PAC विवादों में थी और इसे लेकर भारी सियासी खींचतान भी हुई थी।

OFFICE OF THE SUPERINDENDING ENGINEER (PROJECT) CIRCLE BILASPUR
C.S.P.D.C.L. BILASPUR

NO. SE (PROJECT)/ BSP/Tender Notice/ PAPER PRAKASHAN/ 202   BILASPUR, DT17.04.2026

NOTICE INVITING E- TENDER

Online bids are invited through CSPDCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible electrical contractors registered in the O/o CE (PROJECT), CSPDCL, Gudhiyari, Raipur for following work.-

No	Tender No.	RFX No.	Particulars of Work's	Tender Amount (in RS.)	Tender Fee (on line)	Completion (excuding Rainy Season)	Time Due Date of Submission
1	SE/PRO./ BSP/T- 10 6/04/2026	8100050513	Estimate for p/s to 81 HP Irrigation T/W Connection at various villages U/N. Dabhara DC U/N. O&M Dn. SAKTI	10077928/-	2000/-	60 days	03.00pm on 22/04/2026
2	SE/PRO./ BSP/T- 11 6/04/2026	8100050520	Estimate for p/s to 10 Nos. 13 HP Irrigation T/W Connection at villages Deorani U/N. Birra DC U/N. O&M Dn. Champa	583867/-	2000/-	60 days	03.00pm on 22/04/2026
3	SE/PRO./ BSP/T- 12 6/04/2026	8100050525	Estimate for p/s to 15 Nos. 37 HP Irrigation T/W Connection at Various villages U/N.Hasaud DC U/N. O&M Dn. Sakti	895840/-	2000/-	60 days	03.00pm on 22/04/2026
4	SE/PRO./ BSP/T- 13 6/04/2026	8100050529	Estimate for p/s to 14 Nos.70 HP Irrigation T/W Connection at Various villages U/N. ADBHAR DC U/N. O&M Dn. Sakti	725652/-	2000/-	60 days	03.00pm on 22/04/2026
5	SE/PRO./ BSP/T- 14 6/04/2026	8100050535	Estimate for p/s to 30 Nos.150 HP Irrigation T/W Connection at Various villages U/N. SALANI DC U/N. O&M Dn. Sakti	1759862/--	2000/-	60 days	03.00pm on 22/04/2026
6	SE/PRO./ BSP/T- 15 6/04/2026	8100050537	Estimate for p/s to 11 Nos. 55 HP Irrigation T/W Connection at Various villages U/N. FAGURAM DC U/N. O&M Dn. Sakti	695124/-	2000/-	60 days	03.00pm on 22/04/2026
7	SE/PRO./ BSP/T- 16 6/04/2026	8100050543	Estimate for p/s to 31 Nos. 152 HP Irrigation T/W Connection at Various villages U/N. CHHAPORA DC U/N. O&M Dn. Sakti	1675252/-	2000/-	60 days	03.00pm on 22/04/2026
8	SE/PRO./ BSP/T- 17 6/04/2026	8100050551	Estimate for p/s to 08 Nos.40 HP Irrigation T/W Connection at Various villages U/N. SAKTI RULAR DC U/N. O&M Dn. Sakti	643307/-	2000/-	60 days	03.00pm on 22/04/2026

Terms & Conditions:-1.Bids will be opened at 3.30pm and onward on the same day of submission.The details available in web site www.cspc.co.in → CSPDCL→ PROJECT may be downloaded and should be submitted. 2.CSPDCL reserves the right to reject or cancel any or all the bids without assigning any reason thereof.3.Corrigendum, if any will be published only on website www.cspc.co.in→ CSPDCL→O&M and notice board.4.For e-bidding CSPDCL Helpline no. 0771-2576672 EITC (CSPDCL).tenders.cspdcl@co.in)

SAVE ELECTRICITY S- 47564/2 V.K.TIWARI (91519200) Superintending Engineer (Project)Circle, C.S.P.D.C.L., Bilaspur

आई-पावर्ड डिवाइसेज की खोज में साल-दर-साल 60% की बढ़ोतरी

लैपटॉप, स्मार्टफोन, स्मार्ट टीवी, एसी, रेफ्रिजरेटर, टैबलेट, वियरेबल्स और अन्य कैटेगरी में चुने हुएप्रोडक्ट्स के साथ यह एआई स्टोर हर भारतीय ग्राहक को एक ही जगह पर स्मार्ट डिवाइसेज़खोजने, तुलना करने और भरोसे के साथ खरीदने की सुविधा देता है।

बेंगलुरु/ए.। Amazon.in ने एआई स्टोर लॉन्च किया है, जो ग्राहकों को एआई-पावर्डकंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स आसानी से खोजने और खरीदने के लिए एक समर्पित प्लेटफॉर्म प्रदान करता है।यह एआई स्टोर कई प्रोडक्ट कैटेगरी को कवर करता है, जिनमें लैपटॉप, स्मार्टफोन, टेलीविजन, एयरकंडीशनर, रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, टैबलेट, स्मार्टवॉच और स्मार्ट ग्लासेस शामिल हैं। इसमें शीर्षवैश्विक और भारतीय ब्रांड्स के कई विकल्प उपलब्ध हैं।

अमेज़न इंडिया की डायरेक्टर (कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स) ज़ेबा खान ने कहा, ÷द्बड्ड5श्ठ्ठ.द्बठ्ठ पर हमारीभूमिका सिर्फसबसे बड़ा चयन देने तक सीमित नहीं है। हम ग्राहकों को तेजी से बदलती टेक्नोलॉजी कोसमझने में स्पष्टता देना चाहते हैं, ताकि वे बिना जटिल तकनीकी जानकारी समझे आत्मविश्वास केसाथ सही निर्णय ले सकें। एआई स्टोर इसी उद्देश्य को पूरा करता है, जहां एक ही जगह पर कई स्मार्टडिवाइसेज़ उपलब्ध हैं और यह भी साफतौर पर बताया गया है कि हर डिवाइस का एआई ग्राहकों केलिए क्या कर सकता है। चाहे डिब्रूगढ़ का कोई छात्र हो जो एक ऐसा लैपटॉप चाहता है जो पहले सेसोच सके, या नागरकोइल का कोई प्रोफेशनल जो एक स्मार्टफोन अपग्रेड करना चाहता है, या मुंबई काकोई परिवार जो ऐसा टीवी ढूंढ रहा है जो उनकी देखने की आदतों के अनुसार खुद को ढाल सके-हमचाहते हैं कि हर ग्राहक ऐसा एआई-पावर्ड डिवाइस पाए जो भारत में कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स खरीदने में एआई तेजी से एक महत्वपूर्ण कारक बनता जा रहा है। Amazon.in के सर्च ट्रेंड्स के अनुसार, एआई-पावर्ड डिवाइसेज़ से संबंधित खोजों में साल-दर-साल 60त्न की वृद्धि हुई है।

दमदार एक्शन से भरपूर 'राजा शिवाजी' के ट्रेलर में छाए रितेश

मुंबई। रितेश देशमुख के निर्देशन में बनी 'राजा शिवाजी' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब इस मल्टीस्टारर फिल्म का ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। फिल्म में रितेश देशमुख छत्रपति शिवाजी महाराज के किरदार में नजर आ रहे हैं। इसके अलावा फिल्म में जेनेलिया देशमुख, संजय दत्त, विद्या बालन, अभिषेक बच्चन और महेश मांजरेकर जैसे सितारे भी अहम किरदारों में दिखाई देंगे। 3 मिनट 5 सेकंड के इस ट्रेलर में वीरता, युद्ध, एक्शन और इमोशन सभी की झलक देखने को मिलती है। ट्रेलर की शुरुआत छत्रपति शिवाजी महाराज के बचपन से होती है, लेकिन फिर दिखता है छत्रपति शिवाजी महाराज का शौर्य और साहस से भरा एक योद्धा का रूप, जहां वो मुगलों से मुकाबला करते हैं और स्वराज्य स्थापना के लिए संघर्ष करते हैं। इस ट्रेलर में भव्य एक्शन सीन से लेकर दमदार डायलॉगबाजी तक देखने को मिलती है। ट्रेलर में फिल्म की भारी भरकम स्टारकास्ट भी दिखती है। ट्रेलर में फिल्म की पूरी कास्ट की झलक दिखती है। अभिषेक बच्चन ने शिवाजी महाराज के बड़े भाई संभाजी शाहजी महाराज की भूमिका निभाई है, जबकि संजय दत्त ने अफजल खान की भूमिका निभाई है। कलाकारों में शाहजी राजे भोसले के रूप में सचिन खेडेकर, जीजाबाई के रूप में भाग्यश्री, बड़ी बेगम के रूप में विद्या बालन, शाहजहां के रूप में फरदीन खान, पंत के रूप में जीतेंद्र जोशी, आदिलशाह के रूप में अमोल गुप्ते और साई बाई के रूप में जेनेलिया देशमुख शामिल हैं।

न्यूज गैलरी

पश्चिम बंगाल चुनाव में छत्तीसगढ़ के बीजेपी कार्यकर्ताओं से पीएम मोदी ने की वन-टू-वन चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में बतौर विधानसभा युवा प्रवासी कार्यकर्ता विगत (20 फरवरी) दो माह से लगातार पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिले के गल्सी विधानसभा में प्रवास पर रहकर भारतीय जनता पार्टी के मार्गदर्शन में संगठनात्मक कार्य करने के बीच देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के होटल फॉर्चून पार्क दुर्गापुर में रात्रि विश्राम के द्वितीय दिवस प्रातः कुल आठ लोगों के साथ वन टू वन परिचय प्राप्त कर आशीर्वाद दिया और उसके बाद वापस मुड़कर हम सब को अपना प्रोटोकॉल ब्रेक करके एक साथ बुलाया और मुझ जैसे एक छोटे से कार्यकर्ता से पश्चिम बंगाल चुनाव के संबंध पर विशेष बातचीत की और अपना बहुमूल्य आशीर्वाद रूपी मार्गदर्शन भी दिया। उनकी मौजूदगी में हमें कॉफी विथ ब्रेकफास्ट का भी ऐतिहासिक अवसर प्राप्त हुआ जो जीवन भर भुला नहीं जा सकता है।

शिवनाथ नदी में नहाने गए दो दोस्तों की डूबने से मौत

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में रविवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां शिवनाथ नदी में नहाने उतरे पांच दोस्तों में से दो की डूबने से मौत हो गई। यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के छातागढ़ पिकनिक स्पॉट की है। हादसे के बाद इलाके में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, सभी पांच दोस्त एक साथ छातागढ़ पिकनिक स्पॉट घूमने पहुंचे थे। यहां पहुंचकर उन्होंने शिवनाथ नदी में नहाने का निर्णय लिया। बताया जा रहा है कि किसी भी दोस्त को तैरना नहीं आता था, इसके बावजूद सभी नदी में उतर गए। नहाने के दौरान अचानक दो युवक नदी के गहरे हिस्से में चले गए, जहां पानी की गहराई लगभग 10 से 12 फीट थी। गहराई का अंदाजा न होने के कारण दोनों युवक बाहर नहीं निकल सके और पानी में डूब गए। मृतकों की पहचान मोहम्मद फैजल (21 वर्ष) और मोहम्मद ईशांत (13 वर्ष) के रूप में हुई है, जो कैलाश नगर दुर्ग के निवासी थे। वहीं बाकी तीन दोस्त किसी तरह सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहे। घटना के तुरंत बाद बचे हुए दोस्तों ने परिजनों, पुलिस और एसडीआरएफ को सूचना दी। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। काफी देर तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद रात करीब 8 बजे दोनों युवकों के शव नदी से बरामद कर लिए गए। इसके बाद शवों को बाहर निकालकर पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। इस दर्दनाक घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। परिजन लगातार रो-रोकर शोक व्यक्त कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने भी इस घटना पर गहरा दुख जताया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि सभी दोस्त बिना सुरक्षा और तैराकी ज्ञान के नदी में उतरे थे, जिसके कारण यह हादसा हुआ।

मजदूरी के लिए गया युवक मृत मिला परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

सरगुजा/नवप्रदेश। सूरजपुर जिले के झिलमिली थाना क्षेत्र अंतर्गत केनापारा गांव का एक युवक मजदूरी के लिए ओडिशा गया था, जहां उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना ने न केवल परिजनों को झकझोर दिया है, बल्कि मजदूरों के पलायन और उनकी सुरक्षा को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, केनापारा निवासी सनीश कुमार करीब दो महीने पहले काम के सिलसिले में ओडिशा के भुनेश्वरपुर गया था। एक सप्ताह पूर्व उसकी मौत की खबर गांव पहुंची। बताया गया कि युवक की मृत्यु तालाब में नहाने के दौरान डूबने से हुई, लेकिन परिजनों ने इस पर संदेह जताया है। उनका कहना है कि मृतक के कान से खून निकल रहा था, जिससे हत्या की आशंका बलवती हो रही है। मृतक के पिता रामबली ने घटना की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए जिम्मेदारों पर कार्रवाई की बात कही है। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी इस मामले को गंभीर बताते हुए श्रम विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। जिला पंचायत सदस्य अखिलेश प्रताप सिंह ने आरोप लगाया कि विभाग की उदासीनता के कारण ही क्षेत्र के मजदूरों को दूसरे राज्यों में पलायन करना पड़ता है, जबकि न तो उनकी निगरानी की कोई व्यवस्था है और न ही पंजीकरण का समुचित रिकॉर्ड। मामले में जब श्रम अधिकारी से प्रतिक्रिया लेने की कोशिश की गई, तो उन्होंने तत्काल कोई जवाब देने से इनकार करते हुए तीन दिन बाद जानकारी देने की बात कही, जिसे लेकर लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। वहीं, एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैकरा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह घटना एक बार फिर यह सवाल खड़ा करती है कि आखिर मजदूरों की सुरक्षा और उनके अधिकारों को लेकर जिम्मेदार विभाग कितने सजग हैं। फिलहाल पूरे मामले में जांच जारी है।

शंकर नगर में नाले की विशेष सफाई, नगर निगम ने शिकायत का किया त्वरित समाधान

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर पालिक निगम के जोन-3 में स्वच्छता से जुड़ी जनशिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शंकर नगर क्षेत्र में बालाजी उद्यान के समीप नाले की विशेष सफाई कराई गई। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन-3 की जोन कमिश्नर प्रीति सिंह ने मौके पर पहुंचकर सफाई कार्य की निगरानी की। इस दौरान कार्यपालन अभियंता ईश्वर लाल टावरे, सहायक अभियंता नरेश साहू और जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन कुमार तांडी भी मौजूद रहे। नाले में जमा कचरे और गाद को हटाने के लिए जेसीबी मशीन की मदद ली गई। सफाई के दौरान बड़ी मात्रा में गंदगी बाहर निकाली गई, जिससे नाले का पानी निकास सुचारु रूप से शुरू हो सका। सफाई के बाद निकाले गए कचरे का तत्काल परिवहन कर क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखी गई। इस कार्रवाई से आसपास के रहवासियों को बदबू और जलभराव की समस्या से राहत मिली है।

दुर्ग स्टेशन पर अभियान में 76 बेटिकट यात्री पकड़े, 16 अवैध वेंडर पर कार्रवाई

बार-बार मिल रहे अवैध वेंडर, फिर भी आरपीएफ और कमर्शियल अधिकारी क्यों नहीं होते जवाबदेह?

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग एवं रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की संयुक्त टीम ने दुर्ग स्टेशन पर अनियमित यात्रियों और अनाधिकृत वेंडिंग के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी के निर्देशन में मंडल वाणिज्य प्रबंधक राकेश सिंह के नेतृत्व में 4 वाणिज्य निरीक्षक और 2 टीटीई स्टाफ के साथ यह कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान रेल अधिनियम की धारा 144 के तहत 8, धारा 145-बी के तहत 3, धारा 145 व 147-क के तहत 4 और धारा 147 के तहत 1 इस प्रकार कुल 16 अनाधिकृत वेंडरों पर कार्रवाई की गई। इसके साथ ही 59 बिना टिकट और 15 अनियमित टिकट वाले यात्रियों तथा 2 बिना बुकिंग के सामान ले जाने वाले यात्रियों पर जुर्माना लगाकर कुल 49,100 रुपये वसूले गए। स्टॉल्स पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की भी जांच की गई। इसी दौरान रेलवे बोर्ड के निर्देश पर पेस्ट कंट्रोल ड्राइव के तहत ट्रेनों की पैंट्री कार की जांच में गाड़ी संख्या 12810 हावड़ा-मुंबई मेल में पेस्ट कंट्रोल के बावजूद कॉकरोच पाए गए, जो यात्रियों की खाद्य सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

कार्रवाई रोज, जवाबदेही कभी नहीं

यहां एक अहम सवाल उठता है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। दुर्ग हो या रायपुर – स्टेशनों और ट्रेनों में अवैध वेंडर लगातार पकड़े जा रहे हैं। हर बार अभियान चलता है, जुर्माना वसूला जाता है, चेतावनी दी जाती है और फाइल बंद हो जाती है। लेकिन अगले अभियान में फिर वही अवैध वेंडर मिलते हैं। सवाल यह है कि जब यह सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा, तो आरपीएफ इंस्पेक्टर पर आईजी और कमर्शियल स्टाफ पर सीनियर डीसीएम कार्रवाई क्यों नहीं करते? जिस क्षेत्र में बार-बार अवैध वेंडिंग हो रही हो, वहां की जिम्मेदारी स्थानीय आरपीएफऔर वाणिज्य अधिकारियों की भी उतनी ही है। केवल वेंडरों पर जुर्माना लगाकर खानापूर्ति करना पर्याप्त नहीं है। जब तक जिम्मेदार अधिकारियों पर भी जवाबदेही तय नहीं होगी, यह अभियान महज कागजी कार्रवाई बनकर रह जाएगा।

मिशन अमृत योजना फेल: 40 टैंकर में 400 ट्रिप रोज फिर भी राहत नहीं

करोड़ों खर्च, फिर भी प्यासे 15 वार्ड

■ बीमार और बुजुर्ग भी घंटों लाइन में खड़े

रायपुर/नवप्रदेश। मिशन अमृत योजना में करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी नगर निगम का अमला शहर की बड़ी आबादी को नल से पानी पिलाने में नाकाम साबित हो रहा है। 15 अप्रैल तक की स्थिति के अनुसार शहर के 15 वार्डों में पेयजल संकट गहरा चुका है और यह संख्या लगातार बढ़ रही है।

राहत के नाम पर नगर निगम प्रतिदिन विभागीय व किराए के मिलाकर 40 टैंकरों से लगभग 400 ट्रिप पानी पहुंचा रहा है, लेकिन इससे भी नागरिकों को पूरी राहत नहीं मिल पा रही। जोन-3 कमिश्नरी अंतर्गत खम्हारडीह शंकरनगर की हालत सबसे दयनीय है। यहां रेलवे पटरी के दोनों ओर की बस्तियों में न नल से पानी आ रहा है और न बोरवेल से। बोरवेल से महज 5 से 7 मिनट ही पानी निकल पाता है, उसके बाद दोबारा पानी के लिए डेढ़ से दो घंटे इंतजार करना पड़ता है।

खम्हारडीह संगम चौक निवासी गोपाल वैष्णव, जो ब्लड प्रेशर, शुगर सहित अन्य बीमारियों से पीड़ित हैं, उनकी व्यथा इस संकट का जीता-जागता उदाहरण है। उन्होंने बताया कि मार्च के दूसरे सप्ताह से नल सूखने लगे थे। पहले टैंकर सुबह 10 से 10.30 बजे आता था, अब शाम 5 बजे आता है और तब भी मुश्किल से एक ड्रम पानी मिल पाता है। शंकरनगर ओवरब्रिज से सड्डू तक का पूरा इलाका भूजल संकट की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील हो चुका है। केंद्रीय भूजल बोर्ड ने दो वर्ष पूर्व ही धरसींवा ब्लॉक के इस एरिया को रेड जोन घोषित किया था। इसके बावजूद राज्य शासन वॉटर टेबल सुधारने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा सका। नागरिक अब मुंह मांगी कीमत पर निजी टैंकर खरीदने को मजबूर हो रहे हैं।

जोन-5 में खारुन नदी के किनारे स्थित डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड में पानी की बड़ी टंकी होने के बावजूद 10 टैंकरों से आपूर्ति की नौबत आ चुकी है। इससे लगे भक्त माता कर्मा वार्ड में भी स्थिति भयावह होती जा रही है। जोन-1 में गोवर्धननगर की 36 लाख लीटर क्षमता की टंकी और खमतराई थाने के पास 10 लाख लीटर की टंकी का पानी नाकाफी पड़ रहा है। पूर्व जलकार्य अध्यक्ष नागभूषण राव के अनुसार केबिनपारा, रामेश्वरनगर, कमल चौक और बुनियाद नगर की 4 हजार आबादी इन दिनों टैंकर पर आश्रित है। महापौर मीनल चौबे द्वारा गठित जलबोर्ड समिति भी केवल कागजों तक सिमट कर रह गई है। समिति को प्रतिदिन निरीक्षण रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश थे, लेकिन प्रभावित वार्डों की संख्या कम होने के बजाय बढ़ती जा रही है। गर्मी का यह दौर जून तक चलने का अनुमान है और इसे लेकर नागरिकों में चिंता बढ़ती जा रही है।

जोनवार स्थिति

- ■ जोन-1: बंजारी माता व यतियतन लाल वार्ड – दो टंकियां होने के बाद भी 4 हजार आबादी टैंकर पर निर्भर
- ■ जोन-3: खम्हारडीह – बोरवेल से भी राहत नहीं, रेड जोन का खतरा
- ■ जोन-5: डॉ. खूबचंद बघेल व भक्त माता कर्मा वार्ड – खारुन नदी के पास होने के बावजूद 10-10 टैंकर
- ■ जोन-9: पांच वार्ड प्रभावित

संकट के आंकड़े

- ■ 15-प्रभावित वार्ड
- ■ 40- टैंकर प्रतिदिन
- ■ 400- ट्रिप रोज़ाना

रायपुर नगर निगम से एक और फाइल गायब, जांच के आदेश

■ कुछ दिन पहले 100 एकड़ के जमीन की फाइल हुई थी गायब

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में नगर निगम मुख्यालय के सामने स्थित गार्डन से जुड़ी अहम फाइल गायब होने का मामला सामने आया है। पहले से ही फूड पार्क की शर्तों के उल्लंघन को लेकर विवादों में रहे इस गार्डन को लेकर अब प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। कुछ दिन पहले जोन-10 से जुड़ी फाइल गायब होने की घटना सामने आई थी। अब मुख्यालय स्तर पर फाइल लापता होने से यह मामला और गंभीर हो गया है। अधिकारियों ने इसे गंभीरता से लेते हुए जांच के निर्देश दिए हैं।

व्यावसायिक उपयोग पर उठे सवाल: जानकारी के अनुसार, गार्डन के रखरखाव और सुविधाओं के लिए निजी एजेंसी को जिम्मेदारी दी गई थी। इसके तहत सीमित हिस्से में दुकानों और फूड स्टॉल की अनुमति दी गई थी, लेकिन आरोप है कि निर्धारित सीमा से अधिक क्षेत्र का व्यावसायिक उपयोग किया गया।

नियमों का पालन नहीं होने की शिकायत: निगम के नियमों के मुताबिक, उद्यान के कुल क्षेत्रफल के केवल 5 प्रतिशत हिस्से में ही व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा सकती हैं। साथ ही सुरक्षा, साफ-सफाई और सीसीटीवी व्यवस्था सुनिश्चित करना भी एजेंसी की जिम्मेदारी होती है। इसके बावजूद मौके पर इन व्यवस्थाओं में कमी और नियमों के उल्लंघन की शिकायतें सामने आती रही हैं। आशंका जताई जा रही है कि गड़बड़ियों को छिपाने के लिए दस्तावेजों से छेड़छाड़ की गई हो सकती है।

जांच के बाद होगी कार्रवाई-महापौर: महापौर मीनल चौबे का कहना है कि गार्डन से जुड़े सभी दस्तावेजों की जांच की जा रही है। यदि किसी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता सामने आती है तो संबंधित अधिकारियों और एजेंसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कपल ने की आत्महत्या, अलग-अलग फंदे पर लटके मिले शव

कवर्धा/नवप्रदेश। कवर्धा जिले के पांडातराई थाना क्षेत्र में एक कपल द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। रामलाल चंद्रवंशी (34) और रीना चंद्रवंशी (29) के शव अलग-अलग फंदे पर लटके हुए पाए गए।

इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार, दोनों पहले से शादीशुदा थे और करीब चार साल पहले अपने परिवार को छोड़कर घर से भाग गए थे। इसके बाद दोनों ने दूसरी शादी कर ली थी और रायपुर में रह रहे थे। लगभग एक महीने पहले ही वे अपने गांव लौटे थे और अलग घर लेकर रह रहे थे। घटना 19 अप्रैल को सामने आई, जब रामलाल के पिता सुबह सब्जी देने के लिए उनके घर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने घर का दरवाजा बंद पाया। कई बार आवाज देने के बावजूद अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। संदेह होने पर जब उन्होंने खिड़की से झांककर देखा तो दोनों की लाशें रस्सी के फंदे से लटकी हुई दिखाई दीं। इसके बाद परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पांडातराई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की और पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। पोस्टमॉर्टम के बाद शवों को परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

भिलाई में घरेलू विवाद ने ली जान, पत्नी ने की पति की हत्या

भिलाई/नवप्रदेश। छावनी थाना क्षेत्र में देर रात एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जहां पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया और एक व्यक्ति की जान चली गई। बताया जा रहा है कि गुस्से में आकर पत्नी ने घर में रखे सील-लोढ़ा से अपने पति पर हमला कर दिया। सिर पर किए गए इस वार की तीव्रता इतनी अधिक थी कि घायल व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान डोमन लाल साहू के रूप में हुई है, जो पेशे से ड्राइवर था। घटना की सूचना मिलते ही छावनी थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने आरोपी पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

आंधी में ढही तिमंजिला दीवार, दब गया पड़ोसी का परिवार, मचा हड़कंप

कोरबा /नवप्रदेश। रविवार देर शाम मौसम ने एकाएक करवट बदली और तेज आंधी-तूफान शुरू होने के साथ बारिश भी हुई। आंधी तूफान के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ तो वहीं यह आंधी एक बड़े दुर्घटना की वजह भी बन गई। बताया गया कि जिले के कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत प्रेम नगर कपाटमुड़ा मार्ग में संतोष वर्मा द्वारा मकान का निर्माण कराया जा रहा है। मकान के तीसरी मंजिल में बनी बिलकुल नई दीवार गत रात करीब 8.30 से 9 बजे के मध्य चले तेज आंधी के दौरान भरभरा कर पड़ोसी अजय धनवार के घर के ऊपर जा गिरी। अजय घर का छप्पर टूट गया और पूरा ईंट मलबा घर के अंदर सो रहे अजय धनवार, उसकी पत्नी और बच्चे के ऊपर गिर पड़ा। तेज आवाज के साथ हुए हादसे का शोर सुनकर आसपास के लोग अपने घर से बाहर निकले तो नजारा देख दहल उठे।

बारात से लौटते समय भीषण सड़क हादसा, दो युवकों की मौत

सरगुजा/नवप्रदेश। कोरिया जिले के बैकुंठपुर-चिरमिरी मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जहां बारात से लौट रहे युवकों की कार अनियंत्रित होकर पलट गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वाहन तेज रफ्तार में था, जिसके चलते चालक नियंत्रण खो बैठा और कार सड़क किनारे पलट गई। हादसा इतना गंभीर था कि दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। सभी युवक एमसीबी जिले के चिरमिरी क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं और शादी समारोह से लौट रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों और स्थानीय लोगों में गहरा दुख और आक्रोश देखा जा रहा है।

पक्षपात का आरोप: विधानसभा क्षेत्रों के बीच विकास की खाई चर्चा का केंद्र, गरमाई जिले की सियासत

भानुप्रतापपुर में 'विकास' की बयार, अंतागढ़ में 'अंधकार'

अंतागढ़/नवप्रदेश। उत्तर बस्तर के कांकेर जिले में इन दिनों दो विधानसभा क्षेत्रों के बीच विकास की खाई चर्चा का केंद्र बनी हुई है। एक ओर जहां भानुप्रतापपुर विधानसभा में विपक्ष मे रहते हुए कांग्रेस विधायक सावित्री मंडावी के नेतृत्व में प्रशासन 'युद्ध स्तर' पर निर्माण कार्यों में जुटा है, वहीं दूसरी ओर पड़ोसी विधानसभा अंतागढ़ में भाजपा की जीत के बावजूद जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि प्रशासन का पूरा ध्यान केवल भानुप्रतापपुर पर केंद्रित है, जबकि अंतागढ़ विकास की दौड़ में पिछड़ता जा रहा है।

शिक्षा का विस्तार: क्षेत्र में नई लाइब्रेरी और दुर्गुकोंदल जैसे दुर्गम इलाकों में 'एजुकेशन हब' का निर्माण कर शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है।

भानुप्रतापपुर में शिक्षा और खेल का नया हब अंतागढ़ में क्यों नहीं?

विधायक सावित्री मंडावी के प्रयासों और जिला प्रशासन की सक्रियता के चलते भानुप्रतापपुर की तस्वीर बदलती दिख रही है। वर्तमान में वहां कई महत्वाकांक्षी परियोजनाओं पर काम चल रहा है। मुल्ला कैंप स्पोर्ट्स एकेडमी: युवाओं की प्रतिभा निखारने के लिए

अत्याधुनिक स्पोर्ट्स एकेडमी का निर्माण किया जा रहा है। मावा मोदेल कोचिंग सेंटर: यहाँ प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्थानीय युवाओं को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है किन्तु अंतागढ़ मे ऐसा कोई बड़ा उपलब्धि देखने को नहीं मिल रहा है।

नक्सल पुनर्वास: भानुप्रतापपुर में नक्सल पुनर्वास केंद्र की स्थापना को शांति और विकास की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

कैबिनेट मंत्रियों का दौरा और? प्रशासन कि प्राथमिकता सबसे ऊपर: इतना ही नहीं, भानुप्रतापपुर में लगातार कैबिनेट मंत्रियों के दौरों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सत्ता और प्रशासन की प्राथमिकता में यह क्षेत्र सबसे ऊपर है वही बात कि जाए अंतागढ़ कि तो तीन वर्ष सत्ताधारी पार्टी के एक भी कैबिनेट मंत्रियो का दौरा न कार्यक्रम इस क्षेत्र मे हुआ है इसे विडंबना कहा जा सकता है कि अंतागढ़ मे विधायक और सांसद का निवास है फिर भी विकास या बड़ी उपलब्धि देखने को नहीं मिल रहा जबकि अंतागढ़ हमेशा से उपेक्षा का दंश झेलते आ रहा है

अंतागढ़ में आक्रोश: जैसी करनी वैसी भरनी? भानुप्रतापपुर की इस चमक-धमक के विपरीत अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का गंभीर आरोप है कि भाजपा सांसद और विधायक की जीत के बाद भी क्षेत्र में कोई उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल नहीं हुई है। 'अंतागढ़ विकास की जगह अंधकार की ओर जा रहा है। हमारे जनप्रतिनिधि क्षेत्र की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं हैं, जबकि सरकारी मशीनरी का पूरा जोर केवल पड़ोसी विधानसभा को सजाने में लगा है।'

प्रशासनिक अधिकारी की 'राजनीतिक महत्वाकांक्षा' पर सवाल? सूत्रों से मिली खबर तथा क्षेत्र में यह चर्चा भी जोरों पर है कि जिले में बैठे एक कद्दावर अधिकारी अपनी राजनीतिक जमीन तैयार करने के लिए भानुप्रतापपुर पर मेहरबान हैं। सूत्रों और चर्चाओं के अनुसार, उक्त अधिकारी भविष्य में भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ने की योजना बना रहे हैं और इसी उम्मीद में भानुप्रतापपुर में विकास कार्यों का 'ओवरडोज' दे रहे हैं। लोग अब दबी जुबान में चेतावनी दे रहे हैं कि यदि अन्य विधानसभा क्षेत्रों के हक का पैसा और संसाधन केवल व्यक्तिगत राजनीतिक फायदे के लिए एक ही जगह खपाए जा रहे हैं, तो जनता इसका हिसाब लेगी। 'जैसी करनी वैसी भरनी' की कहावत के साथ जनता यह संदेश दे रही है कि पक्षपातपूर्ण विकास किसी की राजनीतिक नैया पार नहीं लगा सकता।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com